रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹72000 10 ग्राम
₹93000 01 किलो
सेंसेक्स 80,845.75 +597.67
डॉलर 84.724 +0.002

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 03, संवत 2081 | रांची, बुधवार, 04 दिसंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 299, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-10 2 ओलंपिक मेडल जीतने वाली पीवी...

एक नजर

अर्जुन मुंडा के बड़े भाई भीमसेन मुंडा का निधन

रांची। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के बड़े भाई भीमसेन मुंडा का मंगलवार को निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। इस संबंध में अर्जुन मुंडा ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर दुख जताते हुए यह जानकारी दी। वहीं, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के भाई भीमसेन मुंडा के निधन की सूचना मिलने पर शोक जताया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा कि निधन की सूचना मिलने से मन व्यथित है।

राहुल राज की फांसी तामिल करने पर लगी रोक

रांची। सुप्रीम कोर्ट ने रांची में बीटेक की छात्रा की दुष्कर्म के बाद हत्या करने और शव को घर में जला देने के बहुचर्चित केस के अभियुक्त राहुल राज उर्फ रॉकी राज उर्फ अंकित उर्फ राज श्रीवास्तव उर्फ आर्यन की फांसी की सजा तामिल करने पर रोक लगा दी है। जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने मंगलवार को इस मामले की सुनवाई करते हुए निचली अदालत और झारखंड हाईकोर्ट से इस केस का रिकॉर्ड मंगाने का निर्देश दिया है।

सीएम के आदेश पर 5 बेसहारा बच्चों की पढ़ाई व पोषण की हुई व्यवस्था

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश के बाद पांच बेसहारा बच्चों की शिक्षा, राशन, पोषण की व्यवस्था एवं बच्चों की नानी के लिए पेंशन की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) के उपायुक्त को पीड़ित परिवार को हर जरूरी सरकारी योजनाओं से जोड़ने एवं बच्चों की पढ़ाई के लिए व्यवस्था करने का निर्देश दिया था। उपायुक्त ने बताया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी ने असुरा गांव जाकर पीड़ित परिवार से भेंट किया। इस दौरान पता चला कि बच्चों का ना तो आधार कार्ड है और ना ही जन्म प्रमाण पत्र। बुजुर्ग नानी को पूर्व में पेंशन मिलता रहा है, जो किसी कारणवश बंद हो गया था।

जरूरी सूचना

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।

मंत्रियों में 6 से 7 नए चेहरों को मिल सकता है मौका

हेमंत मंत्रिमंडल का गठन कल

नवीन मेल न्यूज नेटवर्क

रांची। हेमंत सोरेन सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार गुरुवार (5 दिसंबर) को होगा। राजभवन के बिरसा मंडप में गुरुवार को दिन में 12:30 बजे मंत्रियों को शपथ दिलाई जाएगी। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने इसकी जानकारी मीडिया को दी है। मिली जानकारी के अनुसार, सरकार ने मंत्रियों के शपथ ग्रहण के लिए गुरुवार को समय निर्धारित करने का आग्रह राजभवन को किया था।

उन्होंने कहा कि इस मंत्रिमंडल में अनुभव और युवा ऊर्जा का समन्वय दिखेगा। राज्य के पांचों प्रमंडलों और महिला, किसान, युवा, मजदूर, हर वर्ग का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होगा। उन्होंने दावा किया कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में यह एक ऐसा दक्ष मंत्रिमंडल होगा, जो चुनाव में जनता से किए गए वादों को पूरा करेगा। यह मंत्रिमंडल पांच साल का कार्यकाल टीम भावना के साथ पूरा करेगा। इसके बाद वर्ष 2029 में जब विधानसभा का चुनाव होगा, तो यह सरकार अपनी उपलब्धियों और विकास कार्यों के साथ जनता के बीच जाएगी।

इधर, मिली जानकारी के अनुसार 11 मंत्री शपथ ले सकते हैं। इनमें झामुमो के छह, कांग्रेस के चार और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के एक मंत्री होंगे। इस बार मंत्रिमंडल में छह से सात नए चेहरों को मौका मिलना तय माना जा रहा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की ओर से चाईबासा के विधायक दीपक बिरुआ, घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन, मधुपुर के विधायक हफीजुल हसन, भवनाथपुर के विधायक अनंत प्रताप देव, जामा की विधायक डॉ लुईस मरांडी और टुंडी के विधायक मथुरा महतो को मंत्री बनाए जाने की संभावना है। वैसे, ईचागढ़ की विधायक सविता महतो और राजमहल के विधायक एमटी राजा के नाम की भी चर्चा चल रही है। कांग्रेस की ओर से जिन चार विधायकों को मंत्री बनाए जाने की संभावना है, उनमें लोहरदगा के विधायक रामेश्वर उरांव, जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी, महागामा की विधायक दीपिका पांडेय सिंह एवं पोड़ैयाहाट के विधायक प्रदीप यादव में कोई एक और कोलेबिरा के विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी के नाम शामिल हैं। रामगढ़ की विधायक ममता देवी, बेरमो के विधायक जयमंगल सिंह और मनिका के विधायक रामचंद्र सिंह के भी नाम की चर्चा है। राजद कोटे से देवघर के विधायक सुरेश पासवान मंत्री बनने की रेस में सबसे आगे बताए जाते हैं। हालांकि, गोड्डा के विधायक संजय सिंह यादव और हुसैनाबाद के विधायक संजय प्रसाद यादव ने भी मंत्री पद के लिए लॉबिंग की है।

विधानसभा का विशेष सत्र नौ से झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र आगामी नौ दिसंबर से शुरू हो सकता है। पहले दिन नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी। 10 दिसंबर को स्पीकर का चयन हो सकता। 11 दिसंबर को राज्यपाल का अभिभाषण हो सकता है।ज्ञात हो कि हेमंत सोरेन ने 28 नवंबर को मुख्यमंत्री के रूप में अकेले शपथ ली थी। झारखंड की 81 सदस्यीय विधानसभा में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाले चार दलों के गठबंधन ने 56 सीटों पर जीत हासिल की है। झारखंड मुक्ति मोर्चा को 34, कांग्रेस को 16, राजद को 04 और सीपीआई एमएल को 02 सीटों पर जीत हासिल हुई है।

चंडीगढ़ में बोले प्रधानमंत्री

नए आपराधिक कानून से औपनिवेशिक युग का अंत

एजेंसी । नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में तीन नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के सफल क्रियान्वयन से राष्ट्र को अवगत कराया और कहा कि नए आपराधिक कानून औपनिवेशिक युग के कानूनों के अंत का प्रतीक हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि न्याय संहिता का मूल मंत्र नागरिक प्रथम है। ये कानून नागरिक अधिकारों के रक्षक और 'न्याय की सुगमता' का आधार बन रहे हैं। पहले एफआईआर दर्ज करवाना बहुत मुश्किल था, लेकिन अब जीरो एफआईआर को कानूनी मान्यता दे दी गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीड़ित को एफआईआर की कॉपी दिए जाने का अधिकार दिया गया है और आरोपित के खिलाफ कोई भी मामला तभी वापस लिया जाएगा, जब पीड़ित सहमत होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि नए आपराधिक कानून हमारे संविधान द्वारा हमारे देश के नागरिकों के लिए कल्पित आदर्शों को पूरा करने की दिशा में एक ठोस कदम है। संविधान और कानूनी विशेषज्ञों की कड़ी मेहनत के बाद देश की नई न्याय संहिता को तैयार किया गया है। मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी के सहयोग से बनी भारत की यह न्याय संहिता भारत की न्यायिक यात्रा में मील का पत्थर साबित होगी।

▸ ये नागरिक अधिकारों के रक्षक और 'न्याय की सुगमता' का बन रहे आधार

मोदी ने कहा कि स्वतंत्रता-पूर्व काल में अंग्रेजों द्वारा बनाए गए आपराधिक कानूनों को उत्पीड़न और शोषण शेष पेज 11 पर

संसद में गूंजा बंगाल-झारखंड का 'आलू विवाद'

सांसद मनीष जायसवाल ने केंद्र से की हस्तक्षेप की मांग

नवीन मेल डेस्क । रांची/नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल और झारखंड के बीच आलू के अंतरराज्यीय व्यापार को लेकर एक हफ्ते से जारी विवाद की गूंज संसद तक पहुंच गई है। हजारीबाग के भाजपा सांसद मनीष जायसवाल ने मंगलवार को लोकसभा में यह मसला उठाया। उन्होंने कहा कि बंगाल सरकार की ओर से झारखंड को आलू की आपूर्ति रोके जाने से गरीबों की परेशानी बढ़ रही है। यह उनके प्रमुख आहार में शामिल है, लेकिन आलू की आवक नहीं होने से इसकी कीमत में उछाल आया है। जायसवाल ने इसे गंभीर मामला बताते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल की सरकार ने झारखंड आ रहे आलू लदे हजारों ट्रकों को रोक दिया। उन्होंने कहा कि अंतरराज्यीय व्यापार पर रोक नहीं लगाया जा सकता। केंद्र सरकार को इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए। ज्ञात हो कि पश्चिम बंगाल की सरकार ने दूसरे राज्यों में आलू की आपूर्ति पर रोक लगा दी है। इसका सबसे अधिक असर झारखंड के बाजारों पर पड़ा है। झारखंड में पूरे साल आलू की जितनी खपत होती है, उसका 60 प्रतिशत हिस्सा बंगाल से आता है। शेष पेज 11 पर

41 डीएसपी को एमएसीपी योजना का मिला लाभ

रांची। झारखंड पुलिस सेवा के 41 डीएसपी को एमएसीपी योजना का लाभ मिला है। अब इन्हें लेवल 10 के तहत वेतन मिलेगा। इस संबंध में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना में कहा गया है कि झारखंड पुलिस सेवा के द्वितीय बैच के पदाधिकारी को एमएसीपी योजना का लाभ उनके संबंध में दायर पीएआईएल और अन्य याचिका के क्रम में सीबीआई केस को लेकर फलाफल से प्रभावित होगी। यह भी कहा गया है कि जिन 41 डीएसपी को एमएसीपी योजना का लाभ दिया गया है, उनके संबंध में किसी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर एमएसीपी योजना का लाभ रद्द कर दिया जाएगा।

उमेडंडा में आपराधिक गिरोह की दहशत

▸ वीकेएस तिवारी संगठन का नाम आ रहा सामने

नवीन मेल संवाददाता

रांची। शहर के बुढ़मू थाना क्षेत्र के उमेडंडा गांव को एक आपराधिक गिरोह ने मंगलवार को बंद करवा दिया। मामले में उग्रवादी संगठन टीएसपीसी से अलग होकर वीकेएस तिवारी संगठन के पहाड़ी जी दस्ता का नाम सामने आ रहा है। जानकारी के अनुसार, सोमवार की रात में पहाड़ी जी दस्ता के चार से पांच सदस्य उमेडंडा पहुंचे थे और बाजार के दुकानदारों के साथ मारपीट करते हुए हथियार का भय दिखाया। उनलोगों ने मंगलवार को दुकान बंद करने का निर्देश दिया और चले गए। इसके बाद मंगलवार को सुबह से ही उमेडंडा में सन्नाटा पसरा रहौ। सभी दुकानें बंद रहीं और वाहन भी नहीं चले। सूचना पाकर थाना प्रभारी रितेश कुमार पुलिस बल के साथ उमेडंडा गए और दुकानदारों से दुकान खोलने का आग्रह किया, लेकिन दुकानदार दुकान खोलने के लिए तैयार नहीं हुए। उमेडंडा में स्थित इंडियन बैंक भी बंद है। उमेडंडा में स्थिति को सामान्य बनाने के लिए पुलिस प्रशासन ने अपनी ओर से प्रयास किया। पुलिस बल उमेडंडा में लगातार पेट्रोलिंग करती रही। पहाड़ी दस्ता के सदस्यों ने उमेडंडा बंद क्यों किया, इसका अभी तक कुछ पता नहीं चल सका है।

बुढ़मू इलाके में उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के साथ-साथ पहाड़ी जी और कुछ आपराधिक गिरोह का आतंक है। यह इलाका बालू तस्करी के लिए जाना जाता है। बालू से मिलने वाली रंगदारी हर गिरोह को मिले, इसलिए सब अपना खौफ कायम करने में लगे रहते हैं। इस बार तो एक छोटे से संगठन ने पूरे गांव को ही बंद करवा दिया। थाना प्रभारी रितेश ने बताया कि गांव वालों को भय मुक्त कर दुकान खुलवाने का प्रयास किया जा रहा है। नक्सली और अन्य आपराधिक संगठन के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इस वजह से भी अब आम लोगों को दहशत में डालने का काम कर रहे हैं। ग्रामीणों को धमकी देने वाले सभी आपराधिक तत्वों की पहचान हो चुकी है और उनकी तलाश में छापेमारी भी हो रही है।

गुणवत्ता व समय सीमा पर ध्यान दें : सीएम

मेकॉन चौक से सिरमटोली चौक तक फ्लाईओवर का किया औचक निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को राजधानी रांची में मेकॉन चौक (वन भवन के नजदीक) से सिरमटोली चौक तक बन रहे फ्लाईओवर का औचक निरीक्षण किया। मौके पर विधायक कल्पना सोरेन एवं राज्य सरकार के वरीय अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने फ्लाईओवर के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों से फ्लाईओवर की विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इस फ्लाईओवर निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समय सीमा पर विशेष ध्यान दें।

फ्लाईओवर निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पूर्व में भी राज्य सरकार के जरिये कांटाटोली से सिरमटोली चौक तक बने फ्लाईओवर परियोजना को निर्धारित समय सीमा से पहले ही राजधानी वासियों को समर्पित किया जा चुका है। मेकॉन चौक (वन भवन के नजदीक) से सिरमटोली चौक तक बन रहा यह फ्लाईओवर भी निर्धारित समय सीमा से पहले ही रांची वासियों को समर्पित किया जा सके, इस निमित्त राज्य सरकार के पदाधिकारी, इंजीनियर एवं फ्लाईओवर निर्माण में लगे श्रमिक पूरी मेहनत और लगन के साथ अपने-अपने कार्य में जुटे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास है कि इस फ्लाईओवर परियोजना का भी जल्द से जल्द शुभारम्भ हो, ताकि लोगों को ट्रैफिक की समस्या से निजात मिल सके। शेष पेज 11 पर

रामगढ़ में रामचंद्र रूंगटा के प्लांट पर जीएसटी टीम ने की छापेमारी

रामगढ़। राज्य के जाने-माने उद्योगपति रामचंद्र रूंगटा के प्लांट में मंगलवार को जीएसटी (गुड्स एंड सर्विस टैक्स) की टीम ने छापेमारी की। रामगढ़ जिले के अरगड्डा रोड स्थित झारखंड इस्पात, बरकाकाना इलाके के मां छिन्नमस्तिका स्पंज आयरन और कुजू ओपी क्षेत्र के आलोक स्टील प्लांट के अलावा रामगढ़ शहर में जहाज कोठी में बने कार्यालय में छापेमारी हुई। जानकारी के अनुसार, जीएसटी के अधिकारियों को संदेह है कि रामचंद्र रूंगटा अपने फर्म के माध्यम से सरकारी टैक्स की चोरी कर रहे हैं। सभी ठिकानों पर जीएसटी के अधिकारियों ने एक साथ छापेमारी की।

पैकेज्ड ड्रिंक्स 'हाई रिस्क फूड कैटेगरी' में हुए शामिल

एजेंसी । नई दिल्ली (हि.स.)

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने पैकेज्ड ड्रिंक्स और मिनरल वाटर को 'हाई रिस्क फूड कैटेगरी' में शामिल किया है। इसका अर्थ यह है कि अब मिनरल वाटर बनाने वाली कंपनी को अपने पैकेज्ड पानी के मानदंडों की जांच थर्ड पार्टी से करानी होगी। इस संबंध में एफएसएसएआई ने 29 नंवबर को अपने आदेश में एफएसएसएआई की जोखिम-आधारित निरीक्षण शेड्यूलिंग नीति को संशोधित किया है। इसमें पैकेज्ड ड्रिंक्स और मिनरल वाटर उद्योग के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) से प्रमाणन प्राप्त करने की अनिवार्य शर्त को समाप्त कर दिया गया।

केंद्र सरकार ने कुछ उत्पादों के लिए अनिवार्य भारतीय मानक ब्यूरो प्रमाणन की चूक के परिणामस्वरूप यह निर्णय लिया गया है कि 'पैकेज्ड ड्रिंक्स और मिनरल वाटर' को 'हाई रिस्क फूड कैटेगरी' के अंतर्गत माना जाएगा। एफएसएसएआई के आदेश में कहा गया है कि यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि अन्य खाद्य उत्पाद, जिनके लिए बीआईएस प्रमाणीकरण अनिवार्य था, उन्हें पहले से ही एफएसएसएआई की जोखिम-आधारित निरीक्षण शेड्यूलिंग नीति के तहत हाई रिस्क कैटेगरी वाली श्रेणियों के रूप में पहचाना गया है। शेष पेज 11 पर

इंडिया

महिलाओं की बदलती भूमिकाएं और राजनीति

सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

इस बार झारखंड और महाराष्ट्र में पुरुषों से अधिक मतदान कर महिलाओं ने इतिहास रच दिया जबकि भारत में आज महिलाओं की जो भी स्थिति है उससे कुछ अलग प्राचीन काल में अवश्य थी क्योंकि आज भी जनजातीय समाज जो आधुनिक रीति रिवाज से बहुत ज्यादा प्रभावित नहीं हुए उनमें महिलाओं को न तो बंधन में बांधा जाता है और न भोग्या की दृष्टि से देखा जाता है। प्राचीन भारत में जो परंपराएं थीं उनकी झलक धार्मिक ग्रंथों के अलावा लोककथाओं में देखने को मिलती है जो श्रुति परंपरा से पीढ़ियों में हस्तांतरित होती है न कि किसी के द्वारा रचित कपोल कल्पना से जैसा कुछ कथित विद्वान आख्यान प्रस्तुत करते हैं । महिला बेटी, बहू, मां, बहन, पत्नी, दादी, नानी जैसे रूपों में हमारे जन्म से मृत्यु तक किसी न किसी भूमिका में रहती हैं। पर आज के आधुनिक वैश्विक सामाजिक ढांचे और आर्थिक एवं सांस्कृतिक खांचे में महिलाएं प्रचार में बहुत दिखतीं हैं पर इस सशक्तिकरण के शोर में क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार देश में प्रतिदिन कम-से-कम 87 महिलाओं के विरूद्ध बलात्कार के मामले सामने आते हैं।प्रत्येक घंटे हमारा देश तीन से भी अधिक महिलाओं के साथ बलात्कार की निर्मम घटनाओं और दरिंदगी का साक्षी बनता है। दुर्भाग्य से यह आंकड़ा भी अंतिम और संपूर्ण नहीं माना जा सकता, क्योंकि यह तो सिर्फ उन घटनाओं को ही रेखांकित करता है, जिनकी रिपोर्ट पुलिस थानों में दर्ज की जाती हैं। निश्चित रूप से इनके अलावा भी देश भर में बलात्कार और दरिंदगी के न जाने कितने ही मामले नित्य प्रति घटित होते रहते होंगे, जिनका कोई आधिकारिक रिकॉर्ड नहीं होता है। कई बार तो पीड़िताएं स्वयं ही समाज के भय अथवा लोक-लाज के कारण बलात्कार की घटनाओं को छिपा देती हैं या उनके ऊपर माता-पिता और परिवार वालों का भारी दबाव होता है। अनेक बार ऐसा भी होता है कि बलात्कारी ही इतने दबंग होते हैं कि अपने वर्चस्व के कारण बलात्कार करने के बाद पीड़िताओं को डरा-धमकाकर रिपोर्ट दर्ज नहीं कराने देते। वहीं, कई बार तो रिपोर्ट दर्ज करने के मामले में पुलिस की भी असंवेदनशीलता और गैर-जिम्मेदारी सामने आती रहती है। इसलिए महिलाओं के विरूद्ध घटित होती रहने वाली बलात्कार की घटनाओं की सही संख्या बता पाना किसी के लिए भी मुश्किल है। संभव है कि यह संख्या सैकड़ों में हो। बलात्कार की घटनाओं को छिपाने के लिए पीड़िताओं के ऊपर माता-पिता और परिवार वाले प्रायः इसलिए दबाव बनाते हैं, क्योंकि उनकी मान्यता यह होती है कि यदि बेटी के बलात्कार की घटना का प्रचार हो गया तो उसका ब्याह नहीं हो पाएगा। अभी झारखंड और महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में महिलाओं को टिकट देकर सशक्त करने और नेतृत्व में भागीदारी बढ़ाने के दावे किए जा रहे हैं पर बिहार की तरह झारखंड में भी मुखियापति,विधायकपति जैसे शब्द वास्तविकता बयान करते हैं । सभी महिलाओं के पति ही असली जनप्रतिनिधि होते हैं ऐसी भी बात नहीं पर यह भी सच है कि कुछ महिलाएं ही स्वतंत्र निर्णय ले पाती हैं कहीं न कहीं उनके ऊपर परिजन का दबाव रहता ही है । हालांकि संतोष की बात यह है कि यह इन महिलाओं के लिए एक राजनीतिक प्रशिक्षण की तरह है जिससे वे सार्वजनिक जीवन की समस्याओं का सामना करते या देखते घर चलाने के अलावा गांवों से लेकर राज्य की सरकार चलाने में मुखर हो रहीं हैं जिनमें जनजातीय महिलाओं की भी बड़ी समस्या है । तेजस्विनी झारखंड सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही परियोजना थी झारखंड महिला विकास सोसाइटी द्वारा झारखंड राज्य के 17 जिलों की 14-24 वर्ष की आयु वर्ग की 2,40,000 किशोरियों और युवा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए लागू की जा रही थी । चार मॉड्यूल, यानी लचीलापन और सॉफ्ट स्किल्स, स्वास्थ्य और पोषण, अधिकार और संरक्षण और वित्तीय साक्षरता पर परिचयात्मक प्रशिक्षण के बाद जीवन कौशल प्रशिक्षण निर्धारित परियोजना टीम लगभग 80,000 एजीवाइडब्ल्यू को दिए जाने वाले जीवन कौशल प्रशिक्षण के सभी चार मॉड्यूल को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करनी थी । विश्व बैंक संपोषित 540 करोड़ रुपये की लागतवाली तेजस्विनी परियोजना में 205 करोड़ रुपये खर्च हो चुके पर कुप्रबंधन और सीबीआइ जांच के कारण परियोजना बंद हो गई और महिलाओं को सशक्त बनाने का प्रयास अधूरा रह गया । अच्छी बात यह है कि बड़ी संख्या में सरकारी और निजी स्कूलों में पढ़ रहीं लड़कियां अब महिला सिपाही,सहायक पुलिसकर्मी,समाज कल्याण विभाग में सहायिका सेविका जैसी अस्थायी/स्थायी नौकरियों से लेकर बड़े सरकारी पदों तक में जा रहीं है पर दुखद यह है कि भ्रष्ट तंत्र का सामना करती हुई वे भी लेनदेन संस्कृति सीख रहीं हैं । समाज कल्याण विभाग अलग से कुछ योजनाएं चलाने के बजाय खानापूर्ति में ही लगा है जिससे भविष्य भी उज्ज्वल नहीं दिखता । राजनीति से जुड़ी कुछ महिलाएं अवश्य सशक्त होकर उभरी हैं ।

सीईसी की नियुक्ति का मामला

सीजेआई न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने खुद को किया अलग

एजेंसी । नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने उस याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया है, जिसमें भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) को मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करने वाली समिति से हटा देने वाले कानून को चुनौती दी गई है। यह मामला अब एक अलग पीठ को सौंपा गया है और अगली सुनवाई छह जनवरी 2025 को होगी।

मुख्य न्यायाधीश खन्ना ने याचिकाकर्ताओं के वकील गोपाल शंकरनारायणन और प्रशांत भूषण से कहा कि पहले की पीठ ने इस मामले में अंतरिम आदेश दिए थे। उन्होंने यह भी कहा कि अब इस मामले की सुनवाई शीतकालीन अवकाश के बाद एक अलग पीठ द्वारा की जाएगी। मुख्य न्यायाधीश ने केंद्र और अन्य संबंधित पक्षों को निर्देश दिया कि वे इस बीच बीच जनहित याचिकाओं पर जवाब दाखिल करें।

▸ अब इस मामले की सुनवाई शीतकालीन अवकाश के बाद एक अलग पीठ करेगी।

राज्यपाल व सीएम ने डॉ राजेंद्र प्रसाद को दी श्रद्धांजलि

देश के प्रथम राष्ट्रपति एवं महान स्वतंत्रता सेनानी भारत रत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनायी गयी। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार एवं सीएम हेमन्त ने राजेंद्र चौक (डोरंडा) स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया।

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने डॉ राजेंद्र प्रसाद और अल्वर्ट एक्का को दी श्रद्धांजलि

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जयंती एवं परमवीर चक्र से सम्मानित शहीद लांस नायक अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि पर राज भवन में दोनों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

केंद्र महिलाओं के विकास के लिए प्रतिबद्ध है : अन्नपूर्णा देवी

नवीन मेल संवाददाता

रांची। प्रधानमंत्री ने कहा है कि 'अगर हमारी आधी आबादी घर में बंद है तो हम सफलता हासिल नहीं कर सकते' हमारी सरकार का प्रयास है कि हम अपनी बेटियों, बहनों को सशक्त, सुरक्षित और महिला विकास से महिलाओं ने विकास का नेतृत्व का सबसे बड़ा प्रतीक - नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 है। उक्त बातें केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि 2013-14 के बजट में महिलाओं के लिए लगभग 97 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान था, जिसे 2024-25 में बढ़कर 3 लाख करोड़ रुपए से अधिक कर दिया गया है। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि

अजीविका मिशन में लगभग 10 करोड़ महिलाओं का सशक्तीकरण व लखपति दीदी का लक्ष्य तीन करोड़ है। 1 करोड़ से अधिक प्राप्त प्रधानमंत्री जन धन योजना में 55.6 प्रतिशत खाताधारक महिलाएं हैं। अन्नपूर्णा देवी कहा कि हमारी केंद्र की सरकार महिलाओं के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन में 11 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण, उज्ज्वला योजना 10 करोड़ से भी अधिक महिलाओं को गैस कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास योजना में चार करोड़ से अधिक पक्के मकान जिनमें 70 प्रतिशत से अधिक की मालकिन महिलाएं हैं। 3.5 करोड़ से ज्यादा कृषि सखियां, पशु सखियां, बैंक सखियां और बीमा सखियां गांव गांव में समर्पित सिपाही की तरह हर कदम पर महिलाओं को आगे बढ़ाने में मदद कर रही हैं। मुद्रा लोन योजना - 68 प्रतिशत महिला लाभार्थी स्टैंड अप इंडिया - 50 हजार करोड़ रुपए से अधिक के ऋण स्वीकृत 78 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं।

भारी उद्योग मंत्री से मिले केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ

एचईसी के पुनरुद्धार पर हुई चर्चा

नवीन मेल संवाददाता

रांची। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नई दिल्ली में भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमार स्वामी से मुलाकात किया। इस दौरान रांची स्थित एचईसी के पुनरुद्धार सहित कई विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। श्री सेठ ने बताया कि बहुत जल्द ही एचईसी के मुद्दे पर उच्च स्तरीय बैठक बुलाई जाएगी और सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे।

कांची नदी के हरीन घाट पुल को दीवार खड़ा कर बंद किए जाने का मामला सीएम के पास पंहुचा

सोनाहातु पूर्वी क्षेत्र के सात पंचायतों के लगभग 50 हजार ग्रामीणों का प्रखंड मुख्यालय से सम्पर्क टूटा

नवीन मेल संवाददाता

रांची। सोनाहातु मिलन चौक पथ पर कांची नदी के हरीन घाट में स्थित पुल को द्वार खड़ा कर बंद किए जाने का मामला मुख्यमंत्री के पास पहुंच गया है। अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ के प्रधान महासचिव भरत चन्द्र महतो एवं मीडिया प्रभारी मृत्युंजय प्रसाद ने मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि सोनाहातु प्रखंड अंतर्गत सोनाहातु मिलन चौक पथ स्थित कांची नदी के हरीन घाट में बने पुल

को पथ निर्माण विभाग 29 नवंबर को दीवार खड़ा कर बंद कर दिया गया है। जिससे सोनाहातु पूर्वी क्षेत्र के सात पंचायतों के लगभग 50 हजार ग्रामीणों का प्रखंड मुख्यालय सोनाहातु से सम्पर्क टूट गया है। उल्लेखनीय है कि बालू माफियाओं के द्वारा पुल के नीचे से बालू का अवैध खनन करने के कारण वर्ष 2004 में निर्मित उच्च स्तरीय पुल वर्ष 2016 में क्षतिग्रस्त हो गया है। लेकिन इस पुल से छोटी-बड़ी गाड़ियों का आवागमन जारी रहा। इधर 29 नवंबर को अचानक पथ निर्माण विभाग के द्वारा पुल में दीवार खड़ा कर बंद कर दिया गया है। जिससे इस क्षेत्र के ग्रामीणों को प्रखंड मुख्यालय आने जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पुल के बंद कर दिये जाने के कारण ग्रामीणों को मजबूरन अतिरिक्त 25-30 किलोमीटर की दूरी तय कर प्रखंड मुख्यालय आना जाना करना पड़ रहा है। करीब पांच हजार-छात्राओं को स्कूल एवं कॉलेज जाने, एवं बीमार लोगों को एम्बुलेंस से अस्पताल जाने एवं किसानों को प्रतिदिन सब्जी बेचने जाने में भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में कहा गया है कि सोनाहातु पूर्वी क्षेत्र के सात पंचायतों के 50 हजार ग्रामीणों के लिए यह पुल लाईफ लाईन के समान है, लेकिन पथ निर्माण विभाग के द्वारा बिना वैकल्पिक व्यवस्था किये ही लाईफ लाईन पुल पर दीवार खड़ा कर दिया गया है। श्री महतो एवं श्री प्रसाद ने मुख्यमंत्री से पुल को बंद किये जाने के कारण ग्रामीणों की हो रही परेशानी को देखते हुए कांची नदी पर वैकल्पिक व्यवस्था के तहत डायवर्सन बनाने का कार्य अविलंब कराने की मांग की है।

सिटी एसपी ने की थाना प्रभारियों के साथ बैठक

चैन स्नैचिंग और आर्म्स एक्ट के अपराधियों का डेटा तैयार करने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

रांची। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शहर के सभी थानेदार और डीएसपी क्राइम के साथ बैठक की। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। चेन स्नेचिंग और आर्म्स एक्ट के अपराधियों के खिलाफ पुलिस शक्ति बरतेगी, चेन स्नेचिंग की घटना में शामिल अपराधियों का पूरा डाटा तैयार किया जाएगा। सिटी एसपी ने अपराधियों के बायोग्राफी तैयार करने के लिए सभी थाना प्रभारी को निर्देश दिया है। इसके साथ ही उन्होंने आर्म्स एक्ट के अपराधियों का डाटा और गैंग के साथ लिस्ट तैयार करने का भी निर्देश दिया है।

स्कूल व कॉलेज के आस पास रहेगी पेट्रोलिंग गश्ती की तैनाती : सिटी एसपी

स्कूल और कॉलेज के आसपास पेट्रोलिंग और गश्ती को और मजबूत किया जाएगा। स्कूल और कॉलेज की छुट्टी के समय थाना प्रभारी अलर्ट रहेंगे इसके साथ ही रात्रि गश्ती में तैनात पुलिस कर्मियों को संघन जांच करने का भी निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही रांची पुलिस चेन स्नेचिंग की घटना में शामिल अपराधियों के द्वारा कमाई गई संपत्ति को भी जब्त करने की तैयारी कर रही है।

झारखंड सरकार प. बंगाल में धान निर्यात बंद करे : एफजेसीसीआई

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अहारी उप समिति की बैठक चेंबर भवन में हुई। प्रदेश में आलू की आपूर्ति और झारखंड सरकार द्वारा धान की खरीदी पर बैठक में चर्चा हुई। कहा गया कि पश्चिम बंगाल द्वारा झारखंड में 28 नवंबर से आलू आपूर्ति बंद किये जाने के कारण प्रदेश में आलू के खुदरा मूल्य में 10 रू0 तक वृद्धि हुई है जिस कारण यहां की 3 करोड़ से अधिक आबादी प्रभावित हो गई है। उपभोक्ता उंचे दर पर आलू की खरीदी के लिए विवश हैं। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा

कि झारखंड में 90 फीसदी आलू की आपूर्ति बंगाल से होती है। बंगाल से आलू आपूर्ति बंद होने के कारण व्यापारी विवश होकर उत्तर प्रदेश और पंजाब से आलू मंगाकर झारखंड में वितरण कर रहे हैं। इस कारण आलू के क्रय पर 2 से 3 रू0 प्रति किलोग्राम अतिरिक्त भाड़ा लग रहा है। साथ ही उत्तर प्रदेश और पंजाब से आलू के ट्रांसपोर्टेशन में तीन दिन लग रहा है जबकि पश्चिम बंगाल से पूरे झारखंड में 12 घंटे के अंदर आलू का परिवहन हो जाता है। महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि बंगाल से आलू नहीं आने के कारण झारखंड से सब्जियों का ट्रांसपोर्टेशन भी प्रभावित हो रहा है। बंगाल सरकार को इसकी भी समीक्षा करनी चाहिए।

वकीलों के लिए स्वीकृत राशि कब तक जारी होगी : हाई कोर्ट

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने अधिवक्ता कल्याण निधि ट्रस्टी कमेटी को स्वीकृत नौ करोड़ के अनुदान पर सरकार से जवाब मांगा है। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने सरकार को 17 दिसंबर तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि सरकार ने ट्रस्टी कमेटी के लिए नौ करोड़ का अनुदान दिया है। हाईकोर्ट के अधिवक्ता मोहम्मद शादाब ने इस संबंध में याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया है कि स्टांप ड्यूटी से मिलने वाले वेलफेयर फंड का उपयोग वकीलों को दिए जाने वाले पेंशन, डेथ क्लेम एवं स्टाइपेंड के अलावा बीमा में किया जाए।

बीएयू में कृषि शिक्षा दिवस का आयोजन, बोले डॉ एससी दुबे

राजेंद्र बाबू की सादगी व सेवा भाव से सीख लेने की जरूरत

नवीन मेल संवाददाता

रांची। देश के प्रथम कृषि मंत्री एवं प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद का जन्मदिवस बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में कृषि शिक्षा दिवस के रूप में मनाया गया। बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे ने कहा कि नयी सोच वाले मेधावी विद्यार्थी कृषि पाठ्यक्रम में आएंगे तभी कृषि क्षेत्र का विकास तेजी से होगा। केवल पैकेज के पीछे भागने के बजाय नई पीढ़ी को भीड़ से अलग हटकर कुछ करने और अपनी विशिष्ट पहचान बनाने का प्रयास करना चाहिए। यह सुखद पहलू है कि आईआईटी और आईआईएम से

पढ़ने वाले बहुत से विद्यार्थी कृषि क्षेत्र से जुड़ रहे हैं और परिदृश्य में बदलाव के लिए काम कर रहे हैं। कृषि को केवल आजीविका का साधन नहीं बल्कि व्यवसाय बनाना होगा तभी लाभ बढ़ेगा।

राज्य में आलू की कमी की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड में आलू की फसल थोड़ा विलंब से तैयार होती है इसलिए बंगाल पर निर्भर रहना पड़ता है। बीएयू आलू की अगात किस्मों के विकास पर शोध करेगा ताकि दूसरे राज्यों पर निर्भरता नहीं रहे। साथ ही राज्य में कोल्ड स्टोरेज की संख्या में पर्याप्त वृद्धि करनी होगी ताकि यहां की फसल भावी जरूरतों के लिए संरक्षित रखी जा सके। उन्होंने कहा कि डॉ राजेंद्र प्रसाद के सादा जीवन उच्च विचार, सेवा भाव और वैचारिक समन्वय के आदर्श को आत्मसात करने की आवश्यकता है। कुलपति ने कहा कि राजेंद्र बाबू द्वारा लिखित पुस्तकें यदि उपलब्ध होंगी तो उन्हें मंगाकर बीएयू के पुस्तकालयों में रखा जाएगा। एक अग्रणी लेखक, संपादक, अधिवक्ता, समाजसेवी और राजनेता होने के बावजूद वह घर की सफाई खुद करना पसंद करते थे। सुविधा सम्पन्न घर छोड़कर पटना के सदाकत आश्रम की मड़ई में रहना पसंद करते थे और प्रतिदिन भूंजा खाने के शौकीन थे।

संवैधानिक पदों पर जानकार लोग हों पदस्थापित

काजल मेहता

रांची। झारखंड में संवैधानिक पदों पर राजनीति से जुड़े सदस्यों की नियुक्ति क्यों नहीं की जानी चाहिए यदि की गई है तो इससे नफा और नुकसान क्या है। इस विषय पर हमने बात की अधिवक्ता सह बिरसा मुंडा कारागार में एडवाइजरी कमेटी की बोर्ड मेम्बर विशेष रूप से महिला सेल ऑबजर्वेशन में काम कर चुकी मौजूदा में सीडब्ल्यूसी खूंटी की अध्यक्ष तनुश्री सरकार से जिन्होंने संवैधानिक पदों पर कैसे लोग पदस्थापित होने चाहिए जैसे तथ्यों को स्पष्ट किया। वहीं कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता सोनल शांति और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष प्रतुल शाहदेव ने भी इस विषय पर अपना तर्क दिया।

संवैधानिक पदों पर राजनीति से जुड़े लोग नहीं हों पदस्थापित : तनुश्री सरकार

तनुश्री सरकार ने झारखंड में महिला आयोग में अध्यक्ष बनाए जाने पर कहा- इस बार झारखंड सरकार जनता के लिए झारखंड की आधी आबादी के लिए बेहतर करेगी। सरकार ने इसकी शुरूआत पहले ही कर दी है। मंईयां सम्मान योजना के जरिए। उन्होंने कहा कि सरकार से पूरी उम्मीद है महिला आयोग में इस बार अध्यक्ष की नियुक्ति जरुर होगी। साथ ही संवैधानिक पदों पर राजनीति से संबंध रखने वाले लोग पदस्थापित है जिस पर उन्होंने कहा- संवैधानिक पदों पर राजनीति से जुड़े लोगों को पदस्थापित नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य की जनता मतदान करती है तो मतदान और समर्थन के जरिए जनता किसी ना किसी पार्टी से जुड़ी है लेकिन यह जुड़ना अलग है। जो लोग सीधे तरीके से किसी पार्टी से ताल्लुक रखते हैं उनके संवैधानिक पदों पर पदस्थापित होने से कहीं ना कहीं नैतिक अन्याय देखने को मिल सकता है। जितने लोग मौजूदा में संवैधानिक पदों पर पदस्थापित है उनकी सदस्यता खारिज किया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि संवैधानिक पदों पर वैसे ही लोगों को पदस्थापित किया जाना चाहिए जो लोग राजनीति से कम और समाज से ज्यादा जुड़े हो, समाज कल्याण के हित के लिए काम करें, मास्टर डिग्री हो, एजुकेशन फील्ड पूरा हो, समाज कल्याण के लिए या किसी संवैधानिक पदों पर काम करने की जानकारी हो, साथ ही 5 से 10 वर्षों तक का तजुर्बा हो, जो भी मानदंड है उसके अनुसार ही संवैधानिक पदों पर पदस्थापित किया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने बाल विभाग के बारे में कहा बाल विभाग में बच्चों के अनुकूल ही सदस्य या अध्यक्ष होना चाहिए। झारखंड में बनी सरकार से ऐसी उम्मीद है। सरकार जनता के अनुकूल ही काम करेगी।

संवैधानिक पदों पर संविधान और कानून के जानकार हों पदस्थापित : सोनल शांति

कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता सोनल शांति ने कहा- निश्चिंत रूप से नेचुरल जस्टिस के मुताबिक संवैधानिक पदों पर संविधान और कानून के जानकार लोगों को पदस्थापित करना चाहिए। उन्होंने कहा एक लम्बे समय से ये होता आया है कि संवैधानिक पदों पर राजनीति से जुड़े लोगों को पदस्थापित किया जाता रहा है। उन्होंने केंद्र और भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा- राष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक से जुड़े लोगों को पदस्थापित किया जाता रहा है। लेकिन झारखंड सरकार का मानना है कि संवैधानिक पदों पर शिक्षित और जानकार लोगों को ही पदस्थापित किया जाना चाहिए। वहीं महिला आयोग में अध्यक्ष की नियुक्ति के सवाल पर उन्होंने कहा- पिछले पांच वर्षों में सरकार के कार्यकाल में कई अड़चने आई। कभी कोरोना तो कभी जांच एजेंसियां जिस कारण कई काम अधूरे रह गए हैं। लेकिन अबकी बार सरकार जनता के लिए काम करेगी और महिला आयोग पर विशेष ध्यान देगी।

संवैधानिक पदों पर योग्य लोग हो पदस्थापित : प्रतुल

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा झारखंड में उन संवैधानिक पदों पर राजनीति से जुड़ें लोगों को पदस्थापित करना गलत नहीं होगा, जिन संवैधानिक पदों पर बंधन ना हो। साथ ही उन्होंने कहा योग्य और जानकार लोगों की नियुक्ति संवैधानिक पदों पर होनी चाहिए। जिन पदों पर बंधन नहीं है वहां राजनीति से जुड़े लोग जिन्हें जानकारी हो उन्हें पदस्थापित करना सही होगा। प्रतुल ने कहा कि राज्य महिला आयोग में अध्यक्ष की नियुक्ति ना होना विडम्बना है। उन्होंने कहा सरकार यदि मंईयां सम्मान योजना के प्रति सक्रिय है तो आयोग में अध्यक्ष की नियुक्ति करना चाहिए। साथ ही महिला आयोग में जो पुराने आवेदन और मामलें पांच वर्षों से पेंडिंग है उन पर ध्यान देना चाहिए।

पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का किया खुलासा, सात गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

रांची। रांची पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का किया खुलासा । एसएसपी चंदन सिन्हा को मिली सूचना के सत्यापन के लिए सिटी एसपी राजकुमार मेहता के नेतृत्व में पुलिस की टीम की गठन कर छापामारी कर कार्रवाई की गई। चोरों के पास से चोरी की पांच बाइक, एक स्कूटी और एक पिस्टल बरामद किया गया। गिरफ्तार चोरों में तनवीर आलम, अर्जुन महतो, वासुदेव दास, रोशन दास, भरत दास, गुफरान खान और आमिर अंसारी शामिल है। सिटी एसपी राज कुमार मेहता ने लालपुर थाना परिसर में मंगलवार की सुबह प्रेसवार्ता कर पूरे मामले की जानकारी दी। चोर गिरोह के सदस्य ने पुलिस के समक्ष खुलासा किया है कि वह रांची शहर के विभिन्न जगहों से मोटरसाइकिल की चोरी करते थे। इसके बाद गूगल से पुराने मोटरसाइकिल का नंबर प्राप्त कर, चोरी की मोटरसाइकिल का नंबर बदल देते थे और अपने साथियों के सहयोग से शहर के बाहर मोटरसाइकिल को भेज देते थे।

राज्यस्तरीय कला महोत्सव का रंगारंग आगाज

कलात्मक प्रतिभा को करियर के रूप में निखारें : शशि रंजन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रातू स्थित झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद में मंगलवार से 'कला महोत्सव' की शुरूआत हुई। माध्यमिक स्तर के विद्यार्थी अपनी कलात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित करेंगे। दो दिनों तक चलने वाले कला महोत्सव के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन मौजूद रहे। इसके अलावा पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, जेसीईआरटी के उपनिदेशक प्रदीप चौबे, एसडीईओ नवीन बारा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। उद्घाटन कार्यक्रम की शुरुआत गिरिडीह की छात्राओं द्वारा 'मन की वीणा' संगीत के साथ की गयी। छात्राओं की ममोहक प्रस्तुति के बाद पद्मश्री मधु मंसूरी ने 'झारखंड कर कोरा' गीत प्रस्तुत कर समा बांध दिया। मौके पर राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। वहीं कलात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित कर भविष्य में इसे एक करियर विकल्प के रूप में निखारने की सलाह दी। शशि रंजन ने अपने जीवन का उदहारण देते हुए प्रतिभागियों को देश की सबसे कठिन परीक्षा 'संघ लोक सेवा आयोग' में भी कलात्मक प्रतिभाओ के महत्त्व पर प्रकाश डाला। शशि रंजन ने कहा कि नयी शिक्षा नीति 2020 की अवधारणा के अनुरूप कला उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसका बच्चो में समग्र और व्यापक शिक्षा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान है।

शराब पीकर कला का प्रदर्शन करना संस्कृति का अपमान है : मधु मंसूरी

पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित मधु मंसूरी ने कहा कि आज कल शराब पीकर कला का प्रदर्शन करना एक फैशन बन गया है। यह ना केवल कला संस्कृति का बल्कि भारतीय भूमि का भी अपमान है। उन्होंने कहा कि कला के प्रदर्शन और उसे सीखने में व्यस्त रहना हमें स्वस्थ जीवन और सुख देता है। राज्यस्तरीय कला महोत्सव 2024 में कुल छह कला विधाओं में विजेताओं को प्रतिभा के प्रदर्शन का अवसर मिलेगा। इनमें शास्त्रीय संगीत, संगीत वादन, नृत्य, थियेटर, दृश्य कला और पारंपरिक कहानी वाचन शामिल है। इन विधाओं के विजेताओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में 25,000, 20,000 और 15000 रुपये का नकद इनाम मिलेगा। साथ ही इन्हे प्रमाण पत्र भी मिलेगा। विजेता प्रतिभागियों को नयी दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कला महोत्सव में झारखण्ड का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।

कला को प्रोत्साहित करने के लिए शिक्षा विभाग प्रतिबद्ध है : धीरसेन सोरेंग

राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग ने कहा कि शिक्षा विभाग और झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद कला को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कला महोत्सव भाषा, संस्कृति और स्थानीय प्रतिभाओं के प्रोत्साहन के लिए एक बेहतरीन मंच है। कला संस्कृति हमारी धरोहर है, हमारा कर्तव्य है कि हम इसे जीवन पर्यन्त भर कर रखे।

बैंक कार्यों में तेजी लाकर लक्ष्य को करें पूरा : डीसी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में जिला परामर्शदात्री समिति (डीसीसी), जिलास्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) एवं ऋण जमा अनुपात निगरानी उपसमिति की बैठक आयोजित हुई। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक, रांची, जिला सहकारिता पदाधिकारी, नाबार्ड एवं सभी संबंधित बैंकों के पदाधिकारी/प्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक में उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा सीडी रेशियो, एनुअल क्रेडिट प्लान, मुद्रा ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड, एसएचजी क्रेडिट लिंकेज, पीएमईजीपी, पीएमएफएमई आदि की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

सभी सीडी रेशियो की बैंकवार समीक्षा करते हुए उपायुक्त द्वारा खराब प्रदर्शनन करनेवालें बैंकों को सुधार करने का निर्देश दिया गया। अभी सीडी रेशियो 46.28 प्रतिशत हैं जिसे बढ़ाने का निर्देश दिया गया।

डीसी ने खराब प्रदर्शन करने वालें बैंकों को सुधार करने का निर्देश दिया रेशियो 46.28 प्रतिशत हैं जिसे बढ़ाने का दिया निर्देश

किसान क्रेडिट कार्ड में सालाना वार्षिक योजना में दिए गए लक्ष्य की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी शाखा प्रबंधकों को लक्ष्य ससमय पूरा करने के निर्देश दिये। प्रखंडवार लंबित आवेदनों के जल्द निष्पादन का निर्देश, केसीसी के स्वीकृत आवेदनों का ऋण आवेदकों को उपलब्ध कराने का निर्देश सभी बैंकों को दिया गया।

मुद्रा लोन और स्वयं सहायता समूहों को ऋण प्रदान करने की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी बैंकों को कार्य में तेजी लाते हुए लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया गया। आरएसईटीआई एवं आरयूडीएसईटी के कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त द्वारा विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में ज्यादा से ज्यादा जरुरतमंदों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये।

न्यूज बॉक्स

इमोशनल फिटनेस पर कार्यशाला का आयोजन

रांची। संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन के आईक्यूएसी सेल द्वारा इमोशनल फिटनेस विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। रिसोर्स पर्सन के रूप में माइंडसेट कोच एवं फाउंडर निवेदिता चंद्रा उपस्थित थीं। अपने संबोधन में उन्होंने भावात्मक संतुलन एवं समायोजन के तकनीक एवं उपायों को प्रैक्टिकल सेशन के द्वारा समझाया। मौके पर संस्थान की एकेडमिक डायरेक्टर डॉक्टर अदिति ने दैनिक जीवन में इमोशनल ट्रेनिंग को आवश्यक बताया।

50 दिव्यांगों को मिला व्हील चेयर व अन्य सामान

रांची। सेल व आरडीसीआईएस ने अंतर राष्ट्रीय विकलांगता दिवस पर नामकुम प्रखण्ड के कुटियातु पंचायत भवन में 50 दिव्यांग्जनों तथा वरिष्ठ नागरिकों को व्हील चेयर, व्हील चेयर कमोड, वॉकर, घुटने का बेल्ट, कमर का बेल्ट, सिलिकॉन कुसन इत्यादि प्रदान किया। सेल व आरडीसीआईएस ने यह आयोजन अपने सीएसआर योजना के तहत एएलआईएमसीओ के साथ मिलकर किया। इस मौके पर सेल के तरफ से सीजीएम (एचआर) एवं सीएसआर हेड एसजे जाचक, डीजीएम (सीएंडएम) गोपाल कृष्णा, सेल सीएसआर से राहुल श्रीवास्तव, लक्ष्मण कुमार एवं निखिल उरांव उपस्थित थे। एएलआईएमसीओ की तरफ से अविनाश सिन्हा और विवेक उपस्थित थे। कुटियातु पंचायत की मुखियानिशा उरांव के साथ अंजलि, ज्योति, संतोषी, किरण तथा अन्य महिलाओं ने इस मौके पर अपने अपने स्तर से इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया।

आजसू ने कुलपति से की बीपीएड कोर्स शुरू करने की मांग

रांची। अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का प्रतिनिधि मंडल रांची विश्वविद्यालय के कुलपति से मिलकर ज्ञापन सौंपा। वहीं मांग किया कि बीपीएड कोर्स सत्र 2025- 26 से शुरू की जाय। एसएस मेमोरियल कॉलेज एवं रामलखन सिंह यादव कॉलेज की बिल्डिंग अविलंब बनाया जाय । पिछले वर्ष का ऑडिट रिपोर्ट सार्वजानिक की जाए। रांची विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले सभी छात्रों का सार्वजनिक बीमा कराया जाय। हर वर्ष छात्र संघ चुनाव करवाने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति बनाई जाय। मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जाय। रांची विश्वविद्यालय का मुख्य प्रवेश द्वार अभिलंब स्थाई रूप से खोला जाय। विश्वविद्यालय में झारखंड होम गार्ड की सेवा पुन रूप से बहाल की जाय इत्यादि मांगे शामिल है। कुलपति ने सभी विषयों को गंभीरता से लिया और जल्द ही सभी मांगों को पूरा करने की बात कही। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, चेतन प्रकाश, अजित कुमार, सौरभ शर्मा, बबलू महतो, पवन सिंह, आनंद यादव, राजेश सिंह, बबलू मंडल अभिषेक, ऋषभ, पुरुषोत्तम, अभिषेक, आर्यन, दीपक, निशांत, राहुल इत्यादि लोग उपस्थित थे।

मल्टी स्टोरी पार्किंग का निर्माण होगा जल्द

रांची। शहर को जाम मुक्त करने के लिए रांची नगर निगम ने पूरे शहर में कुल 31 वाहन पड़ाव स्थल की बंदोबस्ती की है। शहर में नागरिकों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए मल्टी स्टोरी पार्किंग के निर्माण के लिए योजना विचाराधीन है। इसके लिए प्रशासक संदीप सिंह ने डेली मार्केट थाना स्थित रांची नगर निगम की भूमि का जायजा संबंधित अधिकारियों के साथ लिया। इस क्रम में उनके द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को भूमि की मापी व परियोजना से संबंधित कार्यों का निष्पादन जल्द करने का निर्देश दिया। मौके पर अपर प्रशासक संजय कुमार, बाजार शाखा तथा इनफोर्समेंट शाखा की टीम उपस्थित थे।

रिम्स में पूर्ववर्ती छात्रों का पुनर्मिलन समारोह संपन्न

रांची। रिम्स में पूर्ववर्ती छात्रों के संगठन (एआरआरए) ने पूर्व छात्रों का पुनर्मिलन 2024 संपन्न हुआ। इस अवसर पर देश-विदेश से आए चिकित्सकों ने अपनी पुरानी यादों को ताजा किया। वर्षों बाद अपने सहपाठियों से मिलते हुए उनका कुशलक्षेम पूछा और गुरुजनों का आशीर्वाद लिया। मुख्य अतिथि डॉ सुरेंद्र कुमार सिन्हा, विशिष्ट अतिथि डॉ कृत चौधरी और रिम्स के निदेशक डॉ राजकुमार को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों ने पुनर्मिलन पत्रिका का विमोचन किया। यह पुनर्मिलन समारोह 1974 बैच के लिए विशेष था क्योंकि इस वर्ष वे अपने मेडिकल छात्र जीवन के प्रारंभ का स्वर्ण जयंती मना रहे थे।

लक्ष्य प्राप्ति के लिए मेहनत, अनुशासन और समर्पण की आवश्यक : प्राचार्य

नवीन मेल संवाददाता। रांची

डीएवी हेहल की उच्चतर माध्यमिक शाखा में उपछात्र परिषद का अलंकरण एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य सह-सहायक क्षेत्रीय अधिकारी एसके मिश्रा ने छात्र परिषद के नवनिर्वाचित सदस्यों को बैच और पटका (शैश) पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान हेड बॉय ने छात्र परिषद के सभी सदस्यों को निष्पक्षता और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की शपथ दिलाई। प्राचार्य श्री मिश्रा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र परिषद के सदस्यों को अपने पद की गरिमा को बनाए रखते हुए जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करना चाहिए। लक्ष्य प्राप्ति के लिए मेहनत, अनुशासन और समर्पण की आवश्यकता होती है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को नेतृत्व कौशल विकसित करने और विद्यालय के नियमों का पालन करते हुए एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक एके अमरेश, एनके दुबे, ज्योति श्रीवास्तव, सुनील सिंह, संजय मण्डल, सोवन देव चक्रवर्ती, मौसमी मजूमदार, अनुश्री सिन्हा आदि के साथ छात्रों-शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने भी भाग लिया और नवनिर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।

बीआरपी सीआरपी अच्छे तरह से प्रशिक्षित होंगे तो एसएमसी को बेहतर प्रशिक्षण देंगे : डीएसई

नवीन मेल संवाददाता। रांची

स्कूलों में आमूलचूल परिवर्तन के लिए योजनाएं गांव में ही बनायी जा सकती है। स्कूल के विकास के लिए और बच्चों के बेहतर शिक्षा के लिए क्या जरूरी है यह हमें समझने की जरूरत है। विद्यालय के विकास में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों की बहुत बड़ी जिम्मेवारी है। एक अभिभावक होने के नाते विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों को बेहतर ढंग से प्रशिक्षित करने के लिए हमें खुद को प्रशिक्षित करना होगा। प्रशिक्षण के लिए क्या जरूरी है इसकी समझ मास्टर ट्रेनर के रूप में बीआरपी सीआरपी को बेहतर ढंग से होनी चाहिए। बीआरपी सीआरपी जितने अच्छे तरह से प्रशिक्षित होंगे उतनी अच्छी तरह से वे स्कूलों में जाकर विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों को प्रशिक्षित कर सकते हैं। उक्त बातें ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव एसओई जिला स्कूल रांची में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों के प्रशिक्षण के लिए बीआरपी सीआरपी को मास्टर ट्रेनर के रूप में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले दिन जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज पांडेय ने कही। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बैठकर गांव की योजनाएं नहीं बना सकते। गांव की योजनाओं के लिए गांव में ही प्लानिंग की जा सकती है।

प्रशिक्षण प्रभारी सहायक साधन सेवी प्रभा सहाय ने कहा कि सीआरपी बीआरपी के ऊपर विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण देने की बड़ी जिम्मेवारी है। वहीं एपीओ अखिलेश कुमार ने कहा कि हमें ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना है। जब हम दिल लगाकर बेहतर तरीके से अपनी जिम्मेवारी को समझेंगे और पूरी मेहनत और लगन के साथ काम को करेंगे तो उसका परिणाम भी बेहतर आएगा। मौके पर बीआरपी सीआरपी ने अपनी प्रस्तुतीकरण से विद्यालय की रूपरेखा एवं मेरा विद्यालय मेरा अभिमान विषय पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान पम्मी कुमारी, सुमन सुरभि, माला मिश्रा, उषा कुमारी, वनिता कुमारी, सुमन मिश्रा, रीना कुमारी, रेशम शाहदेव, सुनील कुमार गुप्ता, धर्मेंद्र प्रसाद सिंह, कमलाकांत मेहता, जनक मुंडा, शैलेश मिश्र, सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

दिव्यांगों के बीच बांटे गये, स्वेटर, दस्ताना और गिफ्ट हैंपर

रांची। राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर सृजन हेल्प एनजीओ कुम्हार टोली, पहाड़ी टोला रांची में दिव्यांग बच्चों के बीच बीच स्वेटर, दस्ताना और गिफ्ट हैंपर का वितरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झालसा अंडर - सेक्रेटरी निर्मल भारती ने कहा कि 1992 से संयुक्त राष्ट्र के द्वारा प्रत्येक वर्ष तीन दिसम्बर को अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों की क्षमता का उत्सव मनाना, उनसे जुड़े मुद्दों के बारे में लोगों के बीच जागरुकता फैलाना और उनके अधिकारों की रक्षा करना है। डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने कहा कि समाज के सभी व्यक्ति का प्रयास होना चाहिए कि सभी दिव्यांगजन पूर्ण अधिकारों के साथ समाज के प्रत्येक गतिविधि में भाग ले सकें और अन्य व्यक्तियों के साथ अपने सामर्थ्य एवं विशिष्टताओं के आधार पर अपनी पहचान बना सकें।

कोर्ट ने खारिज की आलमगीर की डिस्चार्ज याचिका

रांची। झारखंड सरकार में मंत्री रहे आलमगीर आलम को मंगलवार को कोर्ट की ओर से बड़ा झटका लगा है। रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लाउंड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट ने टेंडर घोटाला के जरिए करोड़ों रुपए की मनी लाउंड्रिंग के आरोपी पूर्व मंत्री की याचिका पर सुनवाई की। इस पर फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने आलमगीर आलम की डिस्चार्ज याचिका को खारिज कर दिया है। बता दें कि सोमवार को कोर्ट ने ईडी और पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की ओर से बहस पूरी होने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रखा था। जानकारी हो इस फैसले से पहले भी कोर्ट केस से जुड़े अन्य आरोपियों की डिस्चार्ज याचिका खारिज कर चुकी है, इनमें जहांगीर आलम और संजीव लाल शामिल हैं।

24 घंटे के अंदर 281 शिकायतें प्राप्त हुई

रांची। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित प्रकोष्ठ में बैठक कर व्हाट्सएप नंबर में प्राप्त शिकायतों के संबंध में जानकारी ली। जिला प्रशासन द्वारा जारी किए गए व्हाट्सएप नंबर 9430328080 में 24 घंटे के अंदर ही 281 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। दर्ज की गई कुल 171 शिकायतों का निस्तारण तेजी से किया जा रहा है। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने व्हाट्सएप नंबर पर रांची जिला के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से भी शिकायतें प्राप्त करने हेतु प्रणाली विकसित करने का निर्देश दिया।

श्रीश्याम मंदिर में 130 वां श्री सुन्दरकाण्ड का हुआ सामूहिक पाठ

नवीन मेल संवाददाता। रांची

श्रीश्याम मित्र मण्डल हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में 130 वां श्रीसुन्दरकाण्ड -श्रीहनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ व भजन -संकीर्तन हुआ। मण्डल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने श्रीहनुमान जी महाराज की पावन दिव्य अखण्ड ज्योति प्रज्ज्वलित करके केशरिया पेड़ा, गुड़, चना, फल का प्रसाद भोग अर्पित किया। श्रीनारनोली ने श्री रामचरितमानस महाग्रन्थ का पूजन - वन्दन करके पाठ वाचक मनीष सारस्वत व ओम शर्मा को तिलक लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

श्रीश्याम मित्र मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि पुष्पा देवी पोद्दार ने केशरिया पेड़ा, राजेश जायसवाल ने फल प्रसाद, श्रवण ढाढ़ंनिया ने चना प्रसाद व मुकेश मित्तल

गिरीगोला की सेवा निवेदित की। पाठ वाचक ने श्रीगणेश वन्दना करके श्रीहनुमान चालीसा का पाठ करवाकर श्रीसुन्दरकाण्ड का संगीतमय पाठ प्रारंभ किया। ढोलक, ढफली,आरगन, झांझा,कडताल के स्वर के साथ भावपूर्ण पाठ हुआ। श्रीहनुमान जी महाराज की जयकारो से श्रीश्याम मंदिर गूंज रहा था। सैकड़ों भक्तो ने अखण्ड ज्योति में आहुति दी। श्रीसुन्दरकाण्ड पाठ के बाद पुनः सामुहिक रूप से श्रीहनुमान चालीसा का पाठ किया गया। महाआरती करके भक्तो को प्रसाद वितरित किया गया।

6 को खाटूनरेश का केशर तिलक श्रृंगार : खाटूधाम के श्रीश्याम मंदिर की परम्परा के अनुसार हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में भी शुक्रवार 06 दिसंबर को खाटूनरेश का केशर चंदन तिलक श्रृंगार किया जाएगा। नवीन बागा (पौशाक) पहनाकर फूलों से विशेष श्रृंगार करके पंचमेवा का भोग लगाया जाएगा। श्रीश्याम मित्र मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया रविवार से महास्नान से खाटूनरेश अपने मूल श्यामल रुप में भक्तजनो को आशीश प्रदान कर रहे है। कोलकाता से विभिन्न प्रकार के फूलों की माला मंगायी जा रही हैं।

आज / कल

समाहरणालय के ब्लॉक 'बी' में कबाड़ का अंबार

तिजोरी की तरह शौचालय में लटका है ताला

मनोज मिश्रा

रांची। बड़े-बड़े दावों और स्वच्छता रैलियों को हरी झंडी दिखाने वाला समाहरणालय परिसर के बी ब्लॉक का बुरा हाल है। अव्यवस्था का आलम यह है कि दूर-दराज के गांव से आए लोगों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। लिफ्ट खराब है, एक लिफ्ट को छोड़कर बाकी सातों लिफ्ट खराब पड़े हैं। इस भवन में बुजुर्गों को सीढ़ियां चढ़ना जानलेवा साबित हो सकता है। एक तो लिफ्ट खराब है उपर से खराब लिफ्ट के पास कबाड़ की कुर्सियां, टेबल, कम्बोड पड़े हैं। खराब लिफ्ट के कारण आवागमन में असुविधा हो ही रही है। वहीं कबाड़ के सामान रखने के कारण परिसर संकरा हो गया है जिससे आवागमन में परेशानी बढ़ गई है।

वहीं समाहरणालय के शौचालयों की बात करे तो महिला शौचालय में ताले लटके मिलते हैं, पुरूष शौचालय में पानी नहीं होता है। अगर पानी होता है तो फ्लैश काम नहीं करता है। गांव-गांव में शौचालय बनाने वाला प्रशासन अपने परिसर के शौचालयों को ताला जड़े हुए है। मालूम पड़ता है कि शौचालय नहीं कोई सरकारी तिजोरी है, बस तिजोरी में एक गार्ड रखने की जरूरत है। स्वच्छता के प्रशासनिक दावे फेल हो गए हैं। जनता की समस्याओं से प्रशासन को लेना-देना नहीं है। उनके एसी कमरे पर सारी सुविधाएं मिलती है तो उन्हें लगता है कि जनता भी ऐसी ही सुविधाओं में रहती है। एक तरफ महिला दिवस में महिलाओं के सम्मान में पुल बांधा जाता है, वहीं दूसरी ओर शौचालय में ताला जड़ कर प्रशासन दोहरी चरित्र का परिचय दे रही है। जनता की सुख-सुविधाओं को छोड़िए बुनियादी जरूरतों का भी समाहरणालय भवन में प्रशासन व्यवस्था आम जनता के लिए उपलब्ध नहीं कराएगी तो हमारे राज्य की छवि क्या बनेगी?

छवि रंजन की जमानत याचिका पर 9 दिसंबर को आएगा फैसला

रांची। पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की जमानत याचिका पर अब 9 दिसंबर को फैसला आएगा। यह मामला मंगलवार को स्पेशल पीएमएल कोर्ट में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध था, लेकिन किसी कारणवश फैसला टल गया। लैंड स्कैम में सेना की कब्जे वाली जमीन को फर्जी दस्तावेजों के जरिए खरीद-बिक्री का आरोप है। इस मामले में एऊ ने कांड संख्या 01/2023 के तहत जांच शुरू की है। अब तक हुई जांच में कई बड़े नाम सामने आए हैं। इस घोटाले में ईडी ने अब तक छवि रंजन के साथ जमीन कारोबारी अमित अग्रवाल, दिलीप घोष, अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान, मोहम्मद सद्दाम, प्रदीप बागची (कथित रैयत), और भानु प्रताप प्रसाद (बड़ागाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक) को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए पूरे राज्य में हलचल मची हुई है। अब 9 दिसंबर को अदालत का फैसला सभी की निगाहों में है।

डीपीएस में सीबीएसई हेरिटेज इंडिया क्विज 2024 का आयोजन

भारतीय सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाना गर्व की बात : प्राचार्य

नवीन मेल संवाददाता। रांची

दिल्ली पब्लिक स्कूल में सीबीएसई पटना रीजन द्वारा आयोजित रीजनल लेवल के सीबीएसई हेरिटेज इंडिया क्विज 2024 का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में पटना रीजन के 30 स्कूलों की टीमों ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत गीत के साथ हुई। इस कार्यक्रम में प्रतिभागी, शिक्षक और अतिथि एक बहुप्रतीक्षित प्रतियोगिता के लिए एकत्र हुए।

इस प्रतियोगिता को दो चरणों में आयोजित किया गया था। प्रारंभिक परीक्षा में व्यापक लिखित के माध्यम से प्रतिभागियों के इतिहास, संस्कृति और विरासत के ज्ञान का परीक्षण किया। दूसरे चरण में विभिन्न प्रकार के मौखिक, दृश्य और श्रव्य प्रश्न शामिल थे जिसने विद्यार्थियों को सोचने और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के बारे में अपनी समझ को विकसित करने में मदद किया। प्रतियोगिता के लिए क्विज मास्टर कुणाल मंडल ने अपनी गतिशील प्रस्तुति के साथ दर्शकों को बांधे रखा। प्रतियोगिता की विजेता टीम पूर्णिया की विद्या विहार रेसिडेंशियल स्कूल रही। अब यह स्कूल राष्ट्रीय स्तर पर अपने ज्ञान का प्रदर्शन करेगी। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों, शिक्षकों और आयोजकों को धन्यवाद दिया गया। कार्यक्रम की मेजबानी करने पर गर्व व्यक्त करते हुए रांची डीएपीसी के प्राचार्य डॉ आरके झा ने कहा, भारत की सांस्कृतिक विरासत की समृद्धि का जश्न मनाने वाले कार्यक्रम का आयोजन करना सौभाग्य की बात है। ऐसे मंच हमारे युवाओं को अपनी जड़ों से जुड़ने और हमारी परंपराओं के प्रति गहरी सराहना विकसित करने के लिए प्रेरित करते हैं।

एक नजर

बार एसोसिएशन बुंडू ने मनाया संविधान दिवस

बुंडू। बुंडू बार एसोसिएशन द्वारा मंगलवार को बार भवन में डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर संविधान दिवस मनाया गया। इस दौरान बार एसोसिएशन के पदाधिकारी और अधिवक्ताओं ने डॉ राजेंद्र प्रसाद की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर संविधान की रक्षा करने और न्याय करने का संकल्प लिया। इस दौरान झारखंड आंदोलनकारी आजसू के पूर्व अध्यक्ष ललित कुमार महतो ने कहा कि संविधान की रक्षा और समाज में न्याय स्थापित करने में अधिवक्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। अधिवक्ता संघ के महासचिव शिवशंकर महतो ने कहा कि संविधान की रक्षा और लोगों के न्याय के लिए अधिवक्ता अपने परिवार को जोखिम में डालकर हमेशा खड़े रहते हैं।

ओरमांझी में सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

ओरमांझी। एनएच 33 पर पिस्का मोड़ के पास लक्ष्मी नामक बस की टक्कर से बाइक सवार खिलेश्वर महतो गंभीर रूप से घायल हो गया। पिस्का सीएचसी में प्राथमिक इलाज के बाद उसे एक निजी अस्पताल में परिजनों ने भर्ती कराया, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है। पुलिस ने बस और बाइक को अपने कब्जे में ले लिया। बताया जाता है कि अखिलेश्वर महतो बाइक से ओरमांझी से अपने घर बरतुआ रहा था। पिस्का मोड़ के पास जैसे घर जानेवाले रास्ते की ओर मुड़ने लगा उसी दौरान रांची से रामगढ़ की ओर जा रही लक्ष्मी ट्रेडर्स नामक बस ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने बस को टोल प्लाजा के पास रोक लिया और घायल इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

डीएसपीएमयू: स्नातकोत्तर खेल मनोविज्ञान में नामांकन शुरू

रांची। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग के अंतर्गत खेल मनोविज्ञान में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू किया गया है। इसमें नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसमें नामांकन के लिए मनोविज्ञान विषय से स्नातक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। जो अगर इसमें नामांकन लेना चाहिए हैं तो वह शीघ्र नामांकन कराने की कोशिश करें। दो वर्षीय इस पाठ्यक्रम को पूरा करने के बाद विद्यार्थी खेल मनोवैज्ञानिक के रूप में स्कूल, कॉलेजों और भारतीय खेल प्राधिकरण आदि में रोजगार प्राप्त कर सकते है। साथ ही, सलाहकार के तौर पर भी करियर बना सकते हैं। पाठ्यक्रम और नामांकन संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ मीनाक्षी कुजूर से संपर्क किया जा सकता है।

अवैध खनन और साइबर क्राइम को रोकें : सीएम

नवीन मेल संवाददाता। रांची
मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में बेहतर लॉ एंड ऑर्डर सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। सुनियोजित अपराध को रोकने के लिए एक्शन प्लान तैयार कर चिन्हित अपराधियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। क्राइम कंट्रोल के लिए अपराधियों में पुलिस का भय जरूरी है। अवैध खनन और साइबर क्राइम पर लगाम लगाना जरूरी है। इस दिशा में सख्त कदम उठाएं। वे मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में आला अफसरों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक कर रहे थे।

अवैध माइनिंग पर बनाएं स्पेशल एक्शन प्लान : मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि झारखंड में अवैध माइनिंग पर हर हाल में रोक लगाएं। अवैध माइनिंग की वजह से राज्य की छवि धूमिल होती है। नदियों से अवैध बालू उठाव पर भी रोक लगाएं। इससे नदियों का अस्तित्व खतरे में है। अब नदियों से बालू की जगह मिट्टी भी उठाई जा रही है। अवैध माइनिंग पर विशेष कार्य योजना बनाकर रोक लगाएं।

साइबर अपराध पर रोक के लिए तैयार करें स्ट्रॉन्ग सेटअप : सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि साइबर अपराध पर रोक लगाना चुनौती बन गयी है। मुख्यमंत्री के समक्ष पुलिस अधिकारियों ने झारखंड साइबर क्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटर स्थापित करने की जरूरत बतायी। मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि साइबर अपराध से निबटने के लिए स्ट्रॉन्ग सेटअप तैयार करें। जल्द से जल्द टेक्निकल सेल का गठन कर टेक्निकल ऑफिसर की तैनाती करें। आधुनिक तकनीक का उपयोग कर साइबर अपराध को कम किया जा सकता है। 1281 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है, वहीं 3493 सिम कार्ड एवं 2524 मोबाइल जब्त किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने नशे पर नकेल और अफीम की खेती पर रोक के लिए कड़े कदम उठाने को कहा।

बैठक में ये आला अधिकारी थे मौजूद : मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव (गृह विभाग) वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, पुलिस हाउसिंग के प्रबंध निदेशक अजय कुमार सिंह, डीजी हेड क्वार्टर आरके मल्लिक, डीजी होमगार्ड अनिल पालटा, आईजी प्रोविजन पंकज कंबोज, आईजी कारा सुदर्शन मंडल, आईजी स्पेशल ब्रांच प्रभात कुमार, एसपी एटीएस ऋषभ सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

संरक्षक संत फ्रांसिस जेवियर का पर्व धूमधाम से मनाया गया

नवीन मेल संवाददाता। मांडर
मांडर स्थित संत जेवियर उच्च विद्यालय में मंगलवार को विद्यालय के संरक्षक संत फ्रांसिस जेवियर का पर्व धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व मंत्री सह झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रखंड अध्यक्ष बंधु तिर्की उपस्थित थे, उन्होंने अपने सम्बोधन में छात्र छात्राओं को अपने बेहतर भविष्य के लिए अभी से ही एक निश्चित उद्देय लेकर पढ़ाई करने की बात कही और कहा कि आज हमें संत फ्रांसिस के आदर्शों से शिख लेने की अवश्यकता है। इस दौरान विशेष मिस्सा अनुष्ठान का आयोजन हुआ। विद्यालय के प्राचार्य फादर जोन शैलेन्द्र टोप्पो द्वारा मिस्सा अनुष्ठान सम्पन्न कराया गया और संत फ्रंसिस जेवियर्य की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपने लिए तो सभी जीते हैं. लेकिन कम ही ऐसे लोग होते हैं जो दूसरों की भलाई के लिए जीते हैं. वैसे लोगों में से ही संत फ्रांसिस जैवियर भी थे, समारोह में सीओ चंचला कुमारी, प्रखंड प्रमुख फिलिप सहाय एक्का, उप प्रमुख अमानत अंसारी, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष रोशन इमानुवेल तिग्गा सहित अन्य ने विचार व्यक्त किये.

न्यूज बॉक्स

विधायक की पहल पर मृतक के परिवार को दी गई खाद्य सामग्री

सिल्ली। सिल्ली विधायक अमित महतो के निर्देशानुसार मुरी पूर्वी पंचायत के मस्जिद मोहल्ला निवासी अत्यंत निर्धन परिवार स्वर्गीय मीठू बाऊरी की मृत्यु संस्कार के लिए उनके पुत्र संदीप बाऊरी एवं परिवार को आवश्यक खाद्य सामग्री दिया गया। वही रांची जिला उपाध्यक्ष फलहारी महतो ने कहा कि इनकी आर्थिक स्थिति बहुत ही दयनीय है इसे देखते हुए विधायक अमित महतो ने पहल किया जिसके तहत खाद्य सामग्री दिया गया। इस मौके पर झामुमो रांची जिला उपाध्यक्ष फलहारी महतो, बांसारूली पंचायत के वरिष्ठ कार्यकर्ता दिनेश साहू, मुरी पूर्वी मस्जिद मोहल्ला के कार्यकर्ता इरशाद सिद्दीकी आदि मौजूद थे।

शहर में लगी एलईडी स्ट्रीट लाइटों की होगी जांच : नगर आयुक्त

नवीन मेल संवाददाता। रांची
नगर आयुक्त संदीप सिंह की अध्यक्षता में पदाधिकारियों व कर्मियों के साथ निगम के सभागार में बैठक की गई। इस बैठक में स्ट्रीट लाइटों के रख-रखाव करने वाली एजेंसी मेसर्स एनर्जी एफिशिएंसी सर्विस लिमिटेड द्वारा अधिष्ठापित 58,000 एलईडी स्ट्रीट लाइटों की गणना करने, लाईटों की संख्या और खराब लाइटों की संख्या का सत्यापन करने की बात कही गई। इसके लिए नगर आयुक्त ने 53 वार्डों के लिए सात टीम का गठन किया, जिसमें विभिन्न वार्डों में प्रतिनियुक्त सुपरवाइजर / कनीय अभियंता / सहायक अभियंता / सहायक प्रशासक और मेसर्स इइएसएल के प्रतिनिधि होंगे। अधिष्ठापित स्ट्रीट लाइट्स में कितने स्ट्रीट लाइट्स लगे हैं, कितने दुरुस्त है और कितने खराब पड़े है, सबका सत्यापन करते हुए विस्तृत प्रतिवेदन तीन दिनों के अंदर जमा करने का निर्देश दिया गया है। मौके पर अपर प्रशासक फिलवियुस बारला, सहायक प्रशासक सूरज प्रकाश सिंह चौधरी, निहारिका तिर्की, निकेश कुमार, गोपेश कुंभकर, निगम के कनीय अभियंता, विद्युत शाखा के कर्मी, जोनल सुपरवाइजर, वार्ड सुपरवाइजर और मेसर्स इइएसएल के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

लीगल सर्विसेज क्लिनिक का हुआ उद्घाटन

प्रत्येक विधिक सेवा क्लिनिक छात्रों के लिए एक कार्य केंद्र होगा : अमित शेखर

नवीन मेल संवाददाता। रांची
राय यूनिवर्सिटी के डिपार्टमेंट ऑफ लीगल स्टडीज में लिगल सर्विसेज क्लिनिक का उद्घाटन किया गया। मौके पर अमित शेखर ने कहा कि देश भर में विधिक सेवा क्लीनिकों की स्थापना करना है। ताकि देश के विधि छात्रों को कानून के तहत अपने अधिकारों और उपायों के बारे में अनभिज्ञ जनता की समस्याओं से परिचित कराया जा सके। गरीबी और असमानता की पृष्ठभूमि में संविधान में निहित सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक न्याय के आदर्शों को प्राप्त कराया जा सके। उन्होंने लीगल सर्विसेज क्लिनिक के बारे में कहा कि प्रत्येक विधिक सेवा क्लिनिक छात्रों के लिए एक कार्य केंद्र होगा, जहां फाइनल ईयर के विद्यार्थी फैकल्टी मेंबर के देख रेख में प्राथमिक विधिक सेवाएं प्रदान करेंगे,ये फर्स्ट प्वाइंट ऑफ कॉन्टेक्ट के रूप में काम करेगा। डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने कहा कि विधिक सेवा क्लिनिक में लोगों के अनुकूल वातावरण प्रदान करने का प्रयास किया जायेगा। मौके पर अमित शेखर, एजेसी-15, निर्मल कुमार भारती, अवर सचिव झालसा कमलेश बेहरा, डालसा सचिव और पीएलवी विक्की चौधरी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

सीनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए सिल्ली के तीरंदाजों का हुआ चयन

सिल्ली। बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी सिल्ली के तीरंदाजों का चयन सीनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए किया गया। 1 और 2 दिसंबर को खेलगांव होटवार में आयोजित दो दिवसीय चयन प्रतियोगिता में सिल्ली के तीरंदाजों ने बेहतर प्रदर्शन कर झारखंड टीम में अपना स्थान सुनिश्चित किया, जिसमें रिकर्व राउंड में तमन्ना वर्मा, कंपाउंड राउंड में कृष चंद्र देव एवं बबीता कुमारी, इंडियन राउंड में वर्षा खलको और मनीषा कुमारी का चयन किया गया। बताते चले की झारखंड टीम में सभी चयनित तीरंदाज इसी माह के 14 से 20 दिसंबर तक जमशेदपुर में आयोजित सीनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। एकेडमी के मुख्य संरक्षक सुदेश कुमार महतो व रांची जिला संघ की अध्यक्ष नेहा महतो और सचिव चंचल भट्टाचार्य के साथ साथ कई खेल प्रेमियों में बधाई और शुभकामनाएं दी है।

अनुदान पर गेहूं बीज का हुआ वितरण

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो
प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली गांव स्थित लैंपस के द्वारा मंगलवार 50 प्रतिशत अनुदान में गेहूं बीज प्रभेद एचडी-2967का वितरण किया गया। प्रखंड़ के विभिन्न पंचायत के किसानों के बीच किया गया. मौके पर किसानों ने कहा कि अभी रबी फसल का समय है और सही समय में सरकार के द्वारा50% में बीज मुहैया करा रही है जो बहुत ही सराहनीय कदम है. वही लैंपस अध्यक्ष चरवा उराव ने कहा कि लैंपस कार्यालय में किसानों के लिए गेहूं बीज उपलब्ध है. किसान लैम्पस में आकर बीज प्राप्त कर सकते हैं. इस वितरण कार्यक्रम में लैंपस के प्रबंधक गोयंदी उराईन ,पाड़हा राजा विशाल उरांव, कृष्ण गोप ,जनसेवक महादेव लकड़ा, जूनस टुटी, ग्राम प्रधान रामप्रसाद लोहरा ,वार्ड सदस्य मुन्नी उराईन, दिलीप उरांव विधायक प्रतिनिधि बुधराम लोहरा उपस्थित थे।

रोहिणी व पुरनाडीह कॉलोनी के क्वार्टरों की होगी मरम्मत

एनके एरिया वेलफेयर टीम ने किया कॉलोनी का निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता। खलारी
सीसीएल एनके एरिया की वेलफेयर टीम ने रोहिणी तथा पुरनाडीह कालोनी का निरीक्षण किया। टीम में स्टाफ आफिसर सिविल सुमन कुमार, श्रमिक नेताओं में प्रेम कुमार, शैलेश कुमार, डीपी सिंह, मिथलेशकुमार सिंह, देवपाल मुंडा, ध्वजाराम धोबी व हरेंद्र सिंह शामिल थे। वेलफेयर टीम ने सबसे पहले रोहिणी कालोनी का निरीक्षण किया। साथ ही पंप हाउस, फिल्टर प्लांट का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम व अधिकारियों ने कालोनी की समस्याओं की जानकारी ली। कामगारो ने कालोनी में जमे कचरे, नालियों की समय समय पर साफ सफाई की समस्या को बताया। वहीं कई कामगारों ने जर्जर हालत में पहुंच चुके क्वार्टर की समस्या से भी अवगत कराया। वहीं पुरनाडीह कालोनी के निरीक्षण में जर्जर क्वार्टर की स्थिति से अवगत कराया गया। टीम ने सभी का निरीक्षण कर इस पर पहल करने का आश्वासन दिया। एसओसी ने कनीय अभियंता व संवेदक को तुरंत कालोनी में बुलाकर इस समस्या पर त्वरित कार्य करते हुए नियमित कचरे का उठाव करने व कालोनी में साफ सफाई को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। कहा कि कालोनी के साफ सफाई में किसी तरह की कोताही नहीं बरते, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। जर्जर क्वार्टरों का मरम्मत कराने का आश्वासन दिया गया। धमधमिया कालोनी में पानी की समस्या से अवगत कराते हुए पानी सप्लाई व्यवस्था को ठीक करने का आग्रह किया गया। कचरा उठाव की भी जानकारी दी गई। इस मौके पर रोहिणी परियोजना के मैनेजर दीपक कुमार, रामा उरांव, उमाकांत सिंह, सुधीर सिंह, जसवंत पांडेय, नरेश प्रसाद, सूरजप्रधान मुंडा, राकेश कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

सुरगुंजाडीह गांव में अधूरी बनी सड़क से लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी

सिल्ली। सिल्ली पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र के पूर्व जिला परिषद प्रत्याशी सह सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो ने सड़क की समस्या की जानकारी देते हुए बताया कि सिल्ली प्रखंड के अंतर्गत पंचायत लोटा में स्थित गांव सुरगुंजाडीह में सड़क अधूरा बनने से ग्रामीणों को आवागमन में अत्यधिक परेशानी होती है। विशेषकर बरसात के दिनों में आने जाने में बहुत कठिनाइयों का सामना ग्रामीणों को करना पड़ता है। यहां तक वाहनों को पास के गांव मैंना टोला लोटा में छोड़ना पड़ता है, और पगडंडी के सहारे गांव तक पहुँचना पड़ता है। महतो ने बताया कि मरीजो को मुख्य पथ तक चारपाई में ढोकर लाना पड़ता है। फिर उसे अस्पताल पहुंचाया जाता है। कई ग्रामीणों की ईलाज के अभाव में मृत्यु हो चुकी है। सुरगुंजाडीह गांव में कुरमी (महतो) एवं मुंडा जाति के लोग निवास करते है। इस गांव की आबादी लगभग 300 तक की है। यह गांव सिल्ली प्रखंड कार्यालय से करीब 8 किलोमीटर की दूरी पर बसा है। इस गांव की सबसे बड़ी समस्या सड़क की है। उक्त जानकारी कार्तिक चन्द्र महतो ने दी।

राजेंद्र बाबू की जयंती पर स्कूल में भाषण व गायन प्रतियोगिता

भाषण प्रतियोगिता में शुभराज प्रथम अर्चना द्वितीय व श्रेया को तृतीय स्थान

नवीन मेल संवाददाता। खलारी
एसीसी उच्च विद्यालय खलारी में स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति डा राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनाई गई। विद्यालय के प्रशासक जामवंत सिंह व प्रधानाध्यापक एसएन तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर डा राजेंद्र प्रसाद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। छात्राओं ने मंगलाचरण गीत गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यार्थियों के बीच डा राजेंद्र प्रसाद की जीवनी पर भाषण व गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता के दौरान डा राजेंद्र प्रसाद की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। गायन प्रतियोगिता में बच्चों ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। उच्च सदन भाषण प्रतियोगिता में यशु लोहारा प्रथम, नैना कुमारी द्वितीय व आकांक्षा कैथवार तृतीय स्थान प्राप्त की। निम्न सदन भाषण प्रतियोगिता में शुभराज कुमार प्रथम, अर्चना कुमारी द्वितीय व श्रेया राणा तृतीय स्थान प्राप्त की। उच्च सदन गायन प्रतियोगिता में सिया कुमारी प्रथम, अवंशिका टोप्पो द्वितीय व खुशी कुमारी तृतीय स्थान पर रही। निम्न सदन गायन प्रतियोगिता में अनामिका कुमारी प्रथम, वंशिका कुमारी द्वितीय व काजल कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त की। प्रधानाध्यापक ने कहा कि हमें राजेंद्र बाबू के पद चिन्हों पर चलना चाहिए। उनकी तरह लगनशील एवं मेहनती होना चाहिए तभी हम जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

मुखिया ने बच्चों के बीच किया स्वेटर का वितरण

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो
बेड़ो पंचायत के करंजटोली गांव में आंगनबाड़ी केंद्र के 27 बच्चों के बीच मुखिया सुशांति भगत ने गर्म कपड़ों एवं स्वेटर का वितरण किया। इस मौके पर मुख्य रूप से मौजूद मुखिया सुशांति भगत ने कहा कि स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ अब आंगनबाड़ी केंद्रों में भी पढ़ाई करने वाले छोटे बच्चों के बीच महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा स्वेटर एवं गर्म कपड़ों का वितरण किया जा रहा है। सरकार के द्वारा यह बहुत ही बेहतर कार्यक्रम है। आंगनबाड़ी केन्द्रों में पढ़ने वाले गरीब परिवार के बच्चों को अब ठंड में ठिठुरना नहीं पडेगा। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आंगनबाड़ी सेविका सरस्वती देवी ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में अब आमूल चूल परिवर्तन हो रहा है। इस सकारात्मक बदलाव का सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा, पौष्टिक भोजन और भरपुर मनोरंजन तथा खेलकूद की सुविधा मिलनी चाहिए। इस मौके पर सहायिका सीता कुजूर, वार्ड सदस्य हीरा भगत, इंदुआ उरांव, सुशील तिर्की, चरकु उरांव, सृष्टि उरांव, रूद्राक्षी भगत, रियांशी तिर्की, स्नेहा मिंज, अर्श तिर्की सहित कई लोग मौके पर मौजूद थे।

मुखिया ने घर का दरवाजा नहीं खोला, तो शराबी ने कार में लगा दी आग

मुखिया ने धैर्य से लिया काम मामला दर्ज नहीं कराया

नवीन मेल संवाददाता। लापुंग
लापुंग प्रखंड के देवगांव पंचायत के मुखिया दुर्गा उरांव का ऑल्टो कार में पंचायत क्षेत्र के ही दो लोगों ने शराब के नशे में धुत होकर आग लगा दी। जिससे कार के पिछले हिस्से का कुछ भाग जल गया। मिली जानकारी के अनुसार शराब के नशे में धुत दो लोगों क्रमशः राजू सिंह एवं करमा उरांव ने रात के 11 बजे मुखिया के घर पहुंचकर मुखिया को बुलाया। लेकिन मुखिया ने दरवाजा नहीं खोला। इसी दौरान गुस्से में आकर दोनों ने उनकी कार में आग लगा दी जिससे गाड़ी का पिछला हिस्सा जल गया। ग्रामीणों व मुखिया से मिली जानकारी के अनुसार ने दोनों युवक शराबी हैं और दिनभर नशे में ही रहते हैं। उन युवकों के पिता भी नहीं है जिस कारण मुखिया ने धैर्य दिखाते हुए मामला दर्ज नहीं कराया और आपसी समझौता कर लिया ।

एकरारनामे का हो रहा उल्लंघन, संवेदकों का शोषण कर रहा है नगर निगम

रांची। रांची नगर निगम का टेंडर निकलता है तो उस टेंडर को भरने के लिए संवेदक रुचि नहीं दिखाते हैं। कारण यह है कि रांची नगर निगम अपनी निर्धारित एकरारनामे का खुला उल्लंघन करती है। नियम कानून से चलने वाले संवेदकों को भी अगर प्रशासन की गलती से नुकसान हो तो कोई क्यों निगम के टेंडर के लिए आवेदन देगा। संवेदक के शोषण का ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है। कांटाटोली स्थित बिरसा मुंडा बस टर्मिनल (खादगढ़ा बस स्टैंड) की संवेदक सानिया इरफान ने नगर प्रशासक संदीप कुमार को शिकायत पत्र लिखा है। उन्होंने बताया कि नगर निगम ने एकरारनामे में जिक्र किया है कि स्टैंड के प्रवेश द्वार और निकास द्वार में जो भी गाड़ियां बस या ऑटो यात्री उतार-चढ़ाव करती है उससे टोल शुल्क लेने की अनुमति है।

एक नजर

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में चुनाव कमेटी की बैठक में लिए गये कई निर्णय

रामगढ़। विगत 2 दिसंबर को गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा रामगढ़ में चुनाव कमेटी की बैठक चुनाव अध्यक्ष सरदार नरेंद्र सिंह चमन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बैठक में कई निर्णय लिए गए। बैठक में यह निर्णय लिया गया की समाज के जो बच्चे 15 दिसंबर 2024 तक 18 वर्ष की आयु या उससे ज्यादा के हो जाएगे तो वो नये सदस्य के लिए सदस्यता फॉर्म ले सकते हैं । नई सदस्यता का फॉर्म 3 दिसंबर से लेकर 7 दिसंबर तक चुनाव कार्यालय से 100 रुपए नकद भुगतान करके संध्या 7:00 बजे से 7:30 बजे के बीच लिया जा सकेगा। फॉर्म जमा करने की तिथि 9 दिसंबर से 10 दिसंबर संध्या शाम 7:00 से 7:30 के बीच चुनाव कार्यालय में निर्धारित की गयी है। डुप्लीकेट कार्ड बनाने का भी प्रावधान वर्तमान सदस्यो के लिए आवेदन के साथ 200 रुपये नकद भुगतान देके बनाया जा सकेगा।

ज्योदया संस्थान दिव्यांगों के विकास में निभा रहा है अहम भूमिका

कोडरमा। कोडरमा जिले में कहीं भी दिव्यांगों के विकास और रहने के लिए स्थायी रूप से कोई भी संस्थान नहीं खोला गया है। लेकिन होली फैमली के जियोदया संस्थान दिव्यांगों के रहने और उसके विकास के लिए अहम भूमिका निभा रही है। मानसिक रूप से दिव्यांग महिलाओं के लिए संस्थान आवासीय संस्थान के जरिए ऐसे 50 महिलाओं को रख रही है। संस्थान द्वारा उन्हें बेहतर तरीके से रखने के साथ खाना-पीना और स्वास्थ्य संबंधी सभी जरूरी सेवा दे रही है। संस्थान के कर्मी जयमंगल कुमार ने बताया कि फिलहाल वहां 48 विक्षिप्त और दिव्यांग महिला रह रही हैं। उन्होंने कहा कि साल-1996 से यह संस्थान संचालित है। उन्होंने बताया कि जिले के विभिन्न दिव्यांग बच्चों को शिक्षा स्वास्थ्य की सुविधा के साथ रोजगार और कौशल विकास के लिए भी काम किया जा रहा है।

मरकच्चो से पपलो तक जाने वाली सड़क पूरी तरह जर्जर

मरकच्चो । प्रखंड अंतर्गत मरकच्चो से पपलो तक जाने वाली सड़क पूरी तरह जर्जर अवस्था में है। सुदूरवर्ती गांव पपलो को उक्त मार्ग बेरहवा जंगल होते हुए प्रखंड मुख्यालय से जोड़ती है। लेकिन सड़क की जर्जर स्थिति से लोगों को काफी परेशानी होती है। पपलो गांव की लगभग ढाई हजार की आबादी इस समस्या से जूझ रही है। इस गांव के लोगों को अपनी जरूरतों की छोटी- बड़ी चीजों के लिए भी मरकच्चो आना पड़ता है। लेकिन इस छह किमी की दूरी में सड़क की जर्जर स्थिति से आवागमन में काफी कठिनाई होती है। सड़क पर छोटे- छोटे रोड़े निकले हुए हैं। इससे अक्सर दो पहिया चालक गिर कर घायल हो रहे हैं। उक्त गांव की छात्र-छात्राएं भी इस समस्या से प्रभावित हैं। ग्रामीण काफी समय से उक्त मार्ग की मरम्मत की मांग करते रहे हैं।

सोशल मीडिया ने घर छोड़कर भाग रहे नन्हे बच्चे को मां-बाप से मिलाया

बच्चों की गलतियों को सकारात्मक पहल से दूर करने का करें प्रयास : एसडीपीओ



नवीन मेल संवाददाता। बरही
फटकार की डर से घर छोड़कर भाग रहे साढ़े चार वर्षीय नन्हे अरनव को सोशल मीडिया ने मिलाने का काम किया. यह घटना बरही की है. एचपीसीएल गैस प्लांट में काम करने वाले हजारीबाग निवासी मिथुन कुमार सिंह जो बरही के पटना रोड में किराए पर रहते है. उस समय गहरा आघात लगा जब पता चला कि उनका मात्र साढ़े चार वर्षीय पुत्र उनलोगों की डांट के वजह से घर छोड़कर चला जा रहा था. भुक्तभोगी पिता ने बताया कि अहले सुबह उनका बच्चा प्रतिदिन की तरह मुहल्ले के अन्य बच्चे के साथ घर के नीचे आंगन में खेल रहा था. कुछ बच्चे और मुहल्ले की दादी लकड़ी जलाकर अंगीठी ताप रहे थे. इसी का नकल करते हुए उनका बच्चा घर आया और घर में रखे हुए प्लास्टिक के जूता स्टैंड से अंगीठी जलाने का काम किया. जिससे स्टैंड में रखे जुत्ते और पर्दा जल गया. जिसे देख वह सहम गया और फटकार की डर से वह बिना कुछ बताए घर छोड़कर बरही चौक से बस पकड़कर हजारीबाग अपने दादी के घर जाने के लिए निकल पड़ा. उस समय मां घर के ऊपरी तल्ले पर काम कर रही थी और पिता एचपीसीएल प्लांट में ड्यूटी पर थे. उन्होंने बताया कि शुक्र है कि बस संवाहक की नजर तत्काल पड़ी और ब्लॉक गेट के पास पत्रकार अमित सोनी को सुपुर्द कर दिया. पत्रकार सोनी ने बच्चे के गुमशुदगी की खबर विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म व्हाट्सएप व फेसबुक पर शेयर करते हुए एसडीपीओ अजीत कुमार को सूचना दिया. जिसके वायरल होते ही बच्चे के स्कूल से इसकी जानकारी पिता को दी गई. सूचना मिलते ही पिता ने बच्चे की खबर लेते हुए पत्नी को ब्लॉक गेट जाकर बच्चे की बरामदगी को बात कही और स्वय ब्लॉक गेट पहुंचकर पत्रकार से संपर्क साधा. इस प्रकार अपने भयभीत लाडले को घर ले गए. इस कार्य के लिए पिता ने पत्रकार का आभार जताया.

सांसद प्रतिनिध ने अस्पताल के नए सुप्रिटेंडेंट से मिले

जरूरतमंद मरीजों की मदद के लिए किया आग्रह

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग
मेडिकल कॉलेज अस्पताल के नए सुप्रिटेंडेंट प्रोफेसर (डॉ.) अनुकरण पूर्ति से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर उनके मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने मुलाकात की। दुमका मेडिकल कॉलेज से प्रोफेसर (डॉ.) अनुकरण पूर्ति को बीते दिनों हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अधीक्षक के पद पर पदस्थापित किया गया है। सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने उनसे शिष्टाचार मुलाकात की और मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जन- जरूरतों के प्रति सजग रहते हुए यहां की चिकित्सा व्यवस्था को दुरुस्त करने, ओपीडी में सीनियर चिकित्सकों की उपस्थिति पर ध्यान देने, विशेषकर दूसरी पाली और रात्रि के समय सीनियर और विशेषज्ञ चिकित्सकों की मौजूदगी सुनिश्चित कराने, अस्पताल परिसर में 108 एम्बुलेंस सेवा को दुरुस्त करने के साथ हॉस्पिटल कैंपस में सीसीटीवी कैमरे चालू कराने सहित अन्य कई विषयों पर विस्तार से चर्चा- परिचर्चा की।

न्यूज बॉक्स

मुखिया प्रमिला देवी ने बच्चों के बीच स्वेटर का किया वितरण

बरकट्ठा। दिसंबर माह आते ही ठंढ की रफ्तार बढ़ने लगी है। निजी संस्थाओं ने जरूरतमंदों के बीच गर्म कपड़ों का वितरण शुरू कर दिया है। अब आंगनबाड़ी केंद्रों में भी गर्म कपड़ों का वितरण बच्चों के बीच होने लगा है। प्रखंड क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र परवता में अध्ययनरत बच्चों के बीच झारखंड सरकार की ओर से दिए गए स्वेटर दिया गया। मौके पर मुखिया प्रमिला देवी ने 40 बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण कर सभी बच्चों को ठंड में पहन कर विद्यालय आने को कहा गया। उन्होंने कहा कि यह सरकार की बेहतर योजना है। आंगनबाड़ी केंद्र में गरीब और असहाय के बच्चे पढ़ते हैं। यह सरकार की सराहनीय योजना है, जहां स्वेटर मिलने से बच्चों को ठंड से राहत मिलेगी। मौके पर पूर्व मुखिया बसंत साव, उप मुखिया उर्मिला देवी, सेवीका सरीता देवी समेत कई बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे।

चुनाव कार्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए उपायुक्त ने अंचलाधिकारी को किया सम्मानित

बरकट्ठा। विगत दिनों संपन्न हुए राम नवमी पूजा, लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा चुनाव में बरकट्ठा अंचलाधिकारी श्रवण कुमार झा ने बेहतर कार्य किया। विदित हो की श्री झा ने इन कार्यों के संपन्न कराने के लिए कड़ी मेहनत, लगन एवं निष्ठा पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। इस तरह के कार्य से जिले में शांति व्यवस्था, सांप्रदायिक सौहार्द कायम रहा इस निमित उपायुक्त नैंसी सहाय ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। अपने प्रशस्ति पत्र में श्री झा को प्रशंसा का पात्र बताते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार कार्य करने की उम्मीद की गई।

विधायक अमित कुमार यादव ने पूर्व विधायक खगेंद्र प्रसाद से की मुलाकात

बरकट्ठा। विधानसभा चुनाव में भाजपा का झंडा बुलंद करने और अपनी जीत के बाद विधायक अमित कुमार यादव अपने मार्गदर्शक, आदर्श और राजनीतिक गुरु पूर्व विधायक खगेंद्र प्रसाद से हरिद्वार के ऋषिकेश स्थित आश्रम में जाकर मुलाकात की और आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही उनके मार्गदर्शन से जनसेवा में अपनी भूमिका निरंतर आगे बढ़ाते रहने का संकल्प लिया। विदित हो पूर्व विधायक खगेन्द्र प्रसाद विभिन्न भुमिकाओं में लगभग 20 वर्षों तक बरकट्ठा विधानसभा को अपनी सेवाएं प्रदान कर चुके हैं। उन्होंने समाज के लिए कुछ कर गुजरने के जज्बे के साथ वे कल्हाबाद पंचायत के पहले मुखिया बने। मुखिया बनने के बाद बरकट्ठा प्रखंड के प्रमुख भी बने और फिर विधायक बनकर उन्होंने लंबे समय तक समाज सेवा की। इसके उपरांत वे अपने शांति की खोज में हरिद्वार में बसकर एकांकी जीवन जी रहे है और वर्तमान में स्वामी ज्ञानानंद जी के नाम से जाने जाते हैं।

निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण शिविर आयोजित

बरही । 27वें स्थापना दिवस के अवसर पर हजारीबाग रोड स्थित सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन बरही प्रखंड के विभिन्न 20 पंचायतों में निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करेगा. यह शिविर दो चरण में आयोजित किए जायेंगे. प्रथम चरण के तहत कोनरा, बरही पूर्वी, बरही पश्चिमी, बेंदगी, रसोईया धमना, पंचमाधव ऊर्फ बसरिया, करियातपुर, धनवार, दुलमहा और रानीचुआ पंचायत तथा दूसरे चरण में प्रखंड के शेष बचे अन्य दस पंचायतों में यह शिविर आयोजित किए जाएंगे. उक्त जानकारी केंद्र निदेशक जयदीप कुमार सिन्हा ने दिया. उन्होंने बताया कि 1997 से उनका केंद्र विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बरही अनुमंडल में समय समय पर निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर लगाकर कंप्यूटर क्रान्ति लाने का प्रयास करता रहा है, जिसके सार्थक परिणाम भी मिले है.

दारू प्रखंड के बीडीओ और थाना प्रभारी को किया गया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता। दारू
रामनवमी, लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव के सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक ने दारू प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी हारून रशीद और दारू थाना प्रभारी सफीक खान को किया सम्मानित। हजारीबाग उपायुक्त ने कहा की 1 वर्ष में तीन महापर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया गया। और यह काफी गर्व की बात है। इस महापर्व में हर एक अधिकारी और पदाधिकारी ने अपना सहयोग दिया। दारू प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी हारून रशीद ने कहां कि जब मुझे उपायुक्त नैंसी सहाय और पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह के द्वारा सम्मानित किया जा रहा था। तो मुझे गर्व महसूस हो रहा था कि मैं अपने कामों को बेखूबी अच्छे से निभाया और आने वाले टाइम में भी अपने कामों के प्रति हम सजक होकर काम करेंगे। और दारू थाना प्रभारी ने बतलाया कि जब मुझे सम्मानित किया जा रहा था। तब मुझे खुशी महसूस हो रहा था और एक वर्ष में तीन महापर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया गया। यह भी एक गर्व की बात है।

विधायक ने मृतक के परिजनों से की मुलाकात

समाज में शांति बनाए रखने के लिए प्रशासन को प्रभावी कदम उठाने होंगे

❑ हजारीबाग जिले में हो रही हत्या की घटनाओं ने पूरे क्षेत्र को दहशत में डाल दिया है

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग हाल के दिनों में बढ़ते अपराधों को लेकर विधायक प्रदीप प्रसाद ने गहरी चिंता जताई है। सोमवार रात कटकमदाग प्रमुख के पति उदय साव की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मंगलवार को पोस्टमार्टम के दौरान विधायक प्रदीप प्रसाद शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल पहुंचे और शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने घटना की जानकारी ली और परिजनों के साथ एक भाई के रूप में खड़े रहे। इसके बाद उन्होंने जिला पुलिस के अधिकारियों से बात की और मामले को जल्द सुलझाने का अनुरोध किया। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा हजारीबाग में अपराधों का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है, जो कि चिंता का विषय बन चुका है। यह तीसरी बड़ी घटना है, जो केवल डेढ़ महीने के भीतर हुई है। पहले मंजीत यादव की हत्या, फिर प्रकाश ठाकुर की हत्या, और अब उदय साव की हत्या ने हजारीबाग को भय और असुरक्षा के माहौल में तब्दील कर दिया है। विधायक ने आगे कहा इन घटनाओं से पूरे जिले में डर का माहौल उत्पन्न हो रहा है। एक ही स्थान पर पांच गोलियां चलाना यह दशार्ता है कि ये घटनाएं कोई आकस्मिक नहीं, बल्कि सुनियोजित साजिश का परिणाम हैं। मैं प्रशासन, पुलिस और सरकार से अनुरोध करता हूं कि अपराधियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जाए, ताकि हजारीबाग में कानून और व्यवस्था बहाल हो सके।

बांग्लादेश में धार्मिक स्थलों पर हो रहे हमले के खिलाफ निकाली रैली

धार्मिक हिंसा नहीं है, बल्कि यह मानवता और सभ्यता के खिलाफ अपराध हैं : प्रदीप प्रसाद

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग
बांग्लादेश में सनातनी समाज और उनके धार्मिक स्थलों पर हो रहे लगातार हमलों और अत्याचारों के खिलाफ मंगलवार को कंचन ग्राउंड हजारीबाग स्टेडियम में एक विशाल रैली और जनसभा का आयोजन किया गया। इस रैली में नवनिर्वाचित विधायक प्रदीप प्रसाद और बरही विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक मनोज कुमार यादव के साथ कई लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और जनता को संबोधित किया। रैली में बड़ी संख्या में सनातन धर्म से जुड़े श्रद्धालु और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। भगवा झंडों के साथ शहर के विभिन्न मार्गों पर जय श्री राम और सनातन धर्म की जय के नारों से गूंज उठा। रैली का मुख्य उद्देश्य बांग्लादेश में सनातनी समाज पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ न्याय की मांग को पुरजोर तरीके से उठाया गया। उन्होंने आगे कहा कि हम इस लड़ाई में हर सनातनी के साथ खड़े हैं और यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक न्याय सुनिश्चित नहीं होता। यह रैली बांग्लादेश में पीड़ित सनातनी समाज के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ती है। सनातन धर्म दुनिया को शांति, करुणा और मानवता का संदेश देता है। लेकिन बांग्लादेश में इसके अनुयायियों के साथ जिस तरह की बर्बरता हो रही है, वह निंदनीय है। यह सिर्फ सनातनियों पर हमला नहीं है, बल्कि यह धार्मिक स्वतंत्रता और मानवाधिकारों पर सीधा प्रहार है। हम बांग्लादेश के पीड़ित सनातनी समाज के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए हर मंच पर आवाज उठाएंगे। यह हमारा नैतिक और धार्मिक कर्तव्य है कि हम अपने भाई-बहनों के साथ खड़े हों। मैं सभी से अपील करता हूं कि इस आंदोलन को और मजबूत करें, ताकि हमारे पड़ोसी देश में सनातनियों को सुरक्षा और सम्मान मिल सके।

भारत जकात मांझी परगना महल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

बरकट्ठा। भारत जकात मांझी परगना महल बरकट्ठा के आदिवासी समाज के सदस्यों ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं कल्पना सोरेन से मिलकर विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत से सरकार बनाने पर बधाई दी। साथ ही बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के जन समस्याओं से अवगत कराया। भारत जकात मांझी परगना महल बरकट्ठा के प्रखंड अध्यक्ष रामजी बेसरा ने बताया कि मुख्यमंत्री से बरकट्ठा क्षेत्र की समस्याएं खासकर आदिवासी बहुल इलाकों में हो रहे जनसमस्याओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने अतिशीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। मुलाकात करने वालों में प्रखंड अध्यक्ष रामजी बेसरा, सचिव मनोज मुर्मू, युवा समाज सेवी सुनील कुमार मुर्मू , महेश टुडू, बाबूराम मांझी, पोखनलाल हंसदा, कन्हैया मांझी, दासों मुर्मू, जीवलाल मांझी, शिवलाल मुर्मू, सहदेव हेंब्रम समेत अन्य लोग शामिल थे।

राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 के आयोजन को लेकर बैठक

10 दिसंबर तक प्रतिभागी कर सकते हैं प्रतियोगिता के लिए रजिस्ट्रेशन

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़
आगामी 13 दिसंबर को राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 के आयोजन के मद्देनजर जिला खेल पदाधिकारी रामगढ़ की अध्यक्षता में सोमवार को अनुमंडल कार्यालय स्थित जिला खेल कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान खेल पदाधिकारी मारकस हेमरोम ने बैठक में उपस्थित नेहरू युवा केंद्र के पदाधिकारी, एनसीसी रामगढ़ के पदाधिकारी एवं जिले के सभी महाविद्यालय के प्रभारी पदाधिकारियो को आगामी 13 दिसंबत को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 में भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु एवं महोत्सव के दौरान होने वाली विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। बैठक के दौरान उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 स्थानीय मैक्स इंस्टीट्यूट आफ टीचर ट्रेनिंग इम्क कॉलेज में जिला स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सामूहिक लोक नृत्य, सामूहिक लोकगीत, एकल लोक नृत्य, एकल लोकगीत, कविता लेखन, कहानी लेखन, चित्रकला, भाषण प्रतियोगिता, विज्ञान मेला एकल,विज्ञान मेला सामूहिक एवं फोटोग्राफी का आयोजन किया जाना है प्रतियोगिता में वैसे प्रतिभागी जिनकी आयु 18 वर्ष से 29 वर्ष के बीच हो भाग ले सकते हैं चयनित प्रतिभागी अनुमंडल स्तरीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे एवं राज्य स्तर पर सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी के रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 10 दिसंबत होगी। प्रतियोगिता में रजिस्ट्रेशन हेतु दिए गए लिंक पर कर सकेंगे । लिंक एचटीटीपीएस/ फॉर्मस.जीएलई/ वीसीएमएफजीवाइकेआइआजेडीबी 9वीयू8 है। वहीं रजिस्ट्रेशन एवं प्रतियोगिता संबंधित अधिक जानकारी के लिए महेश प्रसाद संपर्क नंबर 9801121528, नीतीश कुमार मोदी संपर्क नंबर 9135 9 73356 के संपर्क नंबर 870916456 में संपर्क कर सकते हैं।

रेलवे कर्मचारी यूनियनों के चुनाव को लेकर प्रचार प्रसार हुआ बंद

चार-पांच व छह दिसंबर को डाले जाएंगे वोट

नवीन मेल संवाददाता। झुमरी तिलैया
रेलवे कर्मचारी यूनियनों चुनाव को लेकर सभी यूनियनों की प्रचार-प्रसार बंद हो गया है। अब चार, पांच व छह दिसंबर को वोट डाले जायेंगे। इस संबंध में ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन (ईसीआरकेयू) के शाखा सचिव बीबीसी ने बताया कि उन्होंने कोडरमा ब्रांच के लिए कई बड़े-बड़े मुद्दे को सॉल्व कराया है जैसे कि घाट क्षेत्र में कर्मचारी हित में इंटरसिटी का स्टॉपेज, तिलैया डैम से सीधे कोडरमा स्टेशन व रेलवे क्वार्टर को पानी मुहैया कराना आदि शामिल हैं। इसमें यूनियन की काफी भागीदारी रही है अब अब ट्रैकमैन बैंकर से लटक कर नहीं, बल्कि इंटरसिटी से अपनी ड्यूटी जाते हैं। स्टॉपेज सिर्फ कर्मचारियों को ड्यूटी जाने के लिए ही रेलवे बोर्ड ने मुहर लगाई। इसके अलावे अन्य कई मुद्दें है, जिस पर उनका संगठन ने कर्मचारियों की हित में काम किया है। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रचार थम गया है। प्रचार-प्रसार के अंतिम दिन कोडरमा शाखा की ओर से भी टनकुप्पा, पहाड़पुर, गिरिडीह, राजधनवार हजारीबाग टाउन, गुरपा घाट क्षेत्र जैसे सभी इलाकों में सघन प्रचार अभियान चलाया गया और कर्मचारियों से दो नंबर झंडा छाप इस सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई। मौके पर शाखा अध्यक्ष अभय कुमार, उपाध्यक्ष अजय कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष विश्वजीत सिंह, उपाध्यक्ष शाहनवाज रिजवी, संगठन मंत्री नेपाल यादव, सहायक सचिव विश्वजीत कुमार, संयुक्त सचिव संजीव नयन समेत कई रेलकर्मी मौजूद थे।

राष्ट्रीय सेवा मंच ने मनाया विश्व दिव्यांग दिवस

ठंढ को देखते हुए जरूतमंदों के बीच किया वैशाखी, कंबल व गर्म वस्त्र का वितरण

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़
विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर मंगलवार को समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच के तत्वावधान में भुरकुंडा बाजार में कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के जन्म दिवस पर उनके तस्वीर पर मंच के लोगों द्वारा पुष्प अर्पित कर की गई। इस अवसर पर मंच द्वारा दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से आये दिव्यांगों को बैसाखी, कंबल एवं गर्म वस्त्र का वितरण किया गया। मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा कि ठंढ को देखते हुए आने वाले समय में गरीबों के बीच और भी कंबल का वितरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षों से सबों के सहयोग से मंच द्वारा प्रत्येक रविवार को दातुन-पतल बेचने आये गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है। जो आगे भी जारी रहेगा। श्री सिंह ने सेवा ही कर्म व सबसे बड़ा धर्म, नर सेवा नारायण सेवा का नारा बुलंद करते हुए कहा कि गरीबों की सेवा के लिए क्षेत्र के समाजसेवी, बुद्धिजीवी, जनप्रतिनिधि व आमजनों से भी हर संभव सहयोग करने की अपील की। मौके पर देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, रिंकू वर्णवाल, रविंदर मिस्त्री, कारू यादव, शिवकुमार यादव, लखन राम, अशोक झा आदि ने योगदान दिया ।

नशा मुक्त भारत अभियान के लिए गठित जिला स्तरीय समिति से उपायुक्त ने की बैठक

स्वस्थ सिमडेगा, नशा मुक्त सिमडेगा अभियान चलेगा : डीसी

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में सिमडेगा जिला को नशा मुक्त बनाने के लिए तैयार कार्य योजना के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।उपायुक्त ने कहा कि सिमडेगा जिला में लोगों को नशे की बुराइयों के प्रति जागरूक करने तथा युवा वर्ग को नशे की तरफ जाने से रोकने के लिए एक सघन अभियान स्वस्थ सिमडेगा, नशा मुक्त सिमडेगा चलाया जाएगा। इसके तहत वर्षभर समाज कल्याण सहित विभिन्न विभागों, ग्राम पंचायतों व स्वयं सेवी संस्थाओं के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। अभियान में सभी व्यावसायिक व तकनीकी शैक्षणिक संस्थानों, विद्यालयों, सरकारी व निजी महाविद्यालयों में जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे।इन शिविरों में स्वास्थ्य विशेषज्ञों के साथ ही विभिन्न आध्यात्मिक संस्थाओं का सहयोग लिया जाएगा ताकि नशे जैसी बुराई के हमारे शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता लाई जा सके। विद्यालय एवं कॉलेजों स्तर पर गठित छात्र क्लबों के माध्यम से भी नशा मुक्ति पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर लोगों जागरूक की जाएंगी। उपायुक्त ने कहा कि शिक्षा पदाधिकारी विद्यालय स्तर पर समिति का गठन करेंगे। समितियां स्कूल परिसर में नशे से जुड़ी किसी भी प्रकार की गतिविधियों को रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई करेंगी। पीड़ितों तथा उपभोक्ताओं की पहचान करते हुए नशा मुक्ति केंद्रों में परामर्श एवं उपचार सुविधाओं में सुधार के लिए निरंतर निगरानी एवं प्रोत्साहन सुनिश्चित किया जाएगा। किसी भी शैक्षणिक संस्थान के 100 मीटर के अंदर मादक पदार्थ यथा- सिगरेट, तंबाकू इत्यादि की बिक्री प्रतिबंध का सख्त से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा।

उपायुक्त महोदय ने कार्य योजना के अनुरूप सभी विभागों एवं संस्थाओं को समन्वय स्थापित करते हुए तैयार कार्य योजना के अनुरूप क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार, सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान, समाज कल्याण पदाधिकारी सूरज मुन्नी कुमारी, शिक्षा अधीक्षक सहित विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

महिला कांग्रेस अध्यक्ष मंजू तिर्की का निधन, भूषण बाड़ा ने जताया शोक

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की प्रखंड अध्यक्ष मंजू तिर्की का रांची रिम्स में इलाज के क्रम में हो गया। उनके निधन पर सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा और जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने गहरी शोक संवेदना ब्यक्त किया है। साथ ही दिवंगत के आत्मा की शांति के लिए ईश्वर प्रार्थना की है। विधायक ने शोक ब्यक्त करते हुए कहा मंजू तिर्की ने कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने एवं इस विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को जीत दिलाने में महवपूर्ण भूमिका अदा की थी। वे कांग्रेस के सच्चे सिपाही की तरह पार्टी हित मे काम करती रहती थी। पार्टी के लिए उनके द्वारा किये गए कार्य को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने ईश्वर से शोक संतप्त परिजनों को इस दुःख की घड़ी में हिम्मत देने के लिए भी प्रार्थना की है। साथ ही इस दुःख की घड़ी में परिजनों के साथ खड़ा रहते हुए हर सम्भव मदद करने का भरोसा जताया है। उन्होंने बताया कि उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को उनके पैतृक गांव तामड़ा रसाटोली में किया जाएगा। गौरतलब हो कि मंजू तिर्की के तबियत खराब होने की सूचना सोमवार को ही मिली थी। सूचना मिलते ही तत्काल जिप सदस्य जोसिमा खाखा के पहल पर कांग्रेस नेत्री लीला नाग, उर्मिला केरकेट्टा, शोभेन तिग्गा रिम्स में भर्ती कराई थी। जहां उनका इलाज चल रहा था। इसी क्रम में उन्होंने अस्पताल में ही अंतिम सांसे ली।

विश्व विकलांगता दिवस पर विधिक सेवा प्राधिकार ने बांटे गर्म वस्त्र

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। विश्व विकलांगता दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा मंगलवार को सलडेगा स्थित विकलांग सेवा आश्रम में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम,असिस्टेंट एलएडीसी सुकोमल ने आश्रम में रहने वाले दिव्यांग जनों को कानून की जानकारी दी।प्राधिकार की सचिव ने कहा कि दिव्यांग जनों के लिए कानून में कई अधिकार मिले हैं। उन्हें कानूनी सहायता प्राप्त करने के लिए प्राधिकार की ओर से निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराए जाते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दिव्यांग जनों को पेंशन योजना का भी लाभ दिया जाता है। सचिव ने कहा कि अगर किसी को सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है तो वे प्राधिकार के कार्यालय में आवेदन दे सकते हैं। सचिव ने कहा कि प्राधिकार दिव्यांग जनों को अधिकार दिलाने में सहयोग करेगा। मौके पर असिस्टेंट एलएडीसी सुकोमल ने भी दिव्यांग जनों को कानून में मिले अधिकारों से अवगत कराया। इस मौके पर सचिव ने आश्रम में रह रहे दिव्यांगजनों के बीच गर्म वस्त्र प्रदान किए। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

जलडेगा के टिकरा में जल संकट

प्रशासनिक उदासीनता के कारण नदी का पानी पीने को मजबूर हैं लोग

नवीन मेल संवाददाता

जलडेगा । प्रखंड का हर अंतिम गांव आज पेयजल और बिजली की समस्या से जूझ रहा है। ऐसा नहीं है कि पंचायत के विकास मद में पेयजल की समस्या को लेकर कोई काम किया ना गया है। सभी पंचायतों में 14वें वित्त आयोग, 15वें वित आयोग एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की सरकारी राशि से लाखों की लागत में गांवों में स्वच्छ पेयजल के लिए सोलर जलमीनार लगाया गया है, पर जलमीनार कम गुणवत्ता का होने के कारण एक वर्ष भी सही तरह से चल नहीं पाई। वर्तमान में जलमीनार का काम गांव की शोभा बढ़ाने के अलावा कुछ नहीं है। मामला जलडेगा प्रखंड अंतर्गत टीनगिना पंचायत के टिकरा गांव का है। जिम्मेदारों की उदासीनता के कारण यहां के लोग नदी, दाड़ी और चुआं का दूषित पानी पर आश्रित हो गये हैं। कुछ नल और जलमीनार में तो जंग लगना शुरू हो गया है। इसके चलते ग्रामीण नदी का प्रदूषित पानी को अमृत मानकर पीने को विवश हैं।

सरकार आपके द्वार में आवेदन दिया नहीं बना राशन कार्ड, कम अनाज देने का भी आरोप

गांव की अनीता देवी, संपति देवी, फ़गनी देवी, सुंदरी देवी, उर्मिला देवी, सुगन कुमारी, मायावती देवी का कहना है कि सरकार आपके द्वार में आवेदन देने के बाद भी आज तक उनका राशन कार्ड नहीं बना है। वहीं ग्रामीणों ने कुंदई होरो और इंद्राणी एसएचजी जन वितरण प्रणाली पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि उनका राशन डीलर भी उन्हें कम अनाज देकर कार्ड में पूरा मात्रा अंकित करता है।

गांव में 8 चपाकल और 6 जलमीनार खराब छह टोलों में अभी तक नहीं पहुंची बिजली

राष्ट्रीय नवीन मेल की ग्राउंड रिपोर्टिंग टीम को स्थानीय लोगों ने बताया कि टिकरा राजस्व गांव के पटनीछोला, बघीयाटांड़, खुरलुटांड़, डोंगीझरिया, पुरना बस्ती, कुड़पानी, गोंड टोली, पहाड़ टोली में लगभग 220 परिवार संख्या है, जिनकी कुल आबादी 1100 के लगभग है। इन सभी टोला में कुल 12 सरकारी चपाकल है जिनमें से 8 चपाकल वर्षों से खराब पड़े हैं, ठीक इसी प्रकार इन सभी टोलों में स्वच्छ पेयजल के लिए लाखों रुपए से 9 जलमीनार अधिष्ठापित किया गया है जिसमें से 6 जलमीनार वर्षों से खराब पड़े हैं। ग्रामीणों को इन जलमीनारों से कोई लाभ नहीं मिल रहा है। कुछ लोगों के घरों में अब तक कनेक्शन पाइप भी नहीं पहुंचाया गया है। वहीं कुछ जगह जलमीनार का स्ट्रेक्चर बना कर ऐसे ही छोड़ दिया गया है। राष्ट्रीय नवीन मेल की टीम को लोगों ने बताया कि बघीयाटांड़ (मुंडा बस्ती), खुरलुटांड़, डोंगीझरिया, पुरना बस्ती, कुड़पानी, गोंड टोली, पहाड़ टोली में अब तक बिजली नहीं पहुंची है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने हैं में बिजली और पानी की समस्याओं से निजात दिलाने के लिए हर स्तर पर आवेदन देकर निवेदन किया लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान अभी तक न तो स्थानीय प्रशासन कर पाई और न ही किसी जनप्रतिनिधि ने उनकी बातों को ऊपर तक पहुंचाया। यही नहीं स्थानीय विधायक ने भी उनकी कोई मदद नहीं किया। गांव की महिलाओं ने बताया कि कई घरों में अब तक शौचालय भी नहीं बना है।

मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति की मौत, पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। सिमडेगा सदर अस्पताल में मंगलवार की सुबह मानसिक रूप से विक्षिप्त 60 वर्षीय व्यक्ति की इलाज के क्रम में मौत हो गई। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस में मृतक व्यक्ति के शव को पोस्टमार्टम कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतक की पहचान तामड़ा कामतारा गांव निवासी वरदान लकड़ा के रूप में हुई। बताया गया कि वह कई वर्षों से इधर-उधर भटक कर अपना जीवन यापन करना था। इधर एक दिन बेशुध अवस्था में मिला था जिसे 108 एंबुलेंस की मदद से सीमन का सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था इस दौरान उसका नाम पता नहीं चला था ,इधर मौत के बाद स्थानीय लोगों के माध्यम से परिजनों को सूचना दी गई। जिसके बाद परिजन भी पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम होने के बाद शव अपने साथ ले गए।

झामुमो सचिव शफीक खान ने किया दुकान का उद्घाटन

सिमडेगा। सिमडेगा बस स्टैंड में रॉयल बिरियानी नमक नए प्रतिष्ठान का झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला सचिव सफीक खान के द्वारा मंगलवार को रिबन काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने दुकान संचालक को शुभकामनाएं देते हुए बेहतर दुकान संचालन करने की बात कही इधर दुकान संचालक मोहम्मद हरैंन ने बताया कि यहां पर कोलकाता से कारीगर की व्यवस्था की है ताकि सिमडेगा में भी कोलकाता के तर्ज पर लोगों को बिरयानी उपलब्ध कराया जा सके उन्होंने बताया की दुकान सुबह 9:00 बजे से लेकर रात 10:00 बजे तक संचालित की जाएगी जहां पर ग्राहकों के सुविधा अनुसार सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा।

विश्व दिव्यांग दिवस पर जिले के दिव्यांगों को मिला सम्मान

समाज सेवी भरत प्रसाद ने गर्म कपड़े देकर दिव्यांगों को किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। विश्व दिव्यांग दिवस के मौके पर मंगलवार को समाजसेवी भरत प्रसाद के द्वारा उपहार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर भरत प्रसाद ने दिव्यांगजनो के बीच स्वेटर, कंबल, उनी टोली और साड़ी का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि दिब्यांगग हमारे समाज के अभिन्नग अंग है।इनका सम्मायन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर साल तीन दिसंबर को पूरे विश्वि में विश्व विकलांगता दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि 1992 से विश्व दिव्यांग दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम मनाने का उद्देश्यक दिव्यांग दिवस, दिव्यांग व्यक्तियों के प्रति करुणा, आत्म-सम्मान और उनके जीवन को बेहतर बनाने के समर्थन है। उन्होंने कहा कि उनके अधिकारों के बारे में लोगों को जागरुक करने और सामान्य नागरिकों की तरह उनकी सेहत पर भी ध्यान देने के साथ सामाजिक-आर्थिक स्थिति को सुधारने आदि पर ध्यान केंद्रित किए जाने की जरुरत है। मौके पर जेवियर सोरेंग, जयचंद मांझी, प्रमोद टोप्पो, सुखराम बड़ाईक, विकास केरकेटटा, प्रदीप लकड़ा, नकुल नायक, विदवा यादव, संतोष कुमार, मदन साव,अमित बड़ाईक, विकास बड़ाईक, गणेश बड़ाईक, सुमित्रा देवी, कांति टेटे,लालमती कुमारी, सुनीता देवी,सालो देवी, खुशबु कुमारी सहित कई दिव्यांग उपस्थित थे।

प्रशासन के सहयोग नहीं मिलने पर दिखी नाराजगी

विश्व विकलांग दिवस के मौके पर जिला प्रशासन द्वारा कार्यक्रम आयोजित नहीं करने पर दिव्यांगों में नाराजगी दिखी। विकलांग सेवा आश्रम के सचिव जेवियर सोरेंग ने बताया कि उन्होंने पूर्व में समाज कल्याण विभाग से सम्पर्क स्थापित कर विश्व विकलांग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करने का आग्रह किया था लेकिन विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित करने संबंधी कोई राशि उपलब्ध नहीं होने की बात कहते हुए विभाग ने अपना पल्ला झाड़ लिया था।

सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रुप से घायल

भंडरा। भंडरा-लोहरदगा मुख्य पथ भंडरा थाना क्षेत्र के बरवाटोली के समीप सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रुप से घायल हो गए। जिसे स्थानीय ग्रामीणों द्वारा 108 वाहन की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया गया। बताया जाता है कि भुजानिया गांव निवासी स्वर्गीय तेंबा उरांव के पुत्र नीरज उरांव (19 वर्ष) व एतवा उरांव के पुत्र अमन उरांव (18 वर्ष) अपने मोटर साइकिल से भंडरा साप्ताहिक बाजार से अपने घर भुजानिया लौट रहे थे। इसी दौरान भंडरा बरवाटोली बस्ती के समीप सड़क पर अचानक मवेशी के आ जाने के कारण उनका बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो गए।

बांग्लादेश में हो रही हिंसा के खिलाफ धरना प्रदर्शन आज

लोहरदगा। बांग्लादेश में सनातनियों (हिंदू,सिख,जैन,बौद्ध) को वहां के कट्टरपंथियों के द्वारा मार-काट एवं विभिन्न तरह की शारीरिक एवं मानसिक यातनाएं दे कर कष्ट पहुँचाया जा रहा हैं,और वहां के मंदिरों-मठों को बर्बरता पूर्ण तरीके से तोड़फोड़ करते हुए अत्याचार कर रहे हैं। इसके खिलाफ लोहरदगा जिला के सनातन धर्म के सभी संगठनों के द्वारा 4 दिसंबर 2024 दिन बुधवार को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक समाहरणालय मैदान लोहरदगा में एक दिवसीय धरना कार्यक्रम किया जाएगा। इसके माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति महोदया को इसकी सूचना पहुंचाई जाएगी की बांग्लादेश में रह रहे हमारे लोगों के ऊपर अत्याचार को बंद कराएं, और भाईचारे का वातावरण स्थापित करें।

लोगों को कानूनी जानकारी उपलब्ध कराने के लिए लगेगा शिविर : मरियम

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा नियुक्त किए गए पारा विधिक स्वयं सेवकों की मासिक बैठक सह प्रशिक्षण मंगलवार को प्राधिकार कार्यालय के सभागार में हुई। प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में सचिव ने कहा कि संविधान दिवस के मौके पर पीएलवी के द्वारा किए गए कार्य सराहनीय है। सभी ने बेहतर तरीके से कार्य किया। इसी तरह आगे भी प्राधिकार द्वारा दिए गए जिम्मेवारियों का निर्वहन सही तरीके से करेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों को कानूनी जानकारी उपलब्ध कराने के लिए समय समय पर क्षेत्र में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन करें। साथ ही स्कूलों में भी कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों के अधिकार के बारे जागरूक करें। बैठक में कहा गया कि बैठक में सचिव ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन के लिए जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम में सभी पीएलवी अपनी सहभागिता निभाएं और महिलाओं को जागरूक करने में अपना योगदान दें। साथ ही इससे जुड़े प्रतिवेदन को 13 दिसंबर तक कार्यालय में जमा करने का निर्देश पीएलवी को दिया गया। बैठक में सचिव हेमरोम ने कहा कि 14 अगस्त को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे सभी पीएलवी अपने स्तर से लोगों को जागरूक करें और लोगों से अपने लंबित मामलों का निष्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत में कराने के प्रति जागरूक करें। बैठक में असिस्टेंट एलडीसीएस सुकोमल ने सभी पीएलवी को सही तरीके से काम करने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पीएलवी क्षेत्र में शिविर का आयोजन कर ग्रामीणों को कानूनी अधिकार के बारे जागरूक करें। मौके पर जिले के सभी पारा लीगल वोलेंटियर मौजूद थे।

लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ चला जागरूकता अभियान

भंडरा। अंतर्राष्ट्रीय मानवधिकार दिवस के अवसर पर लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ एक महीने तक चलने वाले राष्ट्रीय अभियान शुभारंभ सोमवार को किया गया। यह अभियान 23 दिसंबर 2024 तक प्रदेश में चलेगा। महिला को पूरी तरह से सशक्त करना है तो महिला का सामाजिक सशक्तिकरण, राजनीतिक सशक्तिकरण और शैक्षिक सशक्तिकरण करना जरूरी है। ग्रामीण विकास मंत्रालय के तत्वावधान में दीनदयाल अंत्योदय योजना- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ एक महीने तक चलने वाले राष्ट्रीय अभियान की शुरूआत सोमवार को की गयी, सोमवार को प्रखंड के भंडरा लाल बहादुर शास्त्री व बर्मनडीहा प्लस टू विद्यालय मे सीडीपीओ नंदी रानी व प्रवेक्षिका नीलम मिंज द्वारा महिला धरेलु हिंसा पोस्को कानून, बाल विवाह आदि पर कक्षा 9 से 12 वी तक छात्रों को जागरूक किया गया। मौके पर सीडीपीओ नंदी रानी ने बताया की जागरूकता अभियान का उद्देश्य जमीनी स्तर की पहल के माध्यम से लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना और लक्षित कार्रवाई को बढ़ावा देना है। लिंग आधारित हिंसा के सभी रूपों के बारे में जागरूकता बढ़ाना, समय पर सहायता के लिए समर्थन प्रणालियों तक पहुंच प्रदान करना और स्थानीय संस्थाओं को निर्णायक रूप से कार्य करने के लिए सशक्त बनाना शामिल है।

न्यूज बॉक्स

बढ़ती ठंड के बावजूद सिमडेगा में नहीं हुई अलाव की व्यवस्था, बढ़ी परेशानी

सिमडेगा। जिले में कड़ाके की ठंड पड़ रही है जिससे कि जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित है ऐसे में ठंड से निजात के लिए नगर परिषद सिमडेगा की और से शहर के चौक चौराहों पर अभी तक अलाव की व्यवस्था नहीं की है जिससे कि लोग परेशान हो रहे हैं। शहर के हृदय स्थली महावीर चौक, झूलन सिंह चौक, थाना के समीप, प्रिंस चौक ,नीचे बाजार केलाघाघ मोड सहित आसपास के जगह में प्रत्येक वर्ष ठंड के दौरान नगर परिषद की ओर से अलाव की व्यवस्था की जाती है, ताकि राहगीर और स्थानीय लोगों को ठंड से राहत मिल सके। लेकिन इस वर्ष अभी तक किसी प्रकार की पहल नहीं होने से लोग परेशान है इधर स्थानीय लोगों ने नगर परिषद सिमडेगा से शहर के चौक चौराहा पर अलाव की व्यवस्था की मांग की है।

तुमगा गांव में इंद मेला पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

पाकरटांड। प्रखंड के सिकरियाटांड पंचायत अंतर्गत तुमगा गांव में सोमवार देर रात इंद मेला के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी फिरू नायक एवं विशिष्ट अतिथि सिकन्दर बरवा,ऑस्कर डांग समिति के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी के द्वारा किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि फिरू नायक ने कहा कि इस प्रकार का आयोजन करने से विलुप्त होती हुई सभ्यता और संस्कृति को बचाने में मदद मिलती है ,इसलिए हम सभी लोगों को सामूहिक रूप से प्रयास करने की आवश्यकता है।उन्होंने कहा ऐसे कार्यक्रम का आयोजन हो और हमारी संस्कृति को बचाया जा सके,इंद मेला भगवान इंद्र को आभार व्यक्त करने के लिए किया जाता है, किसान अपने अच्छी फसल उगाते हैं इसमें भगवान इंद्र की बारिश और फसलों के ऊपर उनका आशीर्वाद रहता है, तब जाकर क्षेत्र में अच्छी फसल होती है।वहीं इस मौके पर अन्य अतिथियों ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। कार्यक्रम की शुरुआत झारखंड के मशहूर गायक रूपेश बड़ाईक के द्वारा भक्ति वंदना के साथ शुरुआत की ,जहां पर उपस्थित लोग झुमने लगे। इसके बाद सुहाना देवी, चिंता देवी ,कयूम अब्बास,लालधन नायक, केशव देवी अपने उपस्थित लोगों को अपने गीतों से झुमाया इसके अलावा डांसर काजल ने अपने नृत्य से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम रात भर चलता रहा विधि व्यवस्था को लेकर भारी संख्या में पुलिस बल जगह पर तैनात रही और शांतिपूर्ण तरीके से कार्यक्रम संपन्न हुआ।आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति के अध्यक्ष वरुण प्रधान ,उपाध्यक्ष बसंत नायक, सचिव अमर बेसरा ,उप सचिव विनोद नायक ,कोषाध्यक्ष अरुण प्रधान ,उपकोषाध्यक्ष मोतीलाल नायक, संरक्षक काशीलाल नायक सहित समिति के पदाधिकारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

ऑल चर्चेस कमेटी ने विधायक सुदीप गुड़िया को चिरूबेड़ा गांव में किया स्वागत

बानो। प्रखण्ड के चकलाबासा चिरुबेडा में मंगलवार को ऑल चर्चेस कमिटी बानो द्वारा नव निर्वाचित विधायक सुदीप गुड़िया का स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित विधायक सुदीप गुड़िया के पहुंचने के साथ ही पारंपरिक नृत्य से उनका स्वागत करते हुए कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया। इस मौके पर उपस्थित स्थानीय महिला समूह के द्वारा स्वागत गान के साथ उनका स्वागत करते हुए नृत्य की प्रस्तुति की। इस मौके पर आए हुए अतिथियों को माला पहनकर एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक का सुदीप गुड़िया ने कहा विगत विधानसभा चुनाव में जिस प्रकार से आप लोगों का जन समर्थन प्राप्त हुआ है इस समय इस स्थान तक पहुंचा हूं इसलिए आप सभी का मैं आभार व्यक्त करता हूं। आज क्षेत्र में जो भी समस्याएं हैं उन समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने का कार्य करेंगे। मैं पहले आपका बेटा व भाई हूँ उसके बाद ही विधायक हूँ प्रखण्ड के विकास के लिए मिल जुल कर काम करना है उन्होंने कहा कि पुनः 6दिसम्बर को बानो प्रखण्ड के विभिन्न पंचायत के कार्यकर्ताओं से मुलाकात के लिए आऊंगा। हमें खुशी हुई कि आप लोगों ने मुझे सेवा करने का मौका दिया । कार्यक्रम में आए हुए अन्य अतिथियों के द्वारा भी लोगों को संबोधित किया।इस अवसर पर झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष बीरजो कंडुलना, पादरी सी एस जड़िया ,फादर भितुस केरकेट्टा , सुधीर डांग ,अमित बडिंग ,शिलानंद ,अनिल लुगुन ,आलोक बारला , कृपा हेमरोम, प्रीति बुढः,बोवास तोपनो,अनिल बागे,आदि लोग उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन जगदीश बागे किया।

जंगली हाथियों के उत्पात वाले क्षेत्र में विधायक ने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को भेजा

ठेठईटांगर। प्रखंड में जंगली हाथियों द्वारा उत्पात मचाया जा रहा है। हाथी घरों के साथ-साथ खेतों में लगे फसलों को भी नुकसान पहुंचा रहे है, जिससे ग्रामीणों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस बात की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी के निर्देश पर उनके प्रतिनिधि व अन्य कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने ठेठईटांगर प्रखंड के कोनपाला पंचायत के सर्पलता बाघचट्टा पंचायत के बिरंगाटोली, भावरखोल का भ्रमन कर ग्रामीणों से मुलाकात की। साथ ही उनके समस्याओं से अवगत हुए तथा समस्या दूर करने का आश्वासन दिया। विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू ने मौके पर से ही वन विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क कर पीड़ितों के नुकसान का आंकलन कर जल्द से जल्द मुआवजा देने की प्रक्रिया पूर्ण करने की बात कही। साथ ही हाथियों से बचाव के लिए ग्रामीणों के बीच जुट बोरा, जला हुआ मोबिल टार्च, बम, आदि का वितरण किया। साथ ही ग्रामीणों से कहा कि कभी भी गांव मे हाथी प्रवेश करता हैं तो उसकी खबर विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी तक पहुंचाए ताकि समय रहते गांव के लोगो को हाथी भगाने का संसाधन उपलब्ध कराया जा सके तथा वन विभाग को भी इसकी सूचना दिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अगर वह विभाग के अधिकारी सूचना के उपरांत लापरवाही बरतते है ,तो उन पर भी कार्रवाई किया जाएगा। पुर्व प्रमुख सह कांग्रेस कार्यकर्ता जेरोम मिंज ने कहा कि आज जो समस्या है वह हाथी और इंसान के बीच की लड़ाई नही है बल्कि यह लड़ाई पेट की हैं। आज जंगलो में हाथियों के खाने का पेड़-पौधे व भोजन न होने के कारण वह इंसानों के घर में धान आदि खाने के लिए गांवों में हमला कर रहे है।उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि जब भी गांव के आस-पास हाथियों के आने की सूचना मिलती है सभी सतर्क रहें और हाथियों को नही छेड़े बल्कि अपने गांव से हाथी को दूर रखने का प्रयास करें।मौके पर मौजूद पंचायत अध्यक्ष सेबेस्तियन टेटे उर्फ रेने, बेनेदिक लकड़ा, प्रखंड सचिव सफीक अंसारी, पतरस डुंगडुंग, अतुल बारला, आदि उपस्थित थे।

एक नजर

रास्ता बंद किये जाने के खिलाफ ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

धनबाद। तोपचांची प्रखंड अंतर्गत गेंदनवाडीह पंचायत के मोहनपुर में रेलवे द्वारा विस्तारीकरण कार्य के दौरान रास्ता बंद किए जाने के खिलाफ मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड सचिव नवल किशोर केवट के नेतृत्व में एक बैठक कर आंदोलन की रणनीति बनाई गई।ग्रामीणों का कहना हैं कि रेलवे द्वारा गोमो फ्लाइओवर परियोजना निर्माण कार्य हेतु तीनों पंचायत की जमीन लिया गया है।चूँकि तीनों पंचायत के ग्रामीणों का आने-जाने के लिए तीन पुलिया रेलवे अण्डर पुल में ही वर्षों से आवागमन रहा हैं,जो अब वर्तमान में रेलवे द्वारा समुचित रास्ता रेलवे निर्माण कार्य के लिए बंद कर दिया है। तीनों पंचायत के लगभग पन्द्रह हजार अबादी को वैकल्पिक रास्ता नहीं दिए जाने के कारण कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है।

सूर्य मंदिर प्रांगण में 8 से 16 दिसंबर तक होगा श्रीमद्भागवत कथा

धनबाद । कतरास सूर्य मंदिर प्रांगण में 8 से 16 दिसंबर को होने वाले श्रीमद्भागवत कथा को लेकर मंगलवार को सूर्य मंदिर प्रांगण में सूर्य मंदिर कमेटी के लोगों ने प्रेस वार्ता कर आयोजन की जानकारी दी।सूर्य मंदिर कमेटी के पदाधिकारी व वियाडा के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार झा ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा की तैयारी पूरे जोर से की जा रही है।श्री झा ने कहा 8 दिसंबर को नर्मदेश्वर मंदिर से प्रातः 10 बजे तुलसी भागवत का नगर भ्रमण कलश तथा शोभा यात्रा निकाली जाएगी। कथावाचक सुरेंद्र हरिदास ने बताया 9 दिसंबर को सुखदेव जन्म नारद संवाद कथा, 10 दिसंबर को महाभारत तथा श्रीकृष्ण देव देवहूति संवाद, 11 दिसंबर को श्रीध्रुव चरित्र प्रहलाद चरित्र कथा, 12 दिसंबर को राम जन्मोत्सव श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, 13 दिसंबर को कृष्ण बाल लीला गोवर्धन लीला 56 भोग,14 दिसंबर को महारास रुक्मणी विवाह महोत्सव, 15 दिसंबर को सुदामा श्रीकृष्ण मिलन भागवत विश्राम फूलों की होली, 16 को पूणार्हूति हवन, प्रसाद वितरण किया जाएगा।

बीडीओ ने मुखिया, पंचायत सचिव व रोजगार सेवकों के साथ की समीक्षा बैठक

कार्य में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता। गावां गिरिडीह
मंगलवार को बीडीओ महेंद्र रविदास ने पंचायत सचिव, मुखिया व रोजगार सेवकों के साथ समीक्षा बैठक किया। बैठक के दौरान उन्होंने कर्मियों से कहा कि कार्य में लापरवाही बरतने पर उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास तथा मनरेगा व 15वीं वित्त की योजनाएं पंचायतों में काफी अधूरा पड़ा हुआ हैं। ये सभी योजनाएं पूर्ण क्यों नहीं हो रही हैं। उन्होंने पंचायत सचिव, मुखिया एवं रोजगार सेवकों से इसकी विस्तृत जानकारी लिया। उन्होंने सभी कर्मियों को पूरी ईमानदारी से काम करने को कहा। प्रखंड में बहुत सारी पुराने योजनाएं अधूरा पड़ा हुआ हैं। उन योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण कराएं। पंचायत सचिव तथा रोजगार सेवक पंचायतों में जाकर जो भी योजनाएं अधूरा हैं उसे जल्द से जल्द पूर्ण कराते हुए प्रखंड कार्यालय में इसका रिपोर्ट दें। जिन योजनाओं में गड़बड़ी की गई हैं उन योजनाओं की रिकवरी भी कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रखंड के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य करें। ताकि किसी भी ग्रामीण को प्रखंड कार्यालय का चक्कर न काटना पड़े। उन्होंने कहा कि पंचायतों में छापामारी अभियान चलाया जाएगा। पंचायतों में जाकर योजनाओं की जांच की जाएगी। बैठक में 8 दिसंबर से चलने वाली प्लस पोलियो अभियान पर भी चर्चा की गई। डॉ महेश्वरम ने कहा कि प्रखंड के सभी बूथों में अधिक से अधिक संख्या में बच्चों को प्लस पोलियो का ड्राप पिलाएं। इसके लिए सभी मुखिया व पंचायत कर्मी अपने अपने स्तर से लोगो को जागरूक करें।बैठक में एमओ प्रदीप राम, डॉ महेश्वरम, संजय कुमार, कन्हाइ राम, अमित कुमार, रूपा श्री सिंह, मुन्नी कुमारी, प्रभा देवी, चन्दन कुमार, मेराजुद्दीन, पंकज कुमार, पप्पू राय, संजय यादव समेत कई कर्मी व मुखिया उपस्थित थे।

जिला स्तरीय युवा उत्सव का होगा आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। धनबाद
नेहरू युवा केंद्र धनबाद एवं जिला खेल कार्यालय धनबाद के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 12 दिसंबर को पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज धनबाद में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस उत्सव में युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान किया जाएगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 11 प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें नृत्य, गायन, कहानी लेखन, पेंटिंग, भाषण, मोबाइल फोटोग्राफी आदि प्रमुख हैं। प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थानों पर आने वाले प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। जिला स्तर पर विजेता बनने वाले प्रतिभागियों को प्रमंडल स्तर पर आयोजित युवा उत्सव में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। प्रमंडल स्तर के विजेताओं को खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखंड सरकार द्वारा आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। इसके साथ ही, राज्य स्तर पर विजयी प्रतिभागियों के दल को 12 जनवरी 2025 को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय युवा उत्सव में भाग लेने एवं अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। युवाओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु नेहरू युवा केंद्र धनबाद एवं जिला खेल कार्यालय धनबाद द्वारा विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जाएगा। धनबाद जिले के सभी 15 से 29 वर्ष के युवा इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित हैं। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल युवाओं की छिपी हुई प्रतिभा को सामने लाना है, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना भी है। अधिक जानकारी के लिए नेहरू युवा केंद्र धनबाद या जिला खेल कार्यालय धनबाद से संपर्क किया जा सकता है।

डीएमएफटी मद से हो रहे पथ निर्माण का उप विकास आयुक्त ने किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़
डीएमएफटी मद से हो रहे हैं सड़क निर्माण की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा टीम गठित कर हो रहे निर्माण कार्यों का ऑन द स्पॉट जाकर पदाधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। रामगढ़ जिला अंतर्गत ग्रामीण से शहरी क्षेत्रों तक आवागमन की सुविधा को दुरुस्त करने के उद्देश्य से डीएमएफटी मद से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पथ निर्माण सहित अन्य योजनाओं के तहत लोगों को सुविधा पहुंचाने के उद्देश्य से हो रहे निर्माण कार्यों का जांच हेतु उपायुक्त चंदन कुमार के निदेर्शानुसार टीम गठित किया गया। जांच टीम द्वारा डीएमएफटी के तहत विभिन्न योजना अंतर्गत नेहरू रोड में सड़क निर्माण कार्य का पदाधिकारियों द्वारा जा जाकर निरीक्षण किया गया साथ ही क्षेत्र के लोगों से भी निर्माण की गुणवत्ता पर चर्चा की गई ।इस दौरान लोगों ने डीएमएफटी के तहत हो रहे निर्माण कार्य की प्रशंसा करते हुए उपायुक्त को धन्यवाद कहा।

सशस्त्र सीमा बल व स्कूली बच्चों ने स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को किया जागरूक

चैनपुर। चैनपुर प्रखंड के कुरूमगाड़ थाना क्षेत्र में 32 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने स्वच्छता ही सेवा मिशन के तहत एक व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया। इस कार्यक्रम का आयोजन कुरुमगढ़ चौकझचौराहा,आरोग्य मंदिर और आसपास के सार्वजनिक स्थलों पर किया गया, जिसमें स्थानीय लोगों और स्कूली बच्चों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।इस अभियान का उद्देश्य जन जागरूकता और जनसहभागिता को बढ़ावा देना था। जवानों ने स्थानीय लोगों एवं राजकीय उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय के बच्चों और शिक्षकों के साथ मिलकर स्वच्छता से संबंधित बैनर और स्लोग न के माध्यम से गीले और सूखे कूड़े के सही शोधन की जानकारी साझा की।

कटकमदाग प्रमुख पति की हत्या को लेकर एसपी से मिले विधायक, घटना की कड़ी निन्दा की

नवीन मेल संवाददाता। बरही
कटकमदाग प्रखंड के प्रमुख विनिता देवी के पति उदय साव के नृशंस हत्या को लेकर बरही विधायक मनोज कुमार यादव एसपी अरविंद कुमार से मुलाकात किया. उन्होंने जिले के विधि व्यवस्था पर चिंता व्यक्त किया और हत्यारों के शीघ्र गिरफ्तारी की मांग किया. विधायक श्री यादव ने कहा कि हजारीबाग के भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में एक प्रतिनिधि के पति की हत्या होना अत्यंत निंदनीय है. जो प्रशासनिक व्यवस्था के लिए अपराधियो की खुली चुनौती है. ऐसी घटनाओं से आम जन भयभीत है. हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी कर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता किया जाए. जिससे भविष्य में घटना की पुनरावृति नही हो. विधायक श्री यादव गोलीकांड की सूचना पर घटना स्थल पहुंचकर मामले की जानकारी लिए. उन्होंने इस घटना की कड़ी निन्दा करते हुए मृतक के परिजनों को सांत्वना देते हुए मृतात्मा की शांति हेतु ईश्वर से कामना किया है.

बाबूलाल मरांडी पहुंचे गावां, हुआ स्वागत

ग्रामीणों ने सड़क किनारे नाली बनवाने की मांग की

नवीन मेल संवाददाता। गावां, गिरिडीह
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह धनवार के नवनिर्वाचित विधायक बाबूलाल मरांडी मंगलवार को गावां पहुंचे। यहां कार्यकर्ताओं ने उनका फूल माला पहनाकर भव्य रूप से स्वागत किया। बाद में उन्होंने प्रखंड के पटना, नगवां, माल्डा, गदर और खरसान, पिहरा पूर्वी पश्चिमी आदि पंचायतों का भ्रमण कर लोगों से मिले और उनकी समस्याओं को सुना। पटना पंचायत में ग्रामीणों ने सड़क किनारे नाली बनवाने की मांग की। इसपर बाबूलाल मरांडी ने पहल करने का आश्वासन दिया। बाद में माल्डा के तिवारी टोला में बीते दिन दिन चोरी हुए घरों में लोगों से मिले और कहा कि उद्वेदन को लेकर प्रशासन से बात किया जायेगा। उन्होंने भाजपा पंचायत अध्यक्ष पांडेयडीह निवासी महेंद्र पांडेय के घर पहुंचकर पिता के निधन पर शोक संवेदना प्रकट की। बाद में पिहरा साहू समाज भवन में बाबूलाल मरांडी का स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने धनवार से प्रचड़ जीत दिलाने पर मतदाताओं का आभार जताया। इससे पूर्व बाबूलाल मरांडी ने चेरवा नदी का निरीक्षण किया। गौरतलब है कि यहां चुनाव से पूर्व ग्रामीणों ने पुल निर्माण की मांग को लेकर वोट बहिष्कार का ऐलान कर दिया था। हालांकि बाद में अधिकारियों के आश्वासन पर ग्रामीणों ने वोट दिया था। ग्रामीणों का कहना था कि नदी में पुल नहीं होने के कारण लोगों को 3-4 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करना पड़ता है। इसपर मरांडी ने शीघ्र ही पहल करने का आश्वासन दिया। बाबूलाल मरांडी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि 2019 के विस चुनाव के अपेक्षा इसबार भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़ा है। कहा कि चुनाव का गणित अलग-अलग होता है। एक यह भी कारण था कि जयराम महतो उम्मीद से ज्यादा वोट ले आया। जिसकी हमें कोई उम्मीद नहीं थी। भाजपा को लगा था कि वोट का विभाजन होगा। सुदेश महतो (यानी) आजसू और भाजपा को भी मिलेगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ है। इस कारण भी सीटें कम आई है।

AFFIDAVIT

I, Lalo Devi, W/O- Shree Ramesh Munda, at- Jayanagar, Tongratoli, P.O.- Jaynagar, P.S.- Patratu, District- Ramgarh, State- Jharkhand, hereby declare by affidavit number 7370 dated 22/10/2024 that my real and correct name is Lalo Devi which is recorded in the voter ID card. My nickname is Lalita Devi which is recorded in the Aadhaar card issued in my name. Both Lalo Devi and Lalita Devi are names of the same woman which represents me.

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
हटिया योजना, राँची

निविदा रद्द करने के संबंध में

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित निविदा सं0:–LAB/ DWSD / 19/ 2024-25 दिनांक– 08/10/2024 (प्रथम आमंत्रण) जिसका PR No. 338444 (Drinking Water & Sanitation)2024-25 है, को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
हटिया योजना, राँची।

PR.NO.341101 Drinking Water and Sanitation(24-25):D

उद्देश्य पर ध्यान देते हुए भारत के विकास को बढ़ावा देता 'प्रगति'

रांची / नई दिल्ली। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के सैद बिजनेस स्कूल और गेट्स फाउंडेशन द्वारा 'फ्रॉम ग्रिडलॉक टू ग्रोथ : हाउ लीडरशिप ड्राइव्स इंडियाज प्रगति इकोसिस्टम' शीर्षक से प्रकाशित एक अध्ययन में, प्रगति (सक्रिय शासन और निर्धारित समय पर कार्यान्वयन) पहल की उल्लेखनीय सफलता का पता लगाया गया है। इसमें जोर दिया गया है कि निर्णायक नेतृत्व और नवोन्मेषी शासन के संयोजन ने भारत में बुनियादी ढांचे के विकास को बदल दिया है, समान चुनौतियों का सामना कर रहे अन्य देशों के लिए एक मिसाल कायम की है।

पृष्ठभूमि : इसकी शुरूआत 25 मार्च 2015 को की गई थी। प्रगति 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन' की कल्पना को साकार करती है। यह कार्यक्रम भारत के विकास को गति देने के लिए सहयोग, पारदर्शिता और प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देता है, साथ ही नागरिकों की शिकायतों का समाधान करता है और जवाबदेही सुनिश्चित करता है। प्रगति का मुख्य कार्य एक एकीकृत मंच के रूप में कार्य करना है जो सरकारी परियोजनाओं और योजनाओं की लगातार निगरानी करने में सक्षम बनाता है, विशेष रूप से वे जो भारत के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। यह मंच प्रमुख परियोजनाओं की नियमित समीक्षा की सुविधा प्रदान करता है, तथा देरी, लागत में वृद्धि और कार्यान्वयन में बाधाओं जैसे मुद्दों का समाधान करता है।

नवनिर्वाचित विधायक राज सिन्हा को दी बधाई कराया समस्याओं से अवगत

धनबाद। चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार की टीम ने धनबाद के नवनिर्वाचित विधायक राज सिन्हा को अंग वस्त्र और पुष्प भेंट कर बधाई दी। चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार के संचालन समिति के सदस्य सोहराब खान ने कहा कि पुराना बाजार सबसे पुराना और व्यस्तम व्यावसायिक क्षेत्र हैं।जहां हर दिन हजारों की संख्या में ग्राहकों का आवागमन होता हैं।परंतु शौचालय और पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने के कारण व्यवसायियों सहित ग्राहकों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता हैं। सोहराब खान ने कहा कि हम लोगों ने धनबाद विधायक से सुलभ शौचालय और पार्किंग निर्माण की गुहार लगाई हैं।जिस पर उन्होंने सकारात्मक पहल करने की बात कही हैं।आशा करते हैं कि पुराना बाजार में सुलभ शौचालय और पार्किंग निर्माण पर जल्द पहल की जायेगी।

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गुमला
प्रशिक्षण-सह-उत्पादन केन्द्र भवन, समाहरणालय परिसर, गुमला
पिन – 835207 ईमेल : ssa09gumla@gmail.com

पत्रांक 1085 दिनांक 03.12.2024

शिशु पंजी/ बाल पंजी अद्यतनीकरण हेतु आम सूचना

गुमला जिला के सभी कुल 1331 सरकारी प्राथमिक, मध्य, उच्च, उच्चतर विद्यालयों में वित्तीय वर्ष 2024–25 के शिशु पंजी संधारण/ अद्यतनीकरण का कार्य किया जाना है, जिसमें 03–18 आयुवर्ग के बच्चों की जनसंख्या का आकलन बच्चों के विद्यालय में नामांकित रहने या अनामांकित रह जाने/ ड्रॉपआउट हो जाने से संबंधित जानकारी के उद्देश्य से जिले के सभी सरकारी शिक्षकों को आवंटित गाँव/टोले घरों का सर्वेक्षण कार्य दिनांक 04.12.2024 से 04.01.2025 तक किया जाना है। संबंधित सर्वेक्षण कार्य में सरकारी सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक/ मदरसा/ संस्कृत) सभी विद्यालयों के सभी शिक्षक सरकारी विद्यालयों को शिशु पंजी अद्यतन करने हेतु किये जाने वाले घर–घर सर्वे करने में सहयोग करेंगे। उक्त अवधि में जिला कार्यालय के पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड साधन सेवी, संकुल साधन सेवी के द्वारा सतत् अनुश्रवण किया जाएगा ताकि त्रुटि रहित आँकड़ें का संधारण हो सके।

घर–घर सर्वेक्षण कार्य के क्रम में आंगनबाड़ी, विद्यालय प्रबंधन समिति, माता–समिति, स्वयंसेवी संस्था, पंचायत समिति के सदस्य/ जन प्रतिनिधि, समाजसेवी एवं अभिभावकों से अनुरोध है कि आपके क्षेत्राधीन गाँव/ टोले घरों का एक भी बच्चा इस सर्वेक्षण कार्य से वंचित न रहे।

इस कार्य में आप सबों का विशेष सहयोग अपेक्षित है।

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी झारखंड शिक्षा परियोजना, गुमला

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी झारखंड शिक्षा परियोजना, गुमला

PR.NO.341054
Jharkhand Education Project Council(24-25):D

दिव्यांगजनों की सेवा और स्वाभिमान का अमृत दशक!

आज महत्वपूर्ण दिन है। पूरा विश्व इस दिन को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के रूप में मनाता है। आज का दिन दिव्यांगजनों के साहस, आत्मबल और उपलब्धियों को नमन करने का विशेष अवसर होता है। भारत के लिए ये अवसर एक पवित्र दिन जैसा है। दिव्यांगजनों का सम्मान भारत की वैचारिकी में निहित है। हमारे शास्त्रों और लोक ग्रंथों में दिव्यांग साथियों के लिए सम्मान का भाव देखने को मिलता है।

रामायण में एक श्लोक है

उत्साहो बलवानार्य,
नास्त्युत्साहात्परं बलम।
सोत्साहस्यास्ति लोकेऽस्मिन, न किञ्चिदपि दुर्लभम।

श्लोक का मूल यही है कि जिस व्यक्ति के मन में उत्साह है, उसके लिए विश्व में कुछ भी असंभव नहीं है।

आज भारत में हमारे दिव्यांगजन इसी उत्साह से देश के सम्मान और स्वाभिमान की ऊर्जा बन रहे हैं। इस वर्ष ये दिन और भी विशेष है। इसी साल भारत के संविधान के 75 वर्ष पूर्ण हुए हैं। भारत का संविधान हमें समानता और अंत्योदय के लिए काम करने की प्रेरणा देता है। संविधान की इसी प्रेरणा को लेकर बीते 10 वर्षों में हमने दिव्यांगजनों की उन्नति की मजबूत नींव रखी है। इन वर्षों में देश में दिव्यांगजनों के लिए अनेक नीतियां बनी हैं, अनेक निर्णय हुए हैं। ये निर्णय दिखाते है कि हमारी सरकार सर्वस्पर्शी है, संवेदनशील है और सर्वविकासकारी है। इसी क्रम में आज का दिन दिव्यांग भाई-बहनों के प्रति हमारे इसी समर्पण भाव को फिर से दोहराने का दिन भी बना है। मैं जब से सार्वजनिक जीवन में हूं, मैंने हर मौके पर दिव्यांगजनों का जीवन आसान बनाने के लिए प्रयास किए हैं। प्रधानमंत्री बनने के बाद मैंने इस सेवा को राष्ट्र का संकल्प बनाया। 2014 में सरकार बनने के बाद हमने सबसे पहले 'विक्लांग' शब्द के स्थान पर 'दिव्यांग' शब्द को प्रचलित करने का फैसला लिया। ये सिर्फ शब्द का परिवर्तन नहीं था, इसने समाज में दिव्यांगजनों की गरिमा भी बढ़ाई और उनके योगदान को भी बड़ी स्वीकृति दी। इस निर्णय ने ये संदेश दिया कि सरकार एक ऐसा समावेशी वातावरण चाहती है, जहां किसी व्यक्ति के सामने उसकी शारीरिक चुनौतियां दीवार ना बनें और उसे उसकी प्रतिभा के अनुसार पूरे सम्मान के साथ राष्ट्र निर्माण का अवसर मिले। दिव्यांग भाई-बहनों ने विभिन्न अवसरों पर मुझे इस निर्णय के लिए अपना आशीर्वाद दिया। ये आशीर्वाद ही, दिव्यांगजन के कल्याण के लिए मेरी सबसे बड़ी शक्ति बना। हर वर्ष देश भर में हम दिव्यांग दिवस पर अनेक कार्यक्रम करते हैं। मुझे आज भी याद है, 9 साल पहले हमने आज के ही दिन सुगम्य भारत अभियान का शुभारंभ किया था। 9 सालों में इस अभियान ने जिस तरह से दिव्यांगजनों को सशक्त किया, उससे मुझे बड़ा संतोष मिला है। 140 करोड़ देशवासियों की संकल्प-शक्ति से 'सुगम्य भारत' ने ना सिर्फ दिव्यांगजनों के मार्ग से कई बाधाएं हटाई, बल्कि उन्हें सम्मान और समृद्धि का जीवन भी दिया। पहले की सरकारों के समय जो नीतियां थीं...उनकी वजह से दिव्यांगजन सरकारी नौकरियों और उच्च शिक्षा के अवसरों से पीछे रह जाते हैं। हमने वो स्थितियां बदलीं। आरक्षण की व्यवस्था को नया रूप मिला। 10 वर्षों में दिव्यांगजन के कल्याण के लिए खर्च होने वाली राशि को भी तीन गुना किया गया। इन निर्णयों ने दिव्यांगजनों के लिए अवसरों और उन्नतियों के नए रास्ते बनाए। आज हमारे दिव्यांग साथी, भारत के निर्माण के समर्पित साथी बनकर हमें गौरवान्वित कर रहे हैं। मैंने स्वयं ये महसूस किया है कि भारत के युवा दिव्यांग साथियों में कितनी अपार संभावनाएं हैं। पैरालंपिक में हमारे खिलाड़ियों ने देश को जो सम्मान दिलाया है, वो इसी ऊर्जा का प्रतीक है। ये ऊर्जा राष्ट्र ऊर्जा बने, इसके लिए हमने दिव्यांग साथियों को स्किल से जोड़ा है, ताकि उनकी ऊर्जा राष्ट्र की प्रगति की सहायक बन सके। ये प्रशिक्षण सिर्फ सरकारी कार्यक्रम भर नहीं है। इन प्रशिक्षणों ने दिव्यांग साथियों का आत्मविश्वास बढ़ाया है। उन्हें रोजगार तलाशने की आत्म शक्ति दी है।

मेरे दिव्यांग भाई-बहनों का जीवन सरल, सहज और स्वाभिमानी हो, सरकार का मूल सिद्धांत यही है। हमने इसी भाव से लागू किया। इस ऐतिहासिक कानून में कैटेगरी को भी 7 से बढ़ाकर 21 किया गया। पहली बार हमारे एसिड अटैक सर्वाइवर्स भी इसमें शामिल किए गए। आज ये कानून दिव्यांगजनों के सशक्त जीवन का माध्यम बन रहा है। इन कानूनों ने दिव्यांगजनों के प्रति समाज की धारणा बदली है। आज हमारे दिव्यांग साथी भी विकसित भारत के निर्माण के लिए अपनी संपूर्ण शक्ति के साथ काम कर रहे हैं। भारत का दर्शन हमें यही सिखाता है कि समाज के हर व्यक्ति में एक विशेष प्रतिभा जरूर है। हमें उसे बस सामने लाने की जरूरत है। मैंने हमेशा अपने दिव्यांग साथियों की उस अद्भुत प्रतिभा पर विश्वास किया है। और मैं पूरे गर्व से कहता हूं, कि हमारे दिव्यांग भाई-बहनों ने एक दशक में मेरे इस विश्वास को और प्रगाढ़ किया है। मुझे यह देखकर भी गर्व होता है कि उनकी उपलब्धियां कैसे हमारे समाज के संकल्पों को नया आकार दे रही हैं। आज जब पैरालंपिक का मेडल सीने पर लगाकर, मेरे देश के खिलाड़ी मेरे घर पर पधारते हैं, तो मेरा मन गौरव से भर जाता है। हर बार जब मन की बात में मैं अपने दिव्यांग भाई-बहनों की प्रेरक कहानियों को आपके साथ साझा करता हूं, तो मेरा हृदय गर्व से भर जाता है। शिक्षा हो, खेल या फिर स्टार्टअप, वे सभी बाधाओं को तोड़कर नई ऊंचाइयां छू रहे हैं और देश के विकास में भागीदार बन रहे हैं। मैं पूरे विश्वास से कहता हूं कि 2047 में जब हम स्वतंत्रता का 100वां उत्सव मनाएंगे, तो हमारे दिव्यांग साथी पूरे विश्व का प्रेरणा पुंज बने दिखाई देंगे। आज हमें इसी लक्ष्य के लिए संकल्पित होना है। आइए, हम सब मिलकर एक ऐसे समाज का निर्माण करें, जहां कोई भी सपना और लक्ष्य असंभव ना हो। तभी जाकर हम सही मायने में एक समावेशी और विकसित भारत का निर्माण कर पाएंगे। और निश्चित तौर पर मैं इसमें अपने दिव्यांग भाई-बहनों की बहुत बड़ी भूमिका देखता हूं। पुनः सभी दिव्यांग साथियों को आज के दिन की शुभकामनाएं।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –10 वर्ष 2024–25

1. विभाग का नाम : भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांकः 12.12.2024 को अपराह्ण 1.00 बजे तक।
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांकः 13.12.2024 को अपराह्ण 3.00बजेतक।
5. मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांकः 13.12.2024 को अपराह्ण 3.30 बजे तक।
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थानः 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी। 2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची।
7. परिमाण विपत्र की प्राप्ति: का स्थान 1. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची। 2. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
8. कार्य की विवरणी –

क्र0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	अग्रधन की राशि	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	Wire mesh fencing and Barricading for Counting Halls at Birsa College khunti, Dist- Khunti on the eve of Parliamentary Election 2024.	4,09,350.00	750.00	8200.00	03 दिन

नोटः-झारखण्ड सरकार, पथ निर्माण विभाग के संकल्प सह ज्ञापांकः 2148 (S) राँची, दिनांकः 09.09.2020 के आधार पर निविदा का निष्पादन किया जाएगा।
निविदा की शर्ते सूचना पट पर देखा जा सकता है।
परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल, खूँटी

PR 341087 Building(24-25).D

संपादकीय

क्या प्राणवायु को मौलिक अधिकार बनाने का समय आ गया?

देश की राजधानी के वायु प्रदूषण की चिंताजनक स्थिति की गूंज झारखंड तक है। भारत के उच्चतम न्यायालय ने समय-समय पर पर्यावरणीय समस्याओं और उनके निवारण से संबंधित अधिकारों का सांविधानीकरण किया है, लेकिन क्या अब यह समय आ गया है, जब स्वच्छ पर्यावरण के अधिकार को संविधान के मूल अधिकार के रूप में स्पष्ट रूप से उल्लेखित किया जाए? देश के शीर्ष न्यायालय ने एमके रणजीत सिंह बनाम भारत संघ, 2024 मामले में जलवायु परिवर्तन के हानिकारक प्रभावों के विरुद्ध अधिकार को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार के अर्थ में शामिल अवश्य किया है, लेकिन स्वच्छ पर्यावरण के अधिकार का स्पष्ट उल्लेख ही ऐसे अधिकारों के दावों को मजबूती प्रदान करेगा।न्यायपालिका द्वारा मान्यता प्राप्त मूल अधिकारों का दावा तभी किया जा सकता है, जब उनका सीधा संबंध संविधान में उल्लिखित किसी मूल अधिकार से हो। हालांकि सामान्य व्यक्तियों को अपने मूल अधिकारों के दावे की जटिल प्रक्रिया की समझ नहीं हो पाती। अगर ऐसा अधिकार स्पष्ट रूप से संविधान में उल्लिखित हो, तो उसके प्रति लोगों को जागरूक बनाना भी अपेक्षाकृत सरल होगा। दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) गंभीर श्रेणी में चला गया था, हालांकि अब इसके स्तर में थोड़ी कमी आई है। गुणवत्ता नियामक उद्देश्यों के लिए कणों को उनके व्यास द्वारा परिभाषित किया जाता है। 10 माइक्रॉन या उससे कम व्यास वाले (पीएम10) धूलकण फेफड़ों में सांस के जरिये जा सकते हैं और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं। फाइन पार्टिकुलेट मैटर को ऐसे कणों के रूप में परिभाषित किया जाता है, जिनका व्यास 2.5 माइक्रॉन या उससे कम होता है (पीएम2.5)। इसलिए पीएम 2.5 में पीएम10 का एक हिस्सा शामिल होता है। कणों का एक विशेष वर्ग डीजल के ज्वलन से उत्पन्न उत्सर्जन में मौजूद होता है, जिसे डीजल कण पदार्थ (डीपीएम) कहते हैं। 90 प्रतिशत से अधिक डीपीएम का व्यास एक माइक्रॉन से कम होता है (मानव बाल के व्यास का लगभग 1/70वां हिस्सा), और इस प्रकार यह पीएम 2.5 का एक उपसमूह है। केंद्र की प्रदूषण निगरानी संस्था वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) में संशोधन करते हुए योजना के चरण 3 और चरण 4 के तहत दिल्ली और एनसीआर के जिलों में स्कूलों को बंद करना अनिवार्य कर दिया है। इससे पहले, इन उपायों को लागू करने का निर्णय राज्य सरकारों के विवेक पर था। जीआरएपी के चरण 3 के अंतर्गत एक अतिरिक्त निर्देश के तहत अब राज्य सरकारों को दिल्ली और एनसीआर के जिलों में सार्वजनिक कार्यालयों और नगर निकायों के समय को अलग-अलग करना होगा। मेनका गांधी बनाम भारत संघ, 1978 मामले में न्यायालय ने स्वच्छ पर्यावरण को 'प्राण' शब्द के अर्थ में शामिल किया था, लेकिन 1991 में सुभाष कुमार गुप्त बनाम बिहार राज्य का मामला अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें ही न्यायालय ने स्पष्ट कहा कि संविधान में दिए गए जीवन के अधिकार का सही उपयोग करने के लिए स्वस्थ पर्यावरण के अधिकार में प्रदूषण-रहित जल और वायु का अधिकार शामिल होगा। 42वें संशोधन अधिनियम, 1976 से संविधान में राज्य और नागरिक, दोनों के लिए पर्यावरण संरक्षण का कर्तव्य जोड़ा गया था, लेकिन यह भी विदित है कि जब तक कर्तव्यों को अधिकारों के साथ सीधे नहीं जोड़ा जाएगा, तब तक उनके निर्वहन के लिए किसी को जवाबदेह बना पाना आसान नहीं होगा।

लहरों के पहरेदार, पराक्रम अपार

योगेश कुमार गोयल

प्रतिवर्ष 04 दिसंबर को भारतीय नौसेना के वीरों को याद करते हुए भारतीय नौसेना दिवस मनाया जाता है। यह दिवस 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारतीय नौसेना की शानदार जीत के जश्न के रूप में मनाया जाता है। दरअसल 03 दिसंबर, 1971 को पाकिस्तान की सेना ने हमारे हवाई और सीमावर्ती क्षेत्र में हमला कर दिया था। दुष्ट पाकिस्तान को उस हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पाकिस्तान की नौसेना के कराची स्थित मुख्यालय को निशाने पर लेकर ऑपरेशन ट्राइडेंट चलाया गया था और भारतीय नौसेना की मिसाइल नाव तथा दो युद्धपोतों के आक्रमणकारी समूह ने कराची के तट पर जहाजों के समूह पर हमला कर दिया था। हमले में पाकिस्तान के कई जहाज और ऑयल टैंकर तबाह कर दिए गए थे।भारतीय नौसेना का वह हमला इतना आक्रामक था कि कराची बंदरगाह पूरी तरह बर्बाद हो गया और कराची तेल डिपो पूरे सात दिनों तक धू-धूकर जलता रहा। तेल टैंकरों में लगी आग की लपटों को 60 किलोमीटर दूर से भी देखा जा सकता था। उस हमले में कराची हार्बर फ्यूल स्टोरेज तबाह होने के कारण पाकिस्तान की नौसेना की कमर टूट गई। भारतीय नौसेना द्वारा किए गए हमले में तीन विद्युत क्लास मिसाइल बोट, दो एंटी-सबमरीन और एक टैंकर शामिल थे और युद्ध में भारतीय नौसेना ने पहली बार जहाज पर मार करने वाली एंटी शिप मिसाइल से हमला किया था। ऑपरेशन ट्राइडेंट की सफलता के बाद भारत-पाकिस्तान युद्ध में जीत हासिल करने वाली भारतीय नौसेना की शक्ति और बहादुरी को सलाम करने के लिए 04 दिसंबर को भारतीय नौसेना दिवस मनाने की शुरूआत हुई। नौसेना दिवस हर साल एक खास थीम के साथ मनाया जाता है और 2024 के नौसेना दिवस का विषय है 'नवाचार और स्वदेशीकरण के माध्यम से शक्ति और शक्ति'। नौसेना दिवस समारोह में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की योजना विशाखापट्टनम स्थित भारतीय नौसेना कमान द्वारा तैयार की जाती है। समारोह की शुरूआत युद्ध स्मारक पर पुष्प अर्पित करके की जाती है, उसके बाद नौसेना की पनडुब्बियों, जहाजों, विमानों आदि की ताकत और कौशल का प्रदर्शन किया जाता है। नौसेना के मुंबई स्थित मुख्यालय में इस अवसर पर नौसैनिक अपने शौर्य का प्रदर्शन करते हैं और गेटवे ऑफ इंडिया बीटिंग रीट्रिट सेरेमनी का आयोजन किया जाता है। भारतीय नौसेना मुख्य रूप से तीन भागों (वेस्टर्न नेवल कमांड, ईस्टर्न नेवल कमांड तथा दक्षिणी नेवल कमांड) में बंटी है। वेस्टर्न नेवल कमांड का मुख्यालय मुंबई में, ईस्टर्न नेवल कमांड का विशाखापत्तनम में और दक्षिणी नेवल कमांड का कोच्चि में है। वेस्टर्न तथा ईस्टर्न कमांड ऑपरेशनल कमांड है, जो अरब सागर और बंगाल की खाड़ी को संभालती है जबकि दक्षिणी नेवल कमांड ट्रेनिंग कमांड है। केरल स्थित एझिमाला नौसेना अकादमी एशिया की सबसे बड़ी नौसेना अकादमी है। भारत के राष्ट्रपति भारतीय नौसेना के सुप्रीम कमांडर हैं। वॉइस एडमिरल राम दास कटारी 22 अप्रैल 1958 को भारतीय वायुसेना के पहले भारतीय चीफ बने थे। भारतीय नौसेना का नीति वाक्य है 'शं नो वरुणः' अर्थात जल के देवता वरुण हमारे लिए मंगलकारी रहें।भारतीय नौसेना का कार्य भारत की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा करना है और इसके गठन का इतिहास ब्रिटिश काल से जुड़ा है। ईस्ट इंडिया कम्पनी ने भारतीय नौसेना की स्थापना वर्ष 1612 में ब्रिटिश व्यापारियों के जहाजों की सुरक्षा के लिए 'ईस्ट इंडिया कम्पनी मरीन' के रूप में की थी। वर्ष 1686 तक ब्रिटिश व्यापार पूरी तरह से बॉम्बे में स्थानांतरित हो जाने के बाद इस दस्ते का नाम 'ईस्ट इंडिया मरीन' से बदलकर 'बॉम्बे मरीन' कर दिया गया, जिसने मराठा, सिंधी युद्ध के साथ-साथ वर्ष 1824 में बर्मा युद्ध में भी हिस्सा लिया था। वर्ष 1892 में इसका नाम 'रॉयल इंडियन नेवी' रखा गया। देश की आजादी के बाद वर्ष 1950 में नौसेना का गठन फिर से किया गया और 26 जनवरी 1950 को भारत के लोकतांत्रिक गणराज्य बनने के बाद इसका नाम रॉयल इंडियन नेवी से बदलकर इंडियन नेवी (भारतीय नौसेना) कर दिया गया। भारतीय नौसेना वर्तमान में विशालकाय और एडवांस फीचर से लैस अपने युद्धक पोतों, सबमरीन्स इत्यादि के बलबूते दुनियाभर में चौथे स्थान पर है। मौजूदा समय में भारतीय नौसेना की ताकत पर नजर डालें तो भारतीय नौसेना के बेड़े में दो विशाल विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य तथा आईएनएस विक्रांत के अलावा अनेक अत्याधुनिक एयरक्राफ्ट, वॉरफेयर शिप, सबबमरीन तथा अन्य सैन्य साजो-सामान हैं, जो इसे दुनिया में चौथी सबसे मजबूत नौसेना बनाते हैं। बहरहाल, यह गर्व की बात है कि हिंद महासागर में ड्रैगन के कब्जे की रणनीति को नाकाम करने के लिए भारत अपनी समुद्री ताकत बढ़ाने के लिए लगातार विध्वंसक युद्धपोतों और पनडुब्बियों के निर्माण में लगा है। इसी कड़ी में आईएनस कलवरी, खंडेरी और आईएनएस करंज के बाद स्वदेशी पनडुब्बी आईएनएस वेला को नौसेना में शामिल किया जा चुका है, जो अत्याधुनिक मशीनरी और टेक्नोलॉजी के साथ-साथ घातक हथियारों से भी लैस है। इस सबमरीन को साइलेंट किलर कहा जाता है, जो दुश्मन को उसकी मौत की भनक तक नहीं लगने देती। कुल मिलाकर, भारतीय नौसेना की ताकत दिनों-दिन बढ़ रही है और वर्तमान में इसकी ताकत के आगे पाकिस्तान की नौसैना कहीं नहीं ठहरती तथा चीन की चुनौतियों का भी हमारी नौसेना डटकर मुकाबला कर रही है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

आपकी बात

कहां चले गए हजारों बच्चे?

राकेश दुबे

भारत में हर दिन हजारों की संख्या में बच्चे लापता हो रहे हैं, वह भी एक ऐसे दौर में जब हर कहीं पलक झपकते सूचना पहुंच जाती हो, तो हर साल देशभर से लगभग 80,000 से ज्यादा बच्चों के गायब होने का क्या मतलब है? राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के दिसंबर 2023 में जारी आंकड़े बताते हैं कि साल 2022 में 83,350 बच्चे गायब हुए, जिनमें 20,380 लड़के व 62,946 लड़कियां और 24 ट्रांसजेंडर थे। इनमें ज्यादातर तलाश भी लिए गये लेकिन 2781 बच्चे हमेशा हमेशा के लिए ओझल हो गये। जबकि इसके पहले एनसीआरबी ने जो डाटा 2022 में पेश किया था, उसमें लापता हुए बच्चों की संख्या 76,069 थी। मतलब साफ है कि अगले एक साल में लापता हुए बच्चों की संख्या में तकरीबन 6000 की बढ़ोतरी हो गई। जबकि 2021 में गायब होने वाले बच्चों की संख्या सिर्फ 33,650 थी। इन आंकड़ों से पता चलता है कि बच्चों के गायब होने की संख्या में भारी बढ़ोतरी हो रही है। सवाल है एक तरफ जहां बच्चों की सुरक्षा के लिए हर साल नई से नई बातें कही जाती हैं, कसमें खायी जाती हैं और आधुनिक से आधुनिक उपकरण लगाकार सुरक्षा व्यवस्था की जाती है। फिर भी मासूमों के गायब होने के सिलसिले में जरा भी कमी आने की बजाय बढ़ोतरी क्यों रही है? अगर इस मामले में हम एनसीआरबी के आंकड़ों की जगह उन गैरसरकारी संस्थाओं पर यकीन करें, जो बच्चों के लापता होने की समस्या में काम करती हैं, तो बच्चों के गायब होने की वास्तविक संख्या इससे ज्यादा है। इनके मुताबिक तो हर साल 80-85 हजार नहीं बल्कि कई लाख बच्चे गायब हो रहे हैं। यही वजह है कि आज देश में हर एक मिनट में कम से कम दो बच्चे गायब हो रहे हैं। घर से बिछुड़कर आखिर ये मासूम कहां चले जाते हैं? क्योंकि जो बच्चे अगले एक महीने तक नहीं मिलते, घरों से गायब होने वाले ऐसे बच्चों के घर वापस न आने की आशंका करीब सौ प्रतिशत हो जाती है। गायब होने के बाद जो बच्चे मिल जाते हैं, उनके बारे में तो हम थोड़ा-बहुत जानते भी होते हैं कि इन्हें कौन और कैसे बहला-फुसलाकर ले गया था, लेकिन जो बच्चे कभी लौटकर आये ही नहीं, उनके बारे में मां-बाप कुछ भी नहीं जानते। संचार के साधनों के बावजूद एक-डेढ़ प्रतिशत बच्चे गायब होने के बाद कभी वापस नहीं आते। हालांकि अपराधियों की धड़पकड़ में हाल के सालों में इजाफा हुआ है। पुलिस के पास आज पहले के मुकाबले जांच पड़ताल के बेहतर संसाधन हैं, इसके बाद भी गायब बच्चों की एक तय संख्या लौटकर घर नहीं आती, तो आखिर उनका होता क्या है? उनका कोई सुराग क्यों नहीं मिलता? नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो ऑफ इंडिया के डाटा विश्लेषण के मुताबिक हर दिन हजारों की संख्या में गायब होने वाले बच्चों में से बहुत मामूली संख्या में ही बच्चे लौटकर आ पाते हैं। सैकड़ों बच्चों की तो रिपोर्ट ही नहीं लिखी जाती, उनके मां-बाप द्वारा कोशिश किये जाने पर पुलिस उन्हें डांटकर थाने से भगा देती है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

आज की बात

साबरमती का अवरुद्ध प्रवाह

राकेश कुमार वर्मा

कश्यप ऋषि के तप से प्रवाहित स्वजभ्रमति (साबरमती नदी) गंगा की तरह स्थान वस्तुओं को स्पर्श कर जीवंत बना रही है, जिससे वसुंधरा का भूषण समृद्ध है। सिने साहित्य से भी इससे स्त्रवित सृजन से प्रेरित रचनात्मकता की अपेक्षा है जिसके चिंतन और संवाद से समाज में ऐसा तादात्म्य स्थापित हो जहां सात्विक आकांक्षाये पल्लवित हों। समेकित घटना समेत स्वर्णिम अतीत की व्याख्या की उपेक्षा करते हुए फिल्म साबरमती रिपोर्ट की प्रस्तुति कुत्सित राजनीतिक मंसूबों को उजागर कर संवैधानिक मूल्यों का हनन करती प्रतीत होती है। स्वभ्रमति का अर्थ दरार या संधि से है जो अरावली के गर्भ से प्रभावित होने का संकेत है जिसकी महिमा को जैन मुनि बुद्धिसागर सुरीश्वर ने काव्यबद्ध किया है। महात्मा गांधी ने 25 मई 1915 को अहमदाबाद के कोचरब स्थित इसके तंत्र पर सत्य अहिंसा सेवा व्रत पर केन्द्रित तपस्थली बनाई जो स्वतंत्रता संग्राम की आत्मस्मृति है। आख्यानों में यहां ऋषि दाधीच का आश्रम था जिन्होंने लोक कल्याण के लिए अपनी अस्थियां समर्पित कर एक युग का परिष्कार किया, जिनका उद्घोष हमारी संस्कृति को गौरान्वित करता है। 27 फरवरी 2002 को साबरमती एक्सप्रेस पर हुई हिंसक घटना ने संत वल्लभाचार्य के उस आस्था का खंडन किया है जिसमें बताया गया था कि एक मुस्लिम ने अपनी बेटी को सपने में जो शहर (गोधरा) दिखाया था उसे किस तरह एक हिंदू परिवार को सौंप दिया। अवसरवाद की राजनीति ने इसके प्रतिशोध में जो दुष्पारिणाम दिये उससे पूरा देश झुलस गया ।इसने कई निदोर्षों की न केवल जान ली बल्कि बिल्किसबानो जैसी अनगिनत अबलाओं के जख्मों को सीने में ही दफन करने को विवश किया। घटनाओं से आहत होकर तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने जो प्रतिक्रिया दी वह आज स्वस्थ्य राजनीति का अनुपम उदाहरण है। महाभारत का दंभ भरने वालों को इसमें निहित तथ्यों का विश्लेषण करने की आवश्यकता है। वस्तुतः यह एक कुशल शासक बनाने के मापदण्ड निर्धारित करने के साथ ही यह बताता है कि इसके लिए क्या मूल्य चुकाना पड़ता है इसके बाद भी मोक्ष के लिए संघर्ष करना पड़ता है। लेकिन उसके प्रतिकूल कथित धर्मान्धता का षड़यंत्र बदस्तूर जारी है। आज इस प्रस्तुति से विविधताओं में एकत्व के दर्शन, त्याग, अहिंसा और बलिदान की यह धरा विभाजन विभीषिका के जख्मों से पुनः हरी हो गई जिसकी मुंजानिब कृश्न चंदर की पेशावर एक्सप्रेस बयां कर रही है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

बोधि वृक्ष

नकारात्मक भावनाओं पर विजय प्राप्त करना

भगवान कृष्ण ने कहाः वह सर्वोच्च योगी है जो सभी मनुष्यों का समभाव के साथ सम्मान करता है।... क्रोध और घृणा से कुछ भी प्राप्त नहीं होता है। प्रेम लाभान्वित करता है। आप किसी व्यक्ति को डरा सकते हैं, परन्तु एक बार वह व्यक्ति पुनः उठ जाए, तो वह आपको नष्ट करने का प्रयास करेगा।

श्री श्री परमहंस योगानंद

यदि आप कूटस्थ चेतना विकसित करना चाहते हैं, तो सहानुभूतिशील बनना सीखें। जब दूसरों के लिए आपके हृदय में विशुद्ध भाव आते हैं, तब आप उस महान चेतना को प्रकट करना आरम्भ कर रहे हैं।... भगवान कृष्ण ने कहाः वह सर्वोच्च योगी है जो सभी मनुष्यों का समभाव के साथ सम्मान करता है।... क्रोध और घृणा से कुछ भी प्राप्त नहीं होता है। प्रेम लाभान्वित करता है। आप किसी व्यक्ति को डरा सकते हैं, परन्तु एक बार वह व्यक्ति पुनः उठ जाए, तो वह आपको नष्ट करने का प्रयास करेगा। तब आपने उसे जीता कैसे है? आपने जीता नहीं है। विजय का एकमात्र मार्ग प्रेम ही है। और जहाँ पर आप विजय प्राप्त नहीं कर सकते, वहाँ केवल मौन हो जाएँ या बाहर चले जाएँ और उसके लिए प्रार्थना करें। आपको इसी तरह से प्रेम करना चाहिए। यदि आप अपने जीवन में इसका अभ्यास करते हैं, तो आपको अकल्पनीय शान्ति प्राप्त होगी। मैं प्रत्येक व्यक्ति को दयापूर्ण, विचारशील कार्यों द्वारा प्रसन्न करने का प्रयास करूँगा, जानबूझकर या अनजाने में, मेरे द्वारा जो गलतफहमी पैदा हुई उसे हटाने का सदैव प्रयास करता रहूँगा। आज मैं उन सब को क्षमा कर दूँगा जिन्होंने कभी मुझे ठेस पहुँचाई हो, तथा सभी प्यासे हृदयों को अपना प्रेम दूँगा, जो मुझे प्रेम करते हैं उन्हें तथा जो नहीं करते उन्हें भी।

फेसबुक वॉल से

X से

आज का दोहा

ब्रह्मऋषि होकर पुजे, तप से विश्वामित्र।
लोग बदलना चाहते, बदले बिना चरित्र।।

सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। -संपादक

देश की बात

'एक हैं, तो सुरक्षित हैं' के मर्म को समझा हिंदू समाज ने

आर.के. सिन्हा

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के परिणाम पर सारे देश की निगाहें लगी हुई थीं। सारे देश को ही बेसब्री से इंतजार था कि क्या बीते लोकसभा चुनाव में अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन के बाद भाजपा का प्रदर्शन किस तरह का रहता है। दरअसल इसी साल में मात्र पांच माह पूर्व संपन्न लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र के कई प्रमुख निर्वाचन क्षेत्रों में आश्चर्यजनक विफलता के बाद, भाजपा के सामने बड़ी चुनौती यही थी कि वह राज्य में खोई हुई जमीन को किस तरह वापस हासिल कर ले। महाराष्ट्र में मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण के कारण भाजपा को लोकसभा चुनाव में कम से कम सात निर्वाचन क्षेत्रों में काफी नुकसान उठाना पड़ा था, जिसमें धुले और मुंबई उत्तर-पूर्व क्षेत्र भी शामिल हैं। इन दोनों जगहों में भाजपा का पहले से ही बहुत मजबूत आधार था। इन नतीजों के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने एक अभियान शुरू किया, जिसका उद्देश्य न केवल इन खोई हुई जमीनों को वापस पाना था, बल्कि अपनी छवि को फिर से परिभाषित करना भी था। प्रधानमंत्री ने इस चुनाव में एक नया नारा पेश किया, एक हैं तो सुरक्षित हैं। यह नारा विशेष रूप से हिंदू मतदाताओं को आकर्षित कर एकजुट करने के लिए बनाया गया था, जिसमें जातीय विभाजन के खिलाफ पूरे हिंदू समाज की एकता पर जोर दिया गया था। बेशक, इस नारे ने महायुति गठबंधन को तगड़ा लाभ पहुंचाया। मोदी जी का नारा सिर्फ हिंदू मतदाताओं को एक करना भर ही नहीं था। इसे पूरे समाज ने राष्ट्रीय एकता के साथ जोड़कर भी देखा। महायुति गठबंधन में भाजपा, शिवसेना (शिंदे) और एनसीपी (अजित पवार) शामिल हैं। इस आह्वान के परिणामस्वरूप हिन्दू वोटों का भाजपा और उसके सहयोगियों के पक्ष में मौन और अत्यंत ही प्रभावी एकीकरण हुआ। यह नारा विपक्ष द्वारा स्थापित कथानक का सीधा जवाब था। और, इसे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एक अन्य नारे ह्यबंटेंगे तो कटेंगेह्न से और भी शक्ति मिल गई। इन नारों का उद्देश्य उन क्षेत्रों में हिंदू मतदाताओं को आश्वस्त करना था, जहां उन्हें लगता था कि अल्पसंख्यक वोटों के एकीकरण के कारण उनका राजनीतिक प्रभाव कम हो रहा है।मोदी और योगी के नारों से इसलिए भी हिंदू मतदाता जुड़े, क्योंकि कई मुस्लिम मौलवी लगातार यह अपील कर रहे थे कि मुस्लिम महाविकास अघाड़ी (एमवीए) के उम्मीदवारों को ही वोट दे। इस्लामी प्रचारक मौलवी सज्जाद नोमानी विधानसभा चुनाव से पहले लगातार यह फतवे दे रहे थे कि मुसलमानों को तो भाजपा के खिलाफ ही वोट देना है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान सज्जाद नोमानी का एक वीडियो वायरल हुआ था। उसमें वह मुस्लिम समुदाय से कांग्रेस-सेना (उद्धव)-एनसीपी (शरद पवार) गठबंधन को ही वोट देने की अपील करते हुए दिखाई दिए थे।सज्जाद नोमानी ने भाजपा का समर्थन करने वाले मुसलमानों के बहिष्कार का फतवा भी जारी किया था। नोमानी और उनके जैसे कुछ मजहबी और सियासी नेताओं की अपीलों और हरकतों के चलते ही उदारवादी हिंदू मतदाता भी लामबंद हुआ। पत्रकारिता छोड़कर सियासत में आए औरंगाबाद के पूर्व सांसद इम्तियाज जलील की पिछले महीने मुंबई में निकाली रैली ने भी हिंदुओं को सोचने के लिए मजबूर कर दिया था। वे सैकड़ों कारों और दूसरे वाहनों के साथ मुंबई में आ गए थे। जलील को विधानसभा चुनाव में औरंगाबाद पूर्व सीट पर भाजपा के अतुल सावे ने शिकस्त दी।दरअसल राष्ट्रीय उलेमा काउंसिल और महाराष्ट्र और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य सज्जाद नोमानी सरकारी नौकरियों में मुसलमानों के लिए कोटा की जोरदार तरीके से मांग कर रहे थे। इस कारण भी मोदी और योगी के नारों ने हिंदू मतदाताओं को बहुत सोचने के लिए मजबूर किया। महाराष्ट्र में जैसे-जैसे चुनाव अभियान आगे बढ़ा, भाजपा की रणनीति विभाजन के कथित खतरों के खिलाफ सांस्कृतिक और राष्ट्रीय एकता की रक्षा करने की कहानी में विकसित हुई। प्रधानमंत्री मोदी सहित महायुति के नेताओं ने रैलियों और बैठकों की एक श्रृंखला में भाग लिया, जिसमें एक साथ खड़े होने के महत्व पर जोर दिया गया। कहानी स्पष्ट थी-भाजपा के तहत एकता हिंदू समुदाय और विस्तार से राष्ट्र के लिए सुरक्षा और प्रगति का मार्ग है। मोदी और योगी के नारों को संघ प्रमुख मोहन भागवत ने अपने वार्षिक दशहरा संबोधन में समर्थन दिया। उन्होंने हिंदू एकता का आह्वान किया और बांग्लादेश में समुदाय पर हमलों से सबक लेने का आग्रह किया। वरिष्ठ संघ पदाधिकारी दत्तात्रेय होसबोले ने भी हिंदू एकता के आह्वान को बढ़ाते हुए 'बटेंगे तो कटेंगे' नारे का इस्तेमाल किया।आपको याद होगा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 'बंटेंगे तो कटेंगे' के नारे ने हरियाणा चुनाव में भी अपना असर दिखाया था। मुंबई और ठाणे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फोटो के साथ 'बंटेंगे तो कटेंगे' के संदेश वाले होर्डिंग्स देखे गए थे। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही था कि क्या योगी और उनका नारा हरियाणा के बाद महाराष्ट्र में भी सफल हो पाएगा? महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का गहराई से विश्लेषण करने से साफ है कि उपर्युक्त नारे से प्रभावित होकर हिंदू मतदाता एक साथ तो आए। उन्होंने अपने को जाति से ऊपर पहले हिन्दू समाज और सनातनी परंपरा को माना।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

आज भी है 40 वर्ष पहले हुई भोपाल गैस त्रासदी का दुष्प्रभाव

पीड़ितों को न्याय दिलाने सड़कों पर उतरे हजारों लोग

एजेंसी। भोपाल (आईएएनएस)

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में 40 साल पहले हुई यूनियन कार्बाइड गैस त्रासदी की याद मंगलवार को फिर से ताजा हो गई। इस हादसे का शिकार बने लोगों की याद में हजारों लोग सड़कों पर उतरे और उन्होंने न्याय की गुहार लगाई। ज्ञात हो कि भोपाल में यूनियन कार्बाइड संयंत्र से दो-तीन दिसंबर 1984 की रात को जहरीली गैस का रिसाव हुआ था। इस हादसे में हजारों लोगों की मौत हुई थी और लाखों लोग इससे प्रभावित हुए थे। अभी भी हजारों लोगों के अलावा जन्म लेने वाले कई बच्चे इस जहरीली गैस के दुष्प्रभाव से प्रभावित हैं। अपने हक की लड़ाई लड़ने वाले थके नहीं हैं और संघर्ष को जारी रखने में पीछे भी नहीं हैं।

चार संगठनों की अगुवाई में रैलियां निकाली गईं

मंगलवार को हादसे की 40वीं बरसी पर प्रभावितों की लड़ाई लड़ने वाले चार संगठनों की अगुवाई में लोग सड़कों पर उतरे। इस दौरान रैली निकाली गई। पीड़ितों के लिए संघर्ष करने वाले संगठनों को उम्मीद है कि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सत्ता संभालने के बाद न्याय दिलाएंगे।

ग्रुप फॉर इंफॉर्मेशन एंड एक्शन की रचना ढींगरा ने कहा, भोपाल के भूजल जिसे डाउ केमिकल द्वारा साफ किया जाना चाहिए, वह लगातार बढ़ रहा है और रसायन 3 किलोमीटर दूर चला गया है। डाउ केमिकल यूनियन कार्बाइड की संपत्तियों को आईओसीएल, गेल और जीएसीएल जैसे भारतीय सार्वजनिक उपक्रमों को बेच रहा है और पिछले दो वर्षों से दावा कर रहा है कि आपदा पर आपराधिक मामले में अमेरिकी निगम भारतीय अदालतों के प्रति जवाबदेह नहीं हैं।

महिला पुरुष संघर्ष मोर्चा के नवाब खान ने भोपाल हादसे के पीड़ितों के साथ हो रहे अन्याय पर रोष जाहिर किया है और कहा कि यदि भोपाल में किसी महामारी के कारण यह हादसा हुआ होता, तो विश्व स्वास्थ्य संगठन जैसी अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने राहत प्रदान करने के लिए विशेष स्वास्थ्य देखभाल और दीर्घकालिक अनुसंधान केंद्र स्थापित किए होते और 40 वर्षों के बाद की तस्वीर बहुत अलग होती। लेकिन, यह स्पष्ट है कि अंतरराष्ट्रीय राहत एजेंसियां भी कॉरपोरेट अपराध के पीड़ितों के साथ निगमों और सरकारों की तरह ही व्यवहार करती हैं।

यूसी और डाउ केमिकल के खिलाफ कार्रवाई की मांग

भोपाल गैस त्रादसी से पीड़ित महिला स्टेशनरी कर्मचारी संघ की अध्यक्ष रशीदा बी ने कहा, रोनाल्ड रीगन से लेकर बराक ओबामा तक के बाद के अमेरिकी राष्ट्रपतियों ने यूनियन कार्बाइड(यूसी) और डाउ केमिकल को भारत में अभियोजन से सक्रिय रूप से बचाया है। हम चाहते हैं कि ट्रंप अमेरिका को फिर से महान बनाने के अपने प्रयास में भोपाल में अन्याय के लंबे इतिहास को समाप्त करें। हमें उम्मीद है कि वह यूनियन कार्बाइड और डाउ केमिकल के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। भोपाल गैस त्रादसी निराश्रित पेंशनभोगी संघर्ष मोर्चा के बालकृष्ण नामदेव ने कहा, 2008 में, मनमोहन सिंह सरकार ने पीड़ितों के दीर्घकालिक चिकित्सा, आर्थिक और सामाजिक पुनर्वास के लिए भोपाल में चिकित्सा आयोग की स्थापना करना स्वीकार किया। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के विरोध के कारण ही भोपाल में मेडिकल कमीशन का गठन नहीं हो सका था। आज, सभी वैज्ञानिक अध्ययन 5 लाख जीवित बचे लोगों में चल रही बीमारियों और निरंतर मौतों और उनके बच्चों पर स्वास्थ्य प्रभाव की ओर इशारा

दिल्ली की सड़कों पर चलेंगी 150 मोहल्ला बसें

एजेंसी। नई दिल्ली (आईएएनएस)

दिल्ली में रहने वाले लोग जो ऑफिस जाने के लिए डीटीसी बसों का प्रयोग करते हैं, उन्हें दिल्ली सरकार ने मोहल्ला बस का तोहफा दिया है। 9 मीटर की इन छोटी बसों को लास्ट माइल कनेक्टिविटी के तहत शुरू किया जा रहा है। मंगलवार को मुख्यमंत्री आतिशी ने 150 मोहल्ला बसों का निरीक्षण किया। 9 मीटर की ये ध्वनिरहित बसें भीड़भाड़ वाले इलाकों के लिए बनाई गई हैं, इनका ट्रायल पहले ही पूरा हो चुका है। बसों का निरीक्षण करने के बाद मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा है कि दिल्ली की अनूठी मोहल्ला बसें 9 मीटर लंबी इलेक्ट्रिक लो-फ्लोर बसें हैं। 150 बसों का पहला जत्था आ चुका है। ये बसें तैयार हैं और दो रूटों पर इनका ट्रायल भी हो चुका है। आज हम इन बसों और इनके चार्जिंग

मुख्यमंत्री आतिशी ने किया निरीक्षण

इंफ्रास्ट्रक्चर का निरीक्षण करने आए हैं। एक बार जब ये 150 बसें दिल्ली की सड़कों पर आ जाएंगी, तो ये मोहल्ला बसों के रूप में काम करेंगी, जो 9 मीटर लंबी हैं और भीड़भाड़ वाले इलाकों तक पहुंच सकती हैं, जहां 12 मीटर की बड़ी इलेक्ट्रिक और सीएनजी बसें नहीं जा सकती हैं। इस बस में खास बात यह है कि जब तक बस के दरवाजे बंद नहीं होते हैं बस नहीं चलेगी।

अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर नई दिल्ली में बोलीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

दिव्यांग को बाधा मुक्त वातावरण देना प्राथमिकता होनी चाहिए

राष्ट्रपति ने 22 व्यक्तियों और 11 संस्थानों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया

एजेंसी। नई दिल्ली (हि.स.)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर कहा कि दिव्यांगजनों को बाधा मुक्त वातावरण उपलब्ध कराना समाज की प्राथमिकता होनी चाहिए। राष्ट्रपति नई दिल्ली में वर्ष-2024 के लिए 22 व्यक्तियों और 11 संस्थानों को दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और कहा कि इन पुरस्कारों का दूरगामी सामाजिक महत्व है। इनका अनुकरण करके अन्य व्यक्ति और संस्थाएं दिव्यांग व्यक्तियों को सशक्त बनाने की दिशा में आगे बढ़ सकती हैं।

उन्होंने कहा कि पूरी मानवता को दिव्यांगजनों को सहज और समान महसूस कराना चाहिए। उन्हें हर तरह से बाधा मुक्त वातावरण उपलब्ध कराना समाज की प्राथमिकता होनी चाहिए। सही मायनों में वही समाज संवेदनशील कहा जा सकता है, जिसमें दिव्यांगजनों को समान सुविधाएं और अवसर मिले। इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस की थीम 'समावेशी और टिकाऊ भविष्य के लिए दिव्यांगजनों के नेतृत्व को बढ़ावा देना' का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि दिव्यांगजनों के बीच उद्यमशीलता को बढ़ावा देना, उनके कौशल का विकास करना, रोजगार प्रदान करना, उनके उत्पादों की खरीद और विपणन सुविधाएं प्रदान करना उनकी नेतृत्व क्षमता को बढ़ाएगा। राष्ट्रपति ने कहा कि दिव्यांग होना किसी भी तरह की कमी नहीं है। यह एक विशेष स्थिति है। दिव्यांगजनों को सहानुभूति की नहीं, उन्हें दया की नहीं, संवेदनशीलता की जरूरत है। उन्हें विशेष ध्यान की नहीं, बल्कि स्वाभाविक स्नेह की जरूरत है। समाज को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि दिव्यांगजन समाज के अन्य सदस्यों के साथ समानता, गरिमा और सम्मान का अनुभव करें। राष्ट्रपति ने कहा कि किसी भी अन्य व्यक्ति की तरह काम करने का अवसर दिव्यांगजनों में आत्मविश्वास और सार्थक जीवन जीने की भावना पैदा करता है। इस प्रकार, रोजगार, उद्यम और आर्थिक सशक्तीकरण के माध्यम से उनके जीवन को बेहतर बनाया जा सकता है।इस मौके पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) के सचिव राजेश अग्रवाल भी उपस्थित थे।

बिहार में चौकीदार की चाकू मारकर हत्या

गोपालगंज। बिहार के गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र में थाने के एक चौकीदार की अज्ञात अपराधियों ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी। मंगलवार को उनका शव सुनसान स्थल से बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के बंगरा गांव निवासी झमिंद्र राय बैकुंठपुर थाने में चौकीदार के पद पर कार्यरत थे। बताया गया कि सोमवार की शाम वह गमहरी बथानी गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। वह देर रात अपने घर वापस लौट रहे थे, तभी अज्ञात अपराधियों ने उनकी चाकू मारकर हत्या कर दी। इनका शव मंगलवार को सोनवलिया बांध के पास से बरामद किया गया।

पुलिस ने दो महिला आतंकवादी सहयोगियों को हिरासत में लिया

उधमपुर। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने उधमपुर में दो महिला आतंकवादी सहयोगियों (ओजीडब्ल्यू) को सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत हिरासत में लिया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, दोनों महिलाएं जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा और स्थिरता के लिए बड़ा खतरा पैदा करने वाली गतिविधियों में शामिल थीं। महिलाओं की पहचान मरियम बेगम पत्नी मोहम्मद शफीक और अरशद बेगम पत्नी स्वर्गीय जमाल दीन के रूप में हुई है। मरियम बेगम बसंतगढ़ के लौधारा और अरशद बेगम राय चक की निवासी हैं।

चीन से वार्ता में सीमा पर अमन-चैन को प्राथमिकता : एस जयशंकर

विदेश मंत्री ने कहा

दोनों पक्षों को एलएसी का सख्ती से सम्मान और पालन करना चाहिए

कुछ क्षेत्रों के बारे में वास्तविक नियंत्रण रेखा को लेकर समझ का अभाव

संसद : शीतकालीन सत्र

एजेंसी। नई दिल्ली (हि.स.)

विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने मंगलवार को लोकसभा को जानकारी दी कि चीनी कार्रवाई के चलते सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति भंग होने के कारण भारत-चीन संबंध 2020 के बाद से सामान्य नहीं रहे थे। हमारे निरंतर राजनयिक प्रयासों से हाल ही में संबंधों में कुछ सुधार आया है। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने मंगलवार को लोकसभा में भारत-चीन संबंधों पर एक बयान दिया। उन्होंने कहा कि सीमा पर शांति और अमन-चैन रिश्तों के सामान्य होने की पहली शर्त है। चीन के साथ बातचीत में राष्ट्रीय हितों को व्यापक तौर पर साधा जा रहा है। दोनों पक्षों (भारत और चीन) को एलएसी का सख्ती से सम्मान और पालन करना चाहिए। किसी भी पक्ष को यथास्थिति को एकतरफा बदलने का प्रयास नहीं करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सीमा से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए निष्पक्ष, उचित और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य ढांचे पर पहुंचने के लिए द्विपक्षीय चर्चा के माध्यम से चीन के साथ जुड़ने के लिए भारत प्रतिबद्ध है। दोनों देशों के बीच कुछ क्षेत्रों के बारे में वास्तविक नियंत्रण रेखा को लेकर समझ का अभाव है। विदेश मंत्री ने सदन को डेप्सांग और डेमचोक के संबंध में 21 अक्टूबर, 2024 को हुए समझौते के बारे में सूचित किया। उन्होंने बताया कि दोनों स्थानों को लेकर अस्थिरता की स्थिति और इनके द्विपक्षीय संबंधों पर प्रभाव को देखते हुए समझौता जरूरी था। हॉट स्प्रिंग्स क्षेत्र में अग्रिम तैनाती हटाने को लेकर अंतिम समझौता होने के बाद से दोनों क्षेत्र सितंबर 2022 से चीनी पक्ष के साथ डब्ल्यूएमसीसी और एसएचएमसी दोनों में हमारी चर्चा का केंद्र रहे हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि 21 अक्टूबर को बनी सहमति के बाद प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 23 अक्टूबर को कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान एक बैठक की। उन्होंने इस सहमति का स्वागत किया और विदेश मंत्रियों को बैठक कर संबंधों को स्थिर और पुनर्निर्माण करने का निर्देश दिया।

वित्त मंत्री ने लोकसभा में बैंकिंग कानून विधेयक, 2024 पेश किया

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को लोकसभा में बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 को पेश किया। इस विधेयक में बैंक खाताधारक को अपने खाते में अधिकतम 4 नामांकित व्यक्ति रखने की अनुमति देने का प्रस्ताव है। सीतारमण ने बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 को लोकसभा में पेश करते हुए सदन को बताया कि प्रस्तावित संशोधनों से भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में प्रशासन मजबूत होगा और इसके साथ ही नामांकन और निवेशकों की सुरक्षा के संबंध में उपभोक्ता और ग्राहकों की सुविधा बढ़ेगी। सीतारमण ने इस विधेयक को लोकसभा में विचारार्थ और पारित करने के लिए पेश करते हुए कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम-1934, बैंकिंग विनियमन अधिनियम-1949, भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम-1955, बैंकिंग कंपनियां (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम-1970 और बैंकिंग कंपनियां (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1980 में बदलाव लाने के लिए

केंद्र ने राज्यों को विशेष सहायता के रूप में जारी किए 50,571 करोड़

नई दिल्ली। केंद्र ने चालू वित्त वर्ष के पहले आठ महीनों के दौरान विभिन्न विकास परियोजनाओं में खर्च बढ़ाने के लिए अपनी 'पूंजी निवेश के लिए विशेष सहायता' योजना के तहत राज्यों को 50,571.42 करोड़ रुपये जारी किए हैं। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में कहा कि अरुणाचल प्रदेश, हरियाणा, केरल, पंजाब और तेलंगाना को छोड़कर 28 राज्यों में से 23 ने चालू वित्त वर्ष के दौरान केंद्र सरकार द्वारा प्रदान की गई ब्याज मुक्त सुविधा का लाभ उठाया। केंद्रीय मंत्री द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इस सुविधा के साथ सबसे अधिक राशि 7,007.93 करोड़ रुपये उत्तर प्रदेश को जारी किए गए। इसके बाद मध्य प्रदेश को 5,074.94 करोड़ रुपये, बिहार को 5,408.88 करोड़ रुपये, राजस्थान को 4,552.01 करोड़ रुपये, पश्चिम बंगाल को 4,416.23 करोड़ रुपये, असम को 3,181.97 करोड़ रुपये, ओडिशा को 3,085.44 करोड़ रुपये, महाराष्ट्र को 2,617.70 करोड़ रुपये, आंध्र प्रदेश को 2,616.27 करोड़ रुपये और कर्नाटक 2,272.87 करोड़ रुपये दिए गए।

संभल हिंसा सोची-समझी साजिश : अखिलेश यादव

नई दिल्ली (आईएएनएस)। समाजवादी पार्टी (सपा) के मुखिया और यूपी के कन्नौज से सांसद अखिलेश यादव ने मंगलवार को लोकसभा में संभल हिंसा पर बयान देते हुए इस घटना को सोची-समझी साजिश करार दिया। उन्होंने संभल में माहौल बिगाड़ने वाले लोगों के साथ पुलिस और प्रशासन को जिम्मेदार बताते हुए कहा कि इन्हें निलंबित किया जाना और हत्या का मुकदमा चलाया जाना चाहिए, ताकि आगे कोई संविधान के खिलाफ इस तरह का काम ना कर सके।

रूस-यूक्रेन युद्ध से उपजे हालात में भी किफायती दर पर उर्वरक उपलब्ध कराया गया

नई दिल्ली (हि.स.)। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण हाल ही में उत्पन्न भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बावजूद सरकार ने आवश्यकता के आधार पर एनबीएस सब्सिडी दरों के अतिरिक्त विशेष पैकेज प्रदान करके किफायती मूल्यों पर उर्वरकों की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित की है। ताकि उर्वरकों का अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) स्थिर रहे और बाजार में उतार-चढ़ाव को कम किया जा सके। सरकार ने रबी 2021-22 में दो बार, फिर खरीफ 2022, रबी 2022-23, खरीफ और रबी 2024 में एनबीएस दरों के अतिरिक्त विशेष/अतिरिक्त पैकेज प्रदान किए हैं। केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने आज राज्यसभा में एक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी।

आज का राशिफल

मेष : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

वृष : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

मिथुन : घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

कर्क : सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

सिंह : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

कन्या : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

तुला : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

वृश्चिक : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

धनु : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

मकर : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

कुंभ : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

मीन : अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

पुलिस ने सैकड़ों किसानों को हिरासत में लिया

किसानों ने जबरन धरना खत्म कराने का लगाया आरोप

एजेंसी। नोएडा (आईएएनएस)

नोएडा के दलित प्रेरणा स्थल पर धरने पर बैठे किसानों को मंगलवार को हिरासत में ले लिया गया है। हजारों की संख्या में दलित प्रेरणा स्थल पर पहुंचे पुलिस बल ने सैकड़ों किसानों को हिरासत में ले लिया और दलित प्रेरणा स्थल को खाली कराया जा रहा है। किसानों ने जबरन धरना खत्म कराने का आरोप पुलिस अधिकारियों पर लगाया है। यह भी कहा है कि मंगलवार सुबह से ही कई किसान नेताओं के घरों पर और दलित प्रेरणा स्थल पर पहुंचने वाले किसानों को पुलिस वालों ने रास्ते में ही रोककर हिरासत में ले लिया है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार सुबह से ही अलग-अलग संगठनों के किसान नेताओं के घरों पर पुलिस बल पहुंचने लगे थे और दलित प्रेरणा स्थल पर मौजूद तकरीबन 100 के आसपास किसानों को भी बड़ी संख्या में पुलिस बल ने सुबह से ही घेरना शुरू कर दिया था। इसके साथ-साथ अलग-अलग रास्तों से दलित प्रेरणा स्थल की तरफ आ रहे किसानों को भी रोककर हिरासत में ले लिया गया था। इस दौरान किसान नेताओं ने आरोप लगाया है कि जबरन उनका धरना खत्म कराया जा रहा है। जबकि, उन्होंने सात दिन का वक्त प्राधिकरण के अधिकारियों को दिया था। भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता सुनील प्रधान ने कहा कि पुलिस ने जबरन किसानों को हिरासत में लेकर धरने को खत्म करवाने की कोशिश की है। उनका कहना है कि इस जोर जबरदस्ती के चलते अब प्रदर्शन और भी ज्यादा उग्र होने की संभावना है।

गोरखपुर की ख्याति में नींव का पत्थर बना महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद

एजेंसी। गोरखपुर (आईएएनएस)

गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में आज विकास के पैमाने पर चमक रहे गोरखपुर की पहचान ज्ञान नगरी (नॉलेज सिटी) के रूप में भी है। 1932 में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना कर इस ज्ञान नगरी की नींव रखी थी योगी आदित्यनाथ के दादागुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज ने। उसकी संरचना को विस्तारित किया वर्तमान पीठाधीश्वर के पूज्य गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज ने।

ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज ने की थी परिषद की स्थापना

पूर्वी उत्तर प्रदेश में शिक्षा के प्रसार से राष्ट्रीयता, मूल्यपरकता और स्वावलंबन को मजबूत करने के दादागुरु और अपने गुरुदेव के संकल्पों को विभिन्न प्रकल्पों के विस्तार से पूरा करने का बीड़ा उठा रखा है योगी आदित्यनाथ ने। गोरक्षपीठ की तीन पीढ़ियों के सतत संकल्पित प्रयास का सुफल है कि आज महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की अगुवाई में गोरखपुर ज्ञान नगरी की ख्याति अर्जित कर चुका है। सर्वविदित है कि गोरखपुर जिला पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिमी बिहार और नेपाल की तराई तक करीब पांच करोड़ की आबादी के लिए शिक्षा का एक बड़ा केंद्र है। एजुकेशन हब के रूप में विकसित गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद नौ दशक से अधिक समय से प्रकाश स्तंभ की भूमिका में है। गोरक्षपीठ की तीन पीढ़ियों ने इस स्तंभ से प्रकाश पुंज का फैलाव निरंतर विस्तारित किया है। महाराणा प्रताप परिषद का प्राथमिक शिक्षा से लेकर निजी विश्वविद्यालय तक हो चुका विस्तार इसकी शैक्षिक सेवा यात्रा का साक्षी है। उच्च और तकनीकी शिक्षा के लिए तीन क्रियाशील विश्वविद्यालय, आयुष चिकित्सा शिक्षा पद्धति के नियमन के लिए प्रदेश का पहला आयुष विश्वविद्यालय, चिकित्सा शिक्षा के लिए एम्स और मेडिकल कॉलेज, पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग शिक्षण संस्थान, आईटीआई, नर्सिंग व पैरामेडिकल कॉलेज और प्राथमिक से लेकर महाविद्यालयों की फेहरिस्त इतनी लंबी है कि गिनने वाला थक जाए। किसी भी ज्ञान नगरी की यही तो पहचान होती है। यही पहचान आज गोरखपुर की है।

ममता बनर्जी से बड़ा कोई नेता नहीं : कीर्ति आजाद

एजेंसी। नई दिल्ली (आईएएनएस)

टीएमसी सांसद कीर्ति आजाद ने केंद्र पर पक्षपात का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि केंद्र द्वारा बंगाल को जानबूझकर बदनाम और परेशान किया जा रहा है। राज्य को पर्याप्त धन उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है और सीएम ममता बनर्जी अकेले ही यह लड़ाई लड़ रही हैं।

कीर्ति आजाद ने कहा, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से बड़ा कोई नेता नहीं है। उन्हें इंडिया ब्लॉक का नेता होना चाहिए। आने वाले समय में वह प्रधानमंत्री भी बनेंगी। कीर्ति आजाद ने कहा कि जहां पर भाजपा की सरकार नहीं है और जितने भी राज्य विपक्षी हैं खासतौर पर बंगाल के साथ अन्याय हो रहा है। बंगाल में भाजपा की दाल नहीं गलती है। इसलिए यहां पर अन्याय और अत्याचार करते हैं। आवास योजना के पैसे हमारी सरकार ने दिए हैं। बुजुर्ग पेंशन के पैसे हमारे लोग दे रहे हैं। केंद्र सरकार की ओर से बंगाल के लिए बहुत सारी योजनाएं आनी चाहिए। लेकिन नहीं आ रही हैं।

बोले टीएमसी सांसद आने वाले समय में वह प्रधानमंत्री भी बनेंगी

भारत नेत्रहीन महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी करेगा

पाकिस्तान का इससे कोई लेना-देना नहीं : सीएबीआई प्रमुख

बीसीसीआई ने आईसीसी को बताया कि केंद्र सरकार से मंजूरी नहीं मिलने के बाद भारतीय टीम पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगी

एजेंसी । नई दिल्ली

भारतीय नेत्रहीन क्रिकेट संघ (सीएबीआई) के अध्यक्ष महंतेश जी. किवादासन्नावर ने पाकिस्तानी मीडिया पर यह कहकर "अनावश्यक भ्रम" पैदा करने का आरोप लगाया कि भारत से अगले साल नवंबर में होने वाले नेत्रहीन महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी के अधिकार छीन लिए गए हैं। कई पाकिस्तानी मीडिया आउटलेट्स ने रिपोर्ट की है कि भारत के नेत्रहीन महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी के अधिकार रद्द कर दिए गए हैं, क्योंकि देश ने 'चल रहे नेत्रहीन पुरुष टी20 विश्व कप में भाग लेने के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करने' का फैसला किया है। यह चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए चल रही अराजकता के बीच आया है, जहां बीसीसीआई ने आईसीसी को बताया कि केंद्र सरकार से मंजूरी नहीं मिलने के बाद भारतीय टीम पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगी। किवादासन्नवर ने 'आईएएनएस' को फोन पर बताया, "यह गलत खबर है। हमने पिछले साल ही मेजबानी के अधिकार जीते हैं। हमने एजीएम में अभी-अभी कार्यप्रणाली पर चर्चा की है। पाकिस्तान का महिला विश्व कप से कोई लेना-देना नहीं है। अगर भारत सरकार हमें पाकिस्तान को भारत में आयोजित करने की अनुमति देती है, तो यह भारत में ही आयोजित किया जाएगा। अन्यथा, हम भारत के साथ नेपाल या श्रीलंका में इसे आयोजित करने के लिए हाइब्रिड मॉडल की संभावना तलाश रहे हैं। सोमवार को पाकिस्तान के मुल्तान में आयोजित विश्व दृष्टिहीन क्रिकेट परिषद (डब्ल्यूबीसीसी) की 26वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान इस बात पर चर्चा हुई कि "भारत नवंबर 2025 में दृष्टिहीनों के लिए पहली बार महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी करेगा, जिसमें तटस्थ स्थल या हाइब्रिड मॉडल का इस्तेमाल किया जाएगा।

किवादासन्नवर ने कहा, "पाकिस्तानी मीडिया को अपना मुंह बंद रखना चाहिए और गलत खबरें साझा करना बंद कर देना चाहिए। उन्हें भ्रम पैदा करना बंद कर देना चाहिए क्योंकि अगर ऐसा है, तो भारत विश्व कप सहित किसी भी टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान को आमंत्रित नहीं करेगा।" इससे पहले, भारत ने पाकिस्तान में खेले जा रहे पुरुष टी-20 ब्लाइंड क्रिकेट विश्व कप के चौथे संस्करण से अपना नाम वापस ले लिया था, क्योंकि वह टीम को पाकिस्तान जाने के लिए भारत सरकार से मंजूरी नहीं दिला पाया था।

नाहिद राणा के पंजे से वेस्ट इंडीज 146 पर ढेर

किंग्सटन । बांग्लादेश के तेज गेंदबाज नाहिद राणा ने कहा कि उन्होंने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों को कोई मौका नहीं देने पर ध्यान केंद्रित किया, जिससे मेजबान टीम को मंगलवार को 146 रन पर आउट कर दिया गया। अपना छठा टेस्ट खेल रहे नाहिद ने 18 ओवर में 5-61 के आंकड़े के साथ वापसी की और बांग्लादेश को मैच में बढ़त दिलाई। हालांकि, उनकी पहली पारी 164 रन पर सिमट गई थी। बांग्लादेश ने जकर अली (नाबाद 29) और तैजुल इस्लाम (नाबाद 9) की बदौलत स्टंप्स तक 193/5 रन बनाकर 211 रन की बढ़त हासिल कर ली। इससे पहले बांग्लादेश के कप्तान मेहदी हसन मिराज और शादमान इस्लाम ने क्रमशः 42 और 46 रनों की पारी खेली। सीरीज में 1-0 से पीछे चल रही बांग्लादेश की टीम ने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच पर कब्जा कर लिया।

भारतीय टीम महिला ओमान हुई रवाना

बेंगलुरु। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम मंगलवार सुबह केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से प्रतिष्ठित महिला जूनियर एशिया कप 2024 के लिए रवाना हुई। जूनियर एशिया कप, जो एफआईएच जूनियर विश्व कप के लिए एक क्वालिफाइंग इवेंट है, 7 से 15 दिसंबर तक मस्कट, ओमान में आयोजित किया जाना है। भारतीय टीम पूल ए में चीन, मलेशिया, थाईलैंड और बांग्लादेश से भिड़ेगी, जबकि पूल बी में दक्षिण कोरिया, जापान, चीनी ताइपे, हांगकांग और श्रीलंका शामिल होंगे। गत चैंपियन के रूप में भारत के अभियान की अगुवाई कप्तान ज्योति सिंह और उप कप्तान साक्षी राणा करेंगी। टीम में वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुनीता, मुमताज खान, दीपिका और ब्यूटी डुंगडुंग जैसी खिलाड़ी भी शामिल हैं, जिन्हें सीनियर टीम के साथ खेलने का अनुभव है।

2 ओलंपिक मेडल जीतने वाली पीवी सिंधु बनेंगी दुल्हन

एजेंसी । नई दिल्ली

भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने हाल ही में सैयद मोदी इंटरनेशनल टूर्नामेंट का खिताब जीता और लंबे समय बाद ट्रॉफी के सूखे को खत्म किया। 29 साल की सिंधु अब दुल्हन बनने के लिए तैयार हैं। वह 22 दिसंबर 2024 को उदयपुर में सात फेरे लेंगी। सिंधु हैदराबाद में रहने वाले वेंकट दत्ता साई से शादी करेंगी, जो पोसाइडेक्स टेक्नोलॉजीस में कार्यकारी निदेशक हैं। उनकी शादी के लिए पिता पीवी रमना ने अहम जानकारी शेयर की है।

20 दिसंबर से शुरू होंगे शादी के कार्यक्रम

पीवी सिंधु के पिता पीवी रमना ने पीटीआई को बताया कि दोनों परिवार एक-दूसरे को जानते थे लेकिन एक महीने पहले ही सब कुछ तय हुआ। यह एकमात्र संभावित समय था क्योंकि जनवरी से उसका (सिंधु का) कार्यक्रम काफी व्यस्त रहने वाला है। यही कारण है कि दोनों परिवारों ने 22 दिसंबर को शादी समारोह आयोजित करने का फैसला किया। रिसेप्शन 24 दिसंबर को हैदराबाद में होगा। वह जल्द ही अपनी ट्रेनिंग शुरू कर देंगी क्योंकि अगला सेशन काफी महत्वपूर्ण होने वाला है। शादी से जुड़े कार्यक्रम 20 दिसंबर से शुरू होंगे।

विश्व चैंपियनशिप में जीत चुकी हैं 5 मेडल

पीवी सिंधु को भारत की सबसे दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ियों में से एक माना जाता है, जिन्होंने 2019 में स्वर्ण सहित विश्व चैंपियनशिप में पांच पदक जीते हैं। इसके अलावा उन्होंने ओलंपिक खेलों में रजत और कांस्य पदक भी जीता है। इस चैंपियन बैडमिंटन खिलाड़ी ने रियो 2016 और टोक्यो 2020 में लगातार ओलंपिक पदक जीते। वह ओलंपिंक में दो मेडल जीतने वाली कुल चौथी भारतीय प्लेयर हैं। उनके अलावा मनु भाकर, सुशील कुमार और नीरज चोपड़ा ओलंपिक में दो मेडल जीत चुके हैं। सिंधु ने साल 2017 में करियर की सर्वश्रेष्ठ विश्व रैंकिंग नंबर दो हासिल की।

14वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024

झारखंड ने महाराष्ट्र को 12-0 गोल से किया पराजित

नवीन मेल संवाददाता

रांची। 26 नवंबर से 06 दिसंबर तक सिकंदराबाद में आयोजित 14वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 में मंगलवार को महाराष्ट्र और झारखंड के बीच क्वार्टरफाइनल मैच का मुकाबला हुआ। इसमें झारखंड ने 12-00 गोल से इस मैच में शानदार जीत हासिल कर सेमीफाइनल मैच के लिए अपनी जगह बनाई। इस मैच में गोल करने वाले खिलाड़ियों में लेवनी हेमरोम (5 गोल, 1ले 16वें, 36वें, 49वें, एवं 57वें मिनट में), श्रुति कुमारी (2 गोल, 32वें एवं 39वें मिनट में), ठेकला होरो (2 गोल, 42वें एवं 53वें मिनट में) रीना कुल्लू (1 गोल, 48वें मिनट में), सुगन सांगा (1 गोल, 50वें मिनट में) एवं पुष्पा मांझी (1 गोल, 58वें मिनट में) शामिल रहे। इस मैच में झारखंड की लेवनी हेमरोम को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला।

उर्विल 40 से कम गेंदों में दो टी20 शतक बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने

इंदौर । गुजरात के सलामी बल्लेबाज उर्विल पटेल ने मंगलवार को एमराल्ड हाई स्कूल ग्राउंड पर उत्तराखंड के खिलाफ सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में महज छह दिनों में अपना दूसरा टी20 शतक जड़ा। पटेल ने 36 गेंदों में शतक जड़ा और गुजरात को महज 13.1 ओवर में आठ विकेट से जीत दिलाई। पटेल के शतक ने उन्हें टी20 क्रिकेट के इतिहास में 40 गेंदों से कम समय में दो शतक बनाने वाला पहला बल्लेबाज बना दिया। यह उपलब्धि पिछले हफ्ते त्रिपुरा के खिलाफ इसी मैदान पर बनाए गए रिकॉर्ड 28 गेंदों में शतक के बाद आई है। 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पटेल ने धमाकेदार प्रदर्शन किया और महज 41 गेंदों पर 115 रन बनाकर नाबाद रहे। उनकी पारी में आठ चौके और 11 गगनचुम्बी छक्के शामिल थे, जो किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त करने की उनकी क्षमता को दर्शाता है।

टॉड ग्रीनबर्ग को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया का नया सीईओ नियुक्त किया गया

एजेंसी । मेलबर्न

टॉड ग्रीनबर्ग को ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट का नया सीईओ नियुक्त किया गया। वह निक हॉकले की जगह लेंगे, जिन्होंने अगस्त में यह ऐलान किया था कि वह मार्च के अंत में अपना पद छोड़ देंगे। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट ने इस संबंध में जारी अपनी प्रेस विज्ञप्ति में कहा, "ग्रीन बर्ग को उनके पुराने अनुभवों को देखते हुए इस पद के लिए चुना गया है। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के सीईओ नियुक्त किए जाने से पहले वह नेशनल रग्बी लीग और कैंटरबरी-बैंकस्टाउन बुलडॉग्स के सीईओ, स्टेडियम ऑस्ट्रेलिया के महाप्रबंधक भी रह चुके हैं। वह विधिवत रूप से मार्च महीने से अपने पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। वह मार्च 1892 में ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट काउंसिल के रूप में पहली बार स्थापित होने के बाद से ऑस्ट्रेलिया में क्रिकेट गवर्निंग बॉडी के सचिव या मुख्य कार्यकारी बनने वाले 15वें व्यक्ति बन जाएंगे। ग्रीन बर्ग के पास क्रिकेट के क्षेत्र में लंबा अनुभव है। वह एनएसडब्ल्यू प्रीमियर क्रिकेट में रैंडविक के लिए फर्स्ट ग्रेड खेल चुके हैं। उन्होंने शीर्ष क्रम के बल्लेबाज के रूप में 1987 और 1997 के बीच सिडनी में रैंडविक सीसी के लिए 10 सीजन खेले थे। ग्रीनबर्ग कैंटरबरी बुलडॉग्स के सीईओ बनने से पहले क्रिकेट एनएसडब्ल्यू के साथ भी काम कर चुके हैं। वह 2016 में एनआरएल (नेशनल रग्बी लीग) के सीईओ भी बने थे।

व्यापार/लाइफ व साइंस

इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर पर देश के रणनीतिक फोकस ने प्रभावशाली परिणाम दिए

भारत दुनिया के शीर्ष 10 उच्च मूल्य वाले उत्पादों के निर्यातकों में शामिल

एजेंसी । नई दिल्ली

वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनने की यात्रा में भारत ने कई प्रमुख उत्पाद श्रेणियों के निर्यात में तीव्र वृद्धि दर्ज की है। देश ने वर्ष 2023 में एक अरब डॉलर से ज्यादा के निर्यात मूल्य के साथ शीर्ष दस वैश्विक आपूर्तिकर्ताओं में अपनी रैंक को बनाए रखने के साथ-साथ इसमें सुधार किया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक कीमती पत्थरों के वैश्विक बाजार पर अपना दबदबा बनाने से लेकर सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रिकल कंपोनेंट जैसे उन्नत क्षेत्रों में पैठ बनाने तक भारत का निर्यात प्रदर्शन देश की बढ़ती आर्थिक ताकत को दर्शाता है। मंत्रालय ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर पर देश के रणनीतिक फोकस ने प्रभावशाली परिणाम दिए हैं।

आंकड़ों से पता चलता है कि वर्ष 2014 में निर्यात 0.23 अरब डॉलर से बढ़कर वर्ष 2023 में 1.91 अरब डॉलर हो गया है, जिससे वैश्विक बाजार में 1.40 फीसदी की हिस्सेदारी हासिल हुई। इससे देश को 9वां स्थान हासिल हुआ, जो वर्ष 2014 में 20वें स्थान से महत्वपूर्ण उछाल है। यह प्रगति वैश्विक सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला में भारत की बढ़ती भूमिका को उजागर करती है, जिससे घरेलू विनिर्माण और नवाचार को बढ़ाने के प्रयासों से समर्थन मिलता है।

मंत्रालय के मुताबिक कीमती और अर्ध-कीमती पत्थरों के निर्यात में भारत ने खुद को विश्व नेता के रूप में स्थापित किया है, जिसकी वैश्विक हिस्सेदारी वर्ष 2014 में 2.64 अरब से बढ़कर वर्ष 2023 में 36.53 फीसदी हो गई। इसके साथ ही, 1.52 अरब डॉलर के मूल्य के निर्यात ने भारत की सदियों पुरानी शिल्पकला और रत्न प्रसंस्करण में आधुनिक तकनीक को अपनाने को उजागर किया है।

आंकड़ों के अनुसार इलेक्ट्रिक मोटर और जनरेटर के पुर्जों के निर्यात में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज गई है, जो वर्ष 2023 में 1.15 अरब डॉलर तक पहुंच गई है, जिसकी वैश्विक हिस्सेदारी 4.86 फीसदी है। इससे भारत वर्ष 2014 के 21वें स्थान से छठे स्थान पर पहुंच गया है। ये वृद्धि अक्षय ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहन घटकों की बढ़ती वैश्विक मांग के अनुरूप है, जो भारत को इस परिवर्तनकारी उद्योग में एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता के रूप में स्थापित करती है। मंत्रालय के मुताबिक पेट्रोलियम क्षेत्र (पेट्रोलियम तेल और बिटुमिनस खनिजों से प्राप्त तेल) में नाटकीय वृद्धि देखी गई है, जिसमें निर्यात मूल्य 2014 में 60.84 अरब डॉलर से बढ़कर 2023 में 84.96 अरब डॉलर हो गया है, जिससे वैश्विक बाजार में इसकी हिस्सेदारी 12.59 फीसदी हो गई है। इस महत्वपूर्ण छलांग ने भारत को उन्नत रिफाइनिंग इंफ्रास्ट्रक्चर द्वारा संचालित दूसरे सबसे बड़े वैश्विक निर्यातक के स्थान पर पहुंचा दिया है। आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2023 तक देश का निर्यात 4.32 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जो वर्ष 2014 में 5.89 फीसदी से बढ़कर 10.85 फीसदी की वैश्विक बाजार हिस्सेदारी को दर्शाता है। अनुसंधान और विकास में निवेश अंतरराष्ट्रीय कृषि मानकों के अनुपालन के साथ भारत को वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा निर्यातक बना दिया है। यह वृद्धि टिकाऊ कृषि को समर्थन देने में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करती है।



2023 में निर्यात 1.91 अरब डॉलर हुआ...

1.40 फीसदी हिस्सेदारी हुई वैश्विक बाजार में

2023 में एक अरब डॉलर से ज्यादा के निर्यात मूल्य के साथ शीर्ष दस वैश्विक आपूर्तिकर्ताओं में अपनी रैंक को बनाए रखने के साथ-साथ इसमें सुधार किया है

भारत ने रबर न्यूमेटिक टायर निर्यात में उल्लेखनीय प्रगति की

भारत के चीनी निर्यात में भी असाधारण वृद्धि देखी गई है। गन्ना या चुकंदर चीनी के वैश्विक बाजार में देश की हिस्सेदारी वर्ष 2014 में 4.31 फीसदी से बढ़कर वर्ष 2023 में 12.21 फीसदी हो गई है। निर्यात मूल्य 2023 में 3.72 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जिससे भारत की दूसरे सबसे बड़े चीनी निर्यातक के रूप में स्थिति मजबूत हुई। इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र ने उल्लेखनीय प्रगति दिखाई है, जो विद्युत ट्रांसफार्मर और संबंधित घटकों के निर्यात में परिलक्षित होती है, जो वर्ष 2014 में 1.08 अरब डॉलर से बढ़कर वर्ष 2023 में 2.85 अरब डॉलर हो गया। भारत की वैश्विक बाजार हिस्सेदारी वर्ष 2023 में बढ़कर 2.11 फीसदी हो गई, यह वर्ष 2014 में 17वें स्थान से बढ़कर 10वें स्थान पर है। भारत ने रबर न्यूमेटिक टायर निर्यात में उल्लेखनीय प्रगति की है, जो 2023 में 2.66 अरब डॉलर तक पहुंच गया। इसकी वैश्विक बाजार हिस्सेदारी बढ़कर 3.31 फीसदी हो गई, जिससे यह 8वें स्थान पर पहुंच गया, जो वर्ष 2014 में 14वें स्थान से उल्लेखनीय छलांग है।

भारत में ऊर्जा खपत नवंबर में 5 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली। भारत में ऊर्जा खपत नवंबर 2024 में 5.14 प्रतिशत बढ़कर 125.44 अरब यूनिट्स (बीयू) रही। पिछले साल समान अवधि में यह आंकड़ा 119.30 बीयू था। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। बिजली की मांग में वृद्धि अर्थव्यवस्था में होने वाली वाणिज्यिक और औद्योगिक गतिविधि के उच्च स्तर को दर्शाती है। आईसीआरए की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि शुरुआती महीनों में वृद्धि में नरमी देखी गई थी, लेकिन पूरे साल की मांग में वृद्धि दर 5.5 से 6 प्रतिशत के बीच रहने की उम्मीद है। मांग में गिरावट की वजह उच्च आधार और मानसून बारिश का प्रतिकूल प्रभाव को माना जा रहा है। दिन में होने वाली उच्चतम आपूर्ति नवंबर 2024 में 207.42 गीगावाट रही है, जो पिछले साल समान अवधि में 204.56 गीगावाट थी। नवंबर में बिजली संयंत्रों में कोयले के स्टॉक में सुधार हुआ। रिपोर्ट के अनुसार, बिजली संयंत्रों में कोयले के स्टॉक का स्तर 26 नवंबर तक 13 दिनों तक पहुंच गया।

मॉर्गन स्टेनली ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान घटाकर 6.3 फीसदी किया

नई दिल्ली। बहुराष्ट्रीय निवेश बैंक और वित्तीय सेवा कंपनी मॉर्गन स्टेनली ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर के अपने पूवार्नुमान को 6.7 फीसदी से घटाकर 6.3 फीसदी कर दिया है। मॉर्गन स्टेनली ने मंगलवार को चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अपने अनुमान को फिर से घटाकर 6.3 फीसदी कर दिया है, जो इसके पहले के 6.7 फीसदी के अनुमान से कम है। बहुराष्ट्रीय वित्तीय सेवा कंपनी ने जुलाई-सितंबर तिमाही में भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट सात तिमाहियों के निचले स्तर 5.4 फीसदी पर पहुंचने के कुछ दिनों बाद यह कदम उठाया है।

यूएस मामले के बाद भी अदाणी समूह की वित्तीय स्थिति बेहद मजबूत : बर्नस्टीन

नई दिल्ली। अमेरिकी फाइनेंसियल रिसर्च फर्म बर्नस्टीन ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि मौजूदा समय में अदाणी समूह की कंपनियों की वित्तीय स्थिति 2023 में हुए हिंडनबर्ग हमले के मुकाबले काफी मजबूत है। रिपोर्ट में कहा गया कि यूएस मामले के बाद भी अदाणी समूह की जड़े चार प्रमुख बिंदुओं जैसे शेयर-गिरवी, लीवरेज, लोन भुगतान और मूल्यांकन में मजबूत बनी हुई हैं। हिंडनबर्ग संकट के दौरान प्रमुख चिंताओं में से एक शेयर-गिरवी थी, लेकिन समूह ने पिछले 1.5 वर्षों में इसे कम करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां समूह ने पर्याप्त एक्शन लिया है। अगर हम समूह के गिरवी शेयरों को देखें, तो सभी कंपनियों में काफी गिरावट आई है। उदाहरण के लिए अदाणी पावर के पहले 25 प्रतिशत शेयर गिरवी थे, जो अब कम होकर एक प्रतिशत रह गए हैं।

सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त के साथ बंद

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार आज लगातार तीसरे कारोबारी दिन मजबूती के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत भी बढ़त के साथ हुई थी। हालांकि, शुरुआती कारोबार में बिकवाली का दबाव बनने की वजह से शेयर बाजार की चाल में गिरावट भी आई लेकिन पहले 15 मिनट के कारोबार के बाद ही तेजड़ियों ने बाजार में अपना जोर बना दिया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.74 प्रतिशत और निफ्टी 0.75 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 597.67 अंक की मजबूती के साथ 80,845.75 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एनएसई के निफ्टी 181.10 अंक की तेजी के साथ 24,457.15 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

विधिक अधिकारों के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। जिला व सत्र न्यायधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देश व जिला विधिक सेवा प्राधिकार अर्पित श्रीवास्तव के नेतृत्व में इन दिनों वृहद विधिक जागरूकता कार्यक्रम पूरे जिले के ग्रामीण इलाकों में चलाया जा रहा है। इसके तहत मंगलवार को विश्रामपुर नगर परिषद के मायापुर गांव में पीएसएलवी अखिलेश चौबे द्वारा विधिक जागरूकता शिविर लगाया गया। जिसमें अखिलेश चौबे ने ग्रामीणों को विधिक अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकार आम लोगों को हर तरह की विधिक सेवा भी मुफ्त उपलब्ध करता है। न्याय सबके लिए है। इसकी समुचित जानकारी भी सभी लोगों को होनी चाहिए। इसके लिए डीएलएसआर द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति को निःशुल्क विधिक सेवा प्रदान की जाती है। मौके पर विनोद कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

कबरा का युवक सासाराम में महिला से चार लाख रुपये ठगी की, फरार

पीड़ित महिला ने सासाराम एसपी व हैदरनगर थाना में शिकायत दर्ज करायी

नवीन मेल संवाददाता

हैदरनगर। थाना क्षेत्र के कबरा गांव निवासी एक युवक ने जमीन दिलाने के नाम पर बिहार के सासाराम जिला के एक महिला से चार लाख रुपए ठगी कर फरार होने का का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में महिला ने सासाराम जिला के एसपी को आवेदन देने के साथ हैदरनगर थाना में भी आवेदन देकर पैसा वापस कराने के साथ न्याय दिलाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार बिहार के सासाराम थाना के शिवसागर निवासी बेबी देवी किराये के मकान में रह रही थी। इस दौरान बहन प्रिया तिवारी के घर रह रहे हैदरनगर थाना के कबरा गांव निवासी रविशंकर तिवारी ने सासाराम के फैजलगंज

में जमीन दिलाने का भरोसा बतौर दलाली कर नौ लाख रुपये में सौदा कराया। इस जमीन का सौदा इसी वर्ष 19 अक्टूबर को किया गया। इसके एवज में बतौर अग्रिम चार लाख रुपया कर्ज लेकर रविशंकर तिवारी को दे दिया। विनोद चौधरी के किये गये सौदे के विरुद्ध शेष राशि पांच लाख रुपये जमीन की रजिस्ट्री के समय देने की बात कही गई थी। बेबी से पैसा लेने के बाद रविशंकर तिवारी एक कार से भाग निकला। भागते समय कई लोगों ने शोर मचाकर रोकने का प्रयास किया। पर इसके बाद उसके मोबाइल आदि से संपर्क करने पर कोई पता नहीं लगने पर बेबी देवी ने पुलिस अधीक्षक सासाराम को आवेदन देने के बाद प्राथमिकी दर्ज कराई है। पैसे वापसी की बेचैनी में भुक्तभोगी परिवार मंगलवार को हैदरनगर थाना पहुंची है। वहां बताया गया कि सासाराम की पुलिस के आने पर आरोपी की गिरफ्तारी की जायेगी। इस घटना के बाद लगातार मोबाइल से कॉल किये जाने पर कॉल रविशंकर तिवारी रिसीव नहीं किया है। फिलहाल उक्त ठगी के शिकार महिला पैसे और न्याय पाने के लिये दर-दर की ठोकरें खा रही है।

ठंड को देखते हुए आंगनबाड़ी बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण

नवीन मेल संवाददाता

मोहम्मदगंज। गोड़ाडीह पंचायत अंर्तगत कररिया स्थित आंगनबाड़ी सह उपस्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को बच्चों में एक-एक जोड़े स्वेटर का वितरण किया गया। इसके लिए आयोजित कार्यक्रम में बच्चों के बीच उपमुखिया नीलेश कुमार सिंह ने स्वेटर बांटने की औपचारिकता पूरी की। इसके साथ ही उन्होंने सभी बच्चों को यथाशीघ्र स्वेटर उपलब्ध कराने की हिदायत सेविका दुर्गावती देवी और सहायिका दुलारी देवी को दी। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन नियमित करने और जाड़े में बच्चों की देखरेख के प्रति सतर्कता बरतने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस मामले में कोताही और लापरवाही बरतने को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसा करने पर इसकी शिकायत संबंधित अधिकारियों से करने की भी बात उन्होंने कही।

नगर निगम ने गंदगी फैलाने की शिकायत पर दुकानदारों पर लगाया जुर्माना

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। नगर निगम ने गंदगी फैलाने की शिकायतों के आधार पर शहर के सद्दीक मंजिल चौक स्थित भारत बिरयानी और हिंद बिरयानी नामक दुकानों पर 5-5 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। जांच के दौरान यह पाया गया कि इन दोनों दुकानों के बाहर काफी गंदगी फैलाई जा रही थी, जिसके बाद उनके संचालकों पर जुमार्ना लगाया गया। इस कार्रवाई में सिटी मैनेजर अनुराग कुमार और शाहिद हसन मुख्य रूप से उपस्थित रहे।इसके अतिरिक्त, वार्ड संख्या 29 के मदन मोहन रोड पर सड़क पर जमा किए गए बालू और छरी को भी जब्त कर लिया गया। नगर निगम ने जप्त किए गए इन मटेरियल को ट्रैक्टर से उठाकर अपने साथ ले लिया। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो सका कि यह बालू और छरी किसके द्वारा डंप की गई थी।इस बारे में सिटी मैनेजर शाहिद हसन ने बताया कि नगर निगम का उद्देश्य शहर को साफ और स्वच्छ रखना है। उन्होंने सभी निगमवासियों से अपील की कि वे अपने घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों के आसपास की सफाई पर विशेष ध्यान दें और इसे स्वच्छ रखें। कुछ दिन पहले पुलिस लाइन के समीप सड़क पर डंप किए गए बालू के कारण एक दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। इसके बाद नगर निगम ने इस पर कड़ी निगरानी रखी हुई है।

वाहन मालिक ने लगाया कोयला ढुलाई पर रोक

टंडवा (चतरा)। थाना क्षेत्र के सेरनदाग स्थित फुटबॉल मैदान में विस्थापित प्रभावित हाइवा संयोजक मंडली की की बैठक मंगलवार को हुई। ट्रांसपोर्टरों द्वारा भाड़ा में कटौती से वाहन मालिकों को पड़ रहे प्रभावों पर विस्तृत समीक्षा के बाद निर्णय लिया गया कि मंगलवार से आम्रपाली परियोजना में आरसीआर मोड़ के कोयले की ढुलाई को पूर्ण रूप से बंद कराया जायेगा। बता दें कि एक माह पूर्व ही वाहन मालिकों ने 3 नवंबर को भाड़ा वृद्धि की मांग को लेकर ट्रांसपोर्टरों, सीसीएल प्रबंधन व स्थानीय प्रशासन को पत्र सौंपकर अपनी मांग व समस्याओं से अवगत कराया था। पत्र में प्रति टन कोल ढुलाई का निर्धारित भाड़ा वृद्धि की सूची दी गई थी, जिसके अनुसार आम्रपाली से बरकाकाना 800, पतरातू 830, कुजू 750, भुरकुंडा 820, बालेडीह 1020, दुग्धा 1100, मुरी 1050, गोला 870, टोरी 700, बालुमाथ 600, एनटीपीसी 190, राजधर 300, हडगडवा 150 तथा कुशमाही के लिए 640 रुपया निर्धारित किया था। बताया गया कि समुचित पहल नहीं होने से क्षुब्ध होकर वाहन मालिकों ने उक्त निर्णय लिया है।

पलामू जिले में बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए बैठक, सख्त दिशा-निर्देश जारी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले के बिजली महाप्रबंधक सुनील कुमार ने मंगलवार को विभाग के अभियंताओं और ऊर्जा मित्रों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमें बिजली विभाग में सुधार के लिए जोरदार कदम उठाने का निर्देश दिया गया। बैठक में उन्होंने कहा कि हर हाल में शहरी क्षेत्रों में हर महीने सभी मीटरों की रीडिंग की जानी चाहिए। इसके लिए एक तीन सदस्यीय समिति बनाई गई है, जो सुनिश्चित करेगी कि सभी उपभोक्ताओं की रीडिंग नियमित रूप से ली जा रही है या नहीं। सुनील कुमार ने कहा कि कोई भी उपभोक्ता का मीटर रीडिंग छूटना नहीं चाहिए और इस कार्य में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बिलिंग प्रक्रिया को समय पर शुरू करने और रिपोर्ट करने के लिए सभी कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए।इसके अलावा, महाप्रबंधक ने कहा कि यदि किसी भी जगह ट्रांसफॉर्मर खराब हो, तो उसकी तुरंत सूचना दी जानी चाहिए, ताकि उसे शीघ्र ठीक किया जा सके। उन्होंने वर्तमान में चल रही बिजली से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि टीम को निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए तेजी से कार्य करना होगा।बैठक में सुनील कुमार ने कर्मचारियों से अपील की कि वे विभाग की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए पूरी तरह से समर्पित होकर काम करें। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि सभी योजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए पूरे जोर-शोर से काम किया जाए। बैठक में अभियंता, क्षेत्रीय अधिकारियों और ऊर्जा मित्रों सहित कई अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे।

राजद ने निकाला विजय जुलूस, उड़े अबीर-गुलाल

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज पलामू । हरिहरगंज - हुसैनाबाद के नवनिर्वाचित विधायक संजय कुमार सिंह यादव की जीत पर मंगलवार को विजय जुलूस निकाला गया। दुबटिया मोड़ से शुरू हुई गाजे बाजे के साथ जुलूस का काफिला एनएच 98 के रास्ते ढाब, सेमरवार, कौवाखोह ,भगत तेंदुआ ,बेलौदर, अररूआ खुर्द, सतगावां, बंजारी सहित शहर में भ्रमण कर विधायक ने आम लोगों का आभार जताया। जुलूस के दौरान जगह-जगह विधायक का लोगों ने स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने जमकर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाए और आतिशबाजी की। मौके पर विधायक ने कहा कि उनकी जीत क्षेत्र की जनता की जीत है। झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बन चुकी है। प्राथमिकता के आधार पर क्षेत्र की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, झामुमो जिला उपाध्यक्ष अतहर हुसैन, सुशील कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह,राजद नेता रवि कुमार यादव, विनय कुमार सिंह यादव, बुधन सिंह यादव, महादेव यादव, आनंद यदुवंशी, संजय यादव, राजकुमार पासवान, सूरज यादव, छोटे लाल गुप्ता, जितेंद्र पासवान, टिंकू गुप्ता, जोगेंद्र यादव, जयपाल चौधरी, सत्येन्द्र यादव, हीरालाल यादव, जगन सिंह, मो आबिद उर्फ मुन्ना सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता तथा समर्थक शामिल थे।

जिला परिषद की टीम ने कई योजनाओं का किया निरीक्षण, अनियमितता मिली

विद्यालय में उपस्थित बच्चे 10 और रजिस्टर में 15 दर्शाया गया था

नवीन मेल संवाददाता

हेरहंज। जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, उपाध्यक्ष अनिता देवी ने प्रखंड क्षेत्र में संचालित कई योजनाओं व विद्यालय का किया निरीक्षण। निरीक्षण के क्रम में खपिया से सेरनदाग तक चल रहे सड़क निर्माण में अनियमितता बरतने का मामला सामने आया। निरीक्षण में पाया कि सड़क का किनारा व बीच में कई जगहों पर टूट गया है। अध्यक्ष ने बताया कि सड़क निर्माण व पुल निर्माण में अनियमितता बरती गई है। विभाग द्वारा सही तरीके से जांच नही करना व लापरवाही बरतना यह साफ तरीके से दिख रहा है। इसके बाद जिला परिषद टीम मध्य विद्यालय केंडु का निरीक्षण किया। टीम ने पाया कि 15 बच्चों का उपस्थिति बनाया गया है और 10 बच्चे उपस्थित थे। साथ ही मध्यान भोजन में भी गड़बड़ी देखने को

मिला। जांच के क्रम में रसोईघर में दाल के बोरी में कीड़ा लगा ढ़ेला मिला। झारखंड सरकार खाद्य आपूर्ति विभाग से मिलने वाला नमक मिला। जांच के क्रम में पाया कि मध्याह्न भोजन लकड़ी से बनाया जाता है। गैस का उपयोग नही होता है। मध्य विद्यालय खपिया में भी 2 बजे तक बच्चों का उपस्थिति पंजी में उपस्थिति नहीं बनाया गया था। जिप अध्यक्ष ने बताया कि इससे साफ जाहिर होता है कि प्रधानाध्यापक फर्जी हाजरी बनाकर मध्याह्न भोजन का पैसों का बन्दरबांट करते हैं। बच्चों से पूछने के क्रम में पता चला कि अंडा के जगह बच्चों को बिस्कुट दिया जाता है। लातेहार जिला परिषद की टीम उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बिदिर पहुंची। वहां विद्यालय चाहरदीवारी निर्माण कार्य चल रहा था। निरीक्षण के क्रम में अनियमितता देखने को मिला। निर्माण कार्य मे बांगुर सीमेंट का उपयोग, घटिया किस्म का बंगला भट्टे का ईंट,पीलर में लगभग डेढ़ फीट में रिंग बांधा जा रहा था। इसे देख जिप अध्यक्ष ने नाराजगी जताई। जिला परिषद सदस्य की टीम प्रखंड कार्यालय हेरहंज पहुंची। वहां बीडीओ अमित कुमार से मुलाकात कर सभी मामलों से अवगत कराया। जिप अध्यक्ष ने बीडीओ से सभी स्टॉफ व योजनाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही बीडीओ से कहा कि शिक्षा विभाग में लापरवाही बरती जा रही है, इसका मॉनिटरिंग वह स्वयं से करें। मौके पर लातेहार जिप सदस्य विनोद उरांव, बालूमाथ पूर्वी जिप सदस्या प्रियंका कुमारी, हेरहंज जिप सदस्या चंचला देवी,शिवनाथ रजक उपस्थित थे।

निरीक्षण में अस्पताल भवन निर्माण में अनियमितता मिली

बालूमाथ। प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड कार्यालय कैंपस के अंदर करोड़ के लागत से बन रहे अस्पताल भवन का मंगलवार को जिला परिषदों की टीम ने औचक निरीक्षण कर भवन निर्माण कार्य में अनियमिता पाया। भवन निरीक्षण में जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव प्रियंका देवी,जीरा देवी ,रमेश राम आदि शामिल रहे। जिन्होंने अस्पताल भवन के निर्माण कार्य पर लगाए जा रहे मटेरियल पर सवाल उठाते हुए कहा कि बालू, ईंट व सीमेंट की गुणवत्ता खराब है। इस तरह का बांग्ला भट्ट का ईंटा, मिट्टी युक्त बालू और अच्छा गुणवत्ता वाले सीमेंट उपयोग नहीं होने से भवन निर्माण मजबूत नहीं हो रहा है। निर्माण कार्य का जांच की मांग की। वहीं जिला परिषदों ने पास में स्थित प्रखंड सह अंचल आवास निर्माण का भी जायजा लिया।

प्राकृतिक

जाड़े में प्रवासी पक्षियों की शरणस्थली बना क्षेत्र

पर्यटक स्थल भीमचूल्हा की पक्षी विहार के रूप में पहचान बढ़ी

सैलानियों को भाता है कलरव व अठखेलियां

नवीन मेल संवाददाता

मोहम्मदगंज। जाड़े के मौसम के साथ ही देश के अन्य जलीय स्थलों के अलावा स्थानीय भीमबराज में भी प्रवासी पक्षियों का डेरा जम गया है। इस प्रकार पिकनिक और टूरिज्म टाइम पर पर्यटक स्थल भीमचूल्हा में सैलानियों को पार्क और प्राकृतिक सौंदर्य के साथ पक्षी विहार भी देखने को मिलता है। इस दौरान प्रवासी पक्षियों का कलरव और अठखेलियां कोयल नदी के कलकल निनाद के साथ खूब

उनके मन को भाता है। पुजारी सह प्रहरी गंगा तिवारी का कहना है कि भीम चूल्हा के पर्यटक स्थल के रूप में विकसित होने के बाद से भीमबराज में पहुंचे प्रवासी पक्षियों को सुरक्षित वातावरण मिलता है। बावजूद इसके किसी भी प्रकार के आहट सुनाई देने के साथ इनका ठिकाना बदल जाता है। सुरक्षा के लिहाज से खासकर रात्रि में पेड़ों पर भी शरण लेते हैं। घासों में पनपने वाले कीड़े मकोड़े इनका ग्रास बनते हैं। जाड़े के आगमन के साथ ही इन पक्षियों का डेरा जम जाता है, जो इसके कम होते ही वापस लौट जाते हैं। जानकार बताते हैं और सर्दियों में साइबेरिया की जलवायु ठंडी हो जाती है। जिससे ऐसी कठोर परिस्थितियों में इन पक्षियों का जीवित रहना मुश्किल हो जाता है।, क्योंकि वे ठंडे खून वाले जीव हैं। ऐसे में जीवित रहने के लिए उससे बेहतर जलवायु की तलाश में साइबेरिया से कम सर्दी वाले देश भारत में प्रवास करते हैं।

जपला मुख्य डाकघर में शोक सभा

हुसैनाबाद। प्रधान डाकघर डालटनगंज के पोस्टमास्टर अमृत टोपो के सड़क दुर्घटना में हुई निधन पर जपला मुख्य डाकघर में शोक सभा कर संवेदना व्यक्त किया गया। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में प्रभारी उप डाकपाल श्याम कुमार, अरविंद ओझा, पप्पू कुमार, अभिषेक प्रभाकर, सुधीर कुमार सिंह, नरेन्द्र कुमार अग्रवाल, देवेन्द्र नाथ गुप्ता, श्रवण कुमार, सौरभ कुमार, रंजीत सिंह, कैलाश मेहता, सुधीर ठाकुर, कृष्ण पंडित, रवि कुमार, भगवान राम, विमलेश कुमार, सोमनाथ सिंह सहित सभी कर्मचारी वअभिकर्ता शामिल थे।

पेज एक के शेष

नए आपराधिक कानून...

के साधन के रूप में देखा जाता था। 1857 में देश के पहले बड़े स्वतंत्रता संग्राम के परिणामस्वरूप 1860 में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) लागू की गई थी। कुछ वर्षों बाद भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू किया गया और फिर सीआरपीसी का पहला ढांचा अस्तित्व में आया। इन कानूनों का विचार और उद्देश्य भारतीयों को दंडित करना और उन्हें गुलाम बनाना था। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि स्वतंत्रता के दशकों बाद भी हमारे कानून उसी दंड संहिता और दंडात्मक मानसिकता के इर्द-गिर्द घूमते रहे। समय-समय पर कानूनों में बदलाव के बावजूद उनका चरित्र वही रहा। गुलामी की इस मानसिकता ने भारत की प्रगति को काफी हद तक प्रभावित किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश को अब औपनिवेशिक मानसिकता से बाहर आना चाहिए। नई न्याय संहिता के कार्यान्वयन के साथ, देश ने उस दिशा में एक और कदम आगे बढ़ाया है। न्याय संहिता 'जनता का, जनता द्वारा, जनता के लिए' की भावना को मजबूत कर रही है, जो लोकतंत्र का आधार है। मोदी ने कहा कि न्याय संहिता को समानता, सद्भाव और सामाजिक न्याय के विचारों से तैयार किया गया है। कानून की नजर में सभी समान होने के बावजूद व्यावहारिक वास्तविकता अलग है। गरीब लोग कानून से डरते हैं, यहां तक कि वे अदालत या पुलिस थाने में जाने से भी डरते हैं। नई न्याय संहिता समाज के मनोविज्ञान को बदलने का काम करेगी। प्रधानमंत्री ने सरकार के सभी विभागों, एजेंसी, अधिकारी और पुलिसकर्मियों से न्याय संहिता के नए प्रावधानों को जानने और उनकी भावना को समझने का आग्रह किया। मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि नई न्याय संहिता से हर विभाग की उत्पादकता बढ़ेगी और देश की प्रगति में तेजी आएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि इससे भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी, जो कानूनी बाधाओं के कारण बढ़ता है। पहले ज्यादातर विदेशी निवेशक न्याय में देरी के डर से भारत में निवेश नहीं करना चाहते थे। जब यह डर खत्म होगा, तो निवेश बढ़ेगा और इससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

सांसद मनीष जायसवाल...

पिछले एक हफ्ते में यहां आलू की कीमतों में पांच से दस रुपये तक का इजाफा हुआ है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव मनोज पंत से इस मामले में फोन पर बात की थी। इसके बाद भी आलू की आपूर्ति पर रोक जारी है। इस बीच, सोमवार को यह मामला बंगाल की विधानसभा में भी उठा था, जिस पर वहां की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दो टूक कहा था कि सरकार को अंधेरे में रखकर यहां से आलू-प्याज दूसरे राज्यों में भेजा जा रहा है। इस वजह से राज्य में इसकी कीमतें बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा था कि हमारा राज्य आलू उत्पादन के मामले में देश में दूसरे स्थान पर है। इसके बावजूद मुनाफाखोरों की वजह से हमारे ही राज्य के लोगों को आलू की ऊंची कीमत चुकानी पड़ रही है। यह नहीं होने दिया जाएगा। दूसरे राज्यों में आलू-प्याज भेजने से पहले बंगाल को प्राथमिकता देनी होगी।

गुणवत्ता व समय...

उन्होंने कहा कि यह फ्लाईओवर चूंकि रेलवे क्रॉसिंग के ऊपर से गुजर रहा है इसीलिए रेल गाड़ियों के आवागमन से संबंधित बिंदुओं का भी ध्यान रखा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस फ्लाईओवर का देश और राज्य में एक अलग पहचान होगा। यह फ्लाईओवर अपने आप में एक अनोखा फ्लाईओवर होगा।

पैकेज्ड ड्रिंक्स हाई रिस्क फूड कैटेगरी...

'हाई रिस्क' कैटेगरी के अंतर्गत आने वाले खाद्य उत्पादों का अनिवार्य जोखिम-आधारित निरीक्षण किया जाता है। फूड कैटेगरी के निमाताओं या प्रसंस्करणकताओं के लिए लाइसेंस या रजिस्ट्रेशन प्रदान करने से पहले निरीक्षण आवश्यक होगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

सीबीआई के पूर्व निदेशक विजय शंकर का निधन

नोएडा। सीबीआई (सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टीगेशन) के पूर्व निदेशक विजय शंकर का मंगलवार को नोएडा में निधन हो गया। 76वर्षीय सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी विजय शंकर लंबे समय से बीमार थे। नोएडा एक अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि वह कुछ समय से नोएडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती थे। उन्होंने बताया कि उनकी अंतिम इच्छा के अनुसार उनके पार्थिव शरीर को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को दान कर दिया जाएगा। पूर्व निदेशक शंकर उत्तर प्रदेश कैडर के 1969 बैच के आईपीएस अधिकारी थे।

आगरा के ताज महल को बम से उड़ाने की धमकी

आगरा। उत्तर प्रदेश में आगरा जिले के ताज महल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी मिलने के बाद ताज महल और उसके आसपास की सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गयी है। ताज की सुरक्षा व्यवस्था में लगे एसीपी सैयद अरीब अहमद ने मंगलवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि पर्यटन विभाग को एक ई-मेल मिला है, जिसमें ताज महल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसके बाद ताज महल की सुरक्षा और बढ़ा दी गई है।

राज कुंद्रा को पोर्नोग्राफी केस में मिला दूसरा समन

मुंबई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पोर्नोग्राफी केस में फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा को दूसरा समन जारी कर चार दिसंबर को पूछताछ के लिए बुलाया है। ईडी ने सोमवार को भी कुंद्रा को समन जारी कर पूछताछ के लिए तलब किया था। मगर वह नहीं पहुंचे। कुंद्रा ने अपने वकील के माध्यम से ईडी से कुछ दिनों की मोहलत मांगी थी। ईडी ने सोमवार रात कुंद्रा को दूसरा समन जारी कर पूछताछ के चार दिसंबर को उपस्थित रहने को कहा है। इस केस में ईडी का राज कुंद्रा के मुंबई के सांताक्रूज स्थित आवास पर छापा पड़ चुका है। ईडी ने कुंद्रा से जुड़े लोगों के करीब 15 ठिकानों पर भी छापा मारा था।

महाराष्ट्र के कार्यवाहक सीएम एकनाथ शिंदे अस्पताल में भर्ती

मुंबई। महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को मंगलवार को उनके स्वास्थ्य में कोई सुधार न होने पर ठाणे के जुपिटर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जुपिटर अस्पताल में डॉक्टरों की टीम शिंदे का मेडिकल चेकअप कर रही है। मंगलवार को अस्पताल ले जाते समय एकनाथ शिंदे ने पत्रकारों को बताया कि वे ठीक है, चिंता की कोई बात नहीं है। एकनाथ शिंदे पिछले सप्ताह तबीयत खराब होने की वजह से सातारा जिले में स्थित अपने मूल गांव दरे गांव गए थे। वहां उन्हें तेज बुखार हो गया था, जिससे उनका गांव में ही उपचार किया गया था।

प्रोबा-3 मिशन आज होगा श्रीहरिकोटा केंद्र से लांच

यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी का यह मिशन सूर्य की सबसे बाहरी परत का अध्ययन करेगा

एजेंसी । नई दिल्ली

यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के प्रोबा-3 मिशन को बुधवार को शाम लगभग चार बजे श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से लांच किया जाएगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मंगलवार की सुबह एक्स पोस्ट में इसकी घोषणा की। इसरो ने कहा कि पीएसएलवी-सी 59/प्रोबा-3 मिशन के लिए हमसे लाइव जुड़ें। एनएसआईएल के नेतृत्व में और इसरो द्वारा निष्पादित यह मिशन ईएसए के प्रोबा-3 उपग्रहों को एक अनोखी कक्षा में प्रक्षेपित करेगा, जो वैश्विक अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत के बढ़ते योगदान को दर्शाता है।

इसरो ने कहा कि पीएसएलवी-सी59/प्रोबा-3 मिशन उपग्रहों का प्रक्षेपण 04 दिसंबर 2024 को शाम 4:06 बजे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से होगा। इस मिशन में ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी)-सी59 लगभग 550 किलोग्राम वजन वाले उपग्रहों को अत्यधिक दीर्घवृत्ताकार कक्षा में ले जाएगा। प्रोबा-3 मिशन यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) द्वारा एक 'इन-ऑर्बिट डेमोस्ट्रेशन (आईओडी) मिशन' है। ईएसए ने कहा कि 'प्रोबा-3' सूर्य के परिमंडल की सबसे बाहरी और सबसे गर्म परत का अध्ययन करेगा।

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमास को दिया अल्टीमेटम, कहा

शपथ ग्रहण से पहले छोड़ दो बंधक नहीं तो चुकानी पड़ेगी भारी कीमत

▸ इजरायल-हमास युद्ध शुरू हुए एक साल से भी अधिक समय हो चुका है

एजेंसी । वाशिंगटन

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमास को चेतावनी दी है कि जनवरी में उनके शपथ ग्रहण से पहले, बंधकों को रिहा कर दिया जाए। अगर ऐसा नहीं होता है, तो मध्य पूर्व में उन लोगों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी, जो इसके लिए जिम्मेदार हैं। ट्रूथ सोशल पर लिखते हुए, और किसी भी ग्रुप का नाम लिए बिना, ट्रंप ने सोमवार को अपनी पोस्ट में कहा, 20 जनवरी, 2025 - जिस दिन मैं गर्व के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में पदभार ग्रहण करूंगा उससे पहले अगर बंधकों को रिहा नहीं किया जाता है, तो मध्य पूर्व में इन अत्याचारों को अंजाम देने वालों को बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। बता दें कि 7 अक्टूबर 2023 को फिलिस्तीनी ग्रुप हमास ने इजरायल में बड़ा हमला किया था। हमास के हमले में करीब 1200 लोग मारे गए थे, जबकि 250 से अधिक लोगों को बंधक बनाया गया था। इसके बाद इजरायल ने फिलिस्तीनी ग्रुप के कब्जे वाली गाजा पट्टी में सैन्य अभियान शुरू किया था। इजरायली हमलों ने गाजा में बड़े पैमाने पर तबाही मचाई है और हजारों फिलिस्तीनियों की मौत हुई है। इजरायल-हमास युद्ध को शुरू हुए एक साल से भी अधिक समय हो चुका है। इस दौरान एक संक्षिप्त संघर्षविराम हुआ, जिसमें लगभग 105 बंधकों को रिहा किया गया था। कुछ बंधकों को इजरायली सैनिकों ने भी बचाया। बाइडेन प्रशासन पिछले साल से इजरायल और कतर तथा मिस्र सहित अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थों के साथ संघर्ष विराम समझौते पर काम कर रहा है, जिसमें बंधकों की रिहाई भी शामिल है।

पिछले महीने मिस्र में मध्यस्थों की बैठक के बाद संघर्ष विराम समझौते के प्रयासों में रुकावट आई। इस बीच, हमास ने घोषणा की है कि इजरायली सैन्य अभियानों के कारण गाजा पट्टी में बंधक बनाए गए 33 इजरायली बंधकों की मौत हो गई है, जबकि कुछ अन्य अभी भी लापता हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हमास ने एक वीडियो भी जारी किया, जिसमें बताया गया कि बंधकों की हत्या कब और कैसे की गई। और, इसके लिए इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को जिम्मेदार ठहराया। हमास ने युद्ध को समाप्त करने और शेष बंधकों को रिहा करने के किसी भी समझौते के तहत गाजा से इजरायल की पूरी तरह वापसी की मांग की है। वहीं, नेतन्याहू का कहना है कि युद्ध तब तक जारी रहेगा, जब तक हमास का सफाया नहीं हो जाता।



हिजबुल्लाह के मोर्टार हमले के जवाब में इजरायल का लेबनान पर हमला

बेरूत। अमेरिका और फ्रांस की कोशिश से लेबनान में आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह और इजरायल के बीच लागू साठ दिन का युद्धविराम आखिरकार टूट गया। हिजबुल्लाह के इजरायल के कब्जे वाले माउंट डोव क्षेत्र में दो मोर्टार लांच करने के बाद यह नौबत आई। इजरायली सुरक्षा बलों (आईडीएफ) ने सोमवार शाम लेबनान में ताबड़तोड़ हवाई हमले कर लोगों की नींद उड़ा दी। आईडीएफ की इस कार्रवाई में कम से कम नौ लोग मारे गए। इजरायल के समाचार पत्र द टाइम्स ऑफ इजराइल की खबर में आईडीएफ के हवाले से यह जानकारी दी गई। इसमें कहा गया कि इजरायली लड़ाकू विमानों से समूचे लेबनान में हिजबुल्लाह के लड़ाकों और उसके सामरिक आयुध केंद्रों पर दर्जनों हमले किए। हिजबुल्लाह ने सोमवार को दावा किया था कि उसने मोर्टार लांच किए। इजरायल ने तत्काल इस आरोप को सिरे से खारिज कर दिया था।

अमेरिका से एमएच-60आर मल्टी-मिशन हेलीकॉप्टर इक्यूपमेंट मिलने का रास्ता साफ

{ बाइडेन प्रशासन ने बिक्री की दी मंजूरी }

एजेंसी । वाशिंगटन

आखिरकार संयुक्त राज्य अमेरिका से भारत को एमएच-60आर मल्टी-मिशन हेलीकॉप्टर इक्यूपमेंट मिलने का रास्ता साफ हो गया। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन ने इनकी ब्रिकी के लिए हां कर दी। इन उपकरणों की अनुमानित लागत 1.17 अरब अमेरीकी डॉलर है। इस अहम फैसले का पूरा विवरण डिफेंस सिक्योरिटी को-ऑपरेशन एजेंसी ने अपनी वेबसाइट पर जारी किया है। पॉलिटिकल मिलेट्री अफेयर्स, यूएस डिपार्टमेंट ऑफ स्टेट ने एजेंसी के विवरण को अपने एक्स हैंडल पर आज सुबह साझा किया। डिफेंस सिक्योरिटी को-ऑपरेशन एजेंसी ने दो दिसंबर को कांग्रेस (अमेरिकी संसद) को एक अधिसूचना में बताया कि इन उपकरणों की बिक्री की प्रस्तावित योजना, भारत की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं का उन्नयन कर वर्तमान और भविष्य के खतरों को रोकने की क्षमता में सुधार करेगी। महत्वपूर्ण यह है कि बाइडेन प्रशासन ने भारत को प्रमुख रक्षा उपकरणों की बिक्री की मंजूरी अपने चार साल के कार्यकाल के पूरा होने से कुछ सप्ताह पहले दी। पांच नवंबर को हुए राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल करने के बाद डोनाल्ड ट्रंप अगले साल 20 जनवरी को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे।

ये उपकरण मिलेंगे

1. 30 मल्टीफंक्शन इंफॉर्मेशन डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम ज्वाइंट टैक्टिकल रेडियो सिस्टम।
2. उन्नत डाटा ट्रांसफर सिस्टम, बाहरी ईंधन टैंक, फॉरवर्ड लुकिंग इंफ्रारेड सिस्टम।
3. ऑपरेटर मशीन इंटरफेस, अतिरिक्त कंटेनर आदि।
4. डिजाइन, निर्माण और परीक्षण में अमेरिकी मदद।

हिंदू संत चिन्मय को नहीं मिली जमानत

एजेंसी । ढाका

बांग्लादेश में देशद्रोह व अन्य गंभीर आरोपों में जेल की सलाखों के पीछे कैद हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को मंगलवार को जमानत नहीं मिल सकी। सनातन जागरण मंच के प्रवक्ता और इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) के नेता चिन्मय ब्रह्मचारी को 25 नवंबर को ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की जासूसी शाखा ने शाम 4:30 बजे हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से हिरासत पर लिया था। तब से वह जेल में हैं।

बांग्लादेश के समाचार पोर्टल बीडीन्यूज24डॉटकॉम के अनुसार, 38 वर्षीय चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को आज अदालत नहीं लाया गया। चटगांव मेट्रोपॉलिटन पुलिस के एडीसी

(अभियोजन) मोफिजुर रहमान ने कहा कि जमानत याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद जज ने अगली सुनवाई के लिए दो जनवरी की तारीख तय की। उन्होंने चिन्मय कृष्ण दास का प्रतिनिधित्व करने के लिए कोई वकील उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण उन्हें कोई राहत नहीं मिल सकी। इस बीच, ढाका ट्रिब्यून ने भारतीय टीवी समाचार चैनलों पर प्रतिबंध के संबंध में चौंकाने वाली खबर दी है। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, इस संबंध में बांग्लादेश हाई कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है।

बांग्लादेश में भारतीय दूत ने ढाका समन का दिया जवाब

ढाका। बांग्लादेश में भारतीय दूत ने ढाका के समन का जवाब दिया है। त्रिपुरा के अगरतला स्थित बांग्लादेश के उच्चायोग पर हमले के बाद भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने समन भेजा था। बीडीन्यूज24डॉटकॉम के अनुसार, वर्मा मंगलवार की शाम चार बजे कार्यवाहक विदेश सचिव एम. रियाज हमीदुल्ला के कार्यालय पहुंचे और जवाब दिया। इस बारे में पूछे जाने पर विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन ने कहा, उन्हें आने के लिए कहा गया था। इस वेबसाइट के अनुसार, हिंदू संघर्ष समिति ने हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी की गिरफ्तारी के विरोध में अगरतला मिशन के बाहर विरोध प्रदर्शन के दौरान वहां तोड़फोड़ कर बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज को उतार दिया था।

ईडी ने ओरिस इंफ्रास्ट्रक्चर के ठिकानों पर की छापेमारी

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 500 करोड़ रुपये से ज्यादा के रियल एस्टेट धोखाधड़ी के मामले में मेसर्स ओरिस इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के दिल्ली-एनसीआर में 14 ठिकानों पर छापेमारी की। जांच एजेंसी ने इस दौरान 31.22 करोड़ रुपये की विभिन्न सावधि जमा, बैंक गारंटी तथा लग्जरी कारों को जब्त किया। ईडी ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि गुरुग्राम ने मेसर्स ओरिस इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि. एवं उसके निदेशकों विजय गुप्ता, अमित गुप्ता आदि और मेसर्स थ्री सी शेल्टर्स प्रा. लि. तथा उसके प्रमोटर निर्मल सिंह उप्पल, विधुर भारद्वाज आदि के खिलाफ दिल्ली-एनसीआर में 14 स्थानों पर 25 नवंबर को तलाशी और जब्ती की कार्रवाई की गई।

अगरतला में बांग्लादेश सहायक उच्चायोग पर हमला मामले में सात लोग गिरफ्तार

एजेंसी । अगरतला

त्रिपुरा पुलिस ने सोमवार को अगरतला में बांग्लादेश सहायक उच्चायोग के परिसर में घुसकर हंगामा करने और पड़ोसी देश के राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही, इस मामले में 4 पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। ज्ञात हो कि सोमवार को अगरतला में बांग्लादेश सहायक उच्चायोग के सामने धरना प्रदर्शन किया गया था। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर अत्याचार के खिलाफ धरना दिया और इस्कॉन सदस्य चिन्मय दास प्रभु की रिहाई की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। इसी दौरान कुछ लोगों ने सुरक्षा व्यवस्था का उल्लंघन किया और कार्यालय परिसर में प्रवेश करते हुए हंगामा किया और बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किया। इसके बाद बांग्लादेश सहायक उच्चायोग के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। त्रिपुरा पुलिस के मुताबिक मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। तीन उपनिरीक्षकों को निलंबित कर दिया गया है, जबकि ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में एक पुलिस उपाधीक्षक (डीवाईएसपी) हिरासत में लिया है। आगे की जांच चल रही है। इस घटना का स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया गया है।

ममता के शांति रक्षक के प्रस्ताव को इस्लामिक मूवमेंट ने बताया मानवाधिकार का उल्लंघन

ढाका । इस्लामिक मूवमेंट बांग्लादेश ने ममता बनर्जी द्वारा बांग्लादेश में संयुक्त राष्ट्र के शांतिरक्षक बल भेजने के प्रस्ताव को मानवाधिकारों और वास्तविकता के विरुद्ध बताया है। संस्था के खैरुल अहसान ने इस प्रस्ताव की कड़ी निंदा करते हुए इसे भारतीय साजिश का हिस्सा करार दिया। मंगलवार को जारी एक बयान में खैरुल अहसान ने ममता बनर्जी के प्रस्ताव को मानवता और वास्तविकता से परे बताते हुए इसे निर्मम और अवैध करार दिया। उन्होंने इस प्रस्ताव को खारिज करते हुए कहा कि यह भारतीय सरकार की बांग्लादेश के खिलाफ साजिशों का हिस्सा है।

अन्नपूर्णा देवी ने दिल्ली और पश्चिम बंगाल की सरकार को कठघरे में किया खड़ा, कहा

लागू नहीं हो रही हैं महिलाओं के लिए कल्याणकारी योजनाएं

एजेंसी । नई दिल्ली

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने मंगलवार को दिल्ली और पश्चिम सरकार पर केंद्र की योजनाओं को नहीं लागू करने का आरोप लगाया। शास्त्री भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि पश्चिम बंगाल ने अभी तक राज्य में 181 महिला हेल्पलाइन को नहीं लागू किया। इसके साथ फास्ट ट्रैक विशेष अदालतों (एफटीएस) का संचालन भी नहीं किया, जबकि पश्चिम बंगाल में 49,580 बलात्कार और पोक्सो मामले सामने आए हैं। इन मामलों के बाद भी 11 विशेष अदालतों को शुरू करने की दिशा में कदम नहीं उठाए गए। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि दिल्ली सरकार भी महिलाओं के सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है। दिल्ली सरकार ने संकट में महिलाओं की सहायता के लिए निर्भया कोष के तहत स्थापित वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) के कर्मचारियों को भुगतान नहीं किया है। मंत्री ने कहा कि केंद्र ने निर्भया फंड जैसी पहलों के माध्यम से लगातार राज्यों का समर्थन किया है, लेकिन राज्य स्तर पर कार्यान्वयन में देरी होना बेहद चिंताजनक और निराशाजनक है। उन्होंने कहा कि देश में 802 वन स्टाप सेंटर हैं, जिसमें अब तक 10 लाख से

▸ बोलीं, राज्य स्तर पर कार्यान्वयन में देरी होना बेहद चिंताजनक व निराशाजनक

▸ राष्ट्र की प्रगति महिलाओं के सशक्तीकरण पर निर्भर करती है

अधिक महिलाओं की सहायता की है। उन्होंने बताया कि मौजूदा सरकार ने जेंडर बजट को बढ़ाकर तीन गुना कर दिया। जेंडर बजट साल 2013-14 में 97,000 करोड़ रुपये था, जिसे बढ़ाकर 2024-25 में 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक कर दिया गया। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह कानून संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की प्रगति महिलाओं के सशक्तीकरण पर निर्भर करती है। महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने भी मंत्रालय की उपलब्धियां गिनाईं।

उन्होंने कहा कि महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक भागीदारी में सुधार के लिए सरकार की उपलब्धियों को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि 2024 में लोकसभा के लिए चुनी गई रिकॉर्ड 74 महिलाएं शामिल हैं। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' के तहत राष्ट्रीय जन्म अनुपात 2014-15 में प्रति 1,000 लड़कों पर 918 लड़कियों से बढ़कर 2023-24 में 930 हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ से अधिक महिलाओं को आवास प्रदान किया गया है।

नेपाल और चीन के बीच नौ एमओयू पर हस्ताक्षर

बीआरआई प्रोजेक्ट पर दोनों पक्ष खामोश

एजेंसी । काठमांडू

प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की आधिकारिक चीन यात्रा के दौरान नेपाल और चीन के बीच मंगलवार को बीजिंग में कुल 09 समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। हालांकि, बीआरआई प्रोजेक्ट के कार्यान्वयन समझौते को लेकर दोनों पक्ष अभी मौन हैं। प्रधानमंत्री ओली की यात्रा का मुख्य उद्देश्य ही बीआरआई से जुड़े समझौते पर हस्ताक्षर करना है, लेकिन दोनों देशों ने अभी तक इसको लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है। नेपाल के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता कृष्णा प्रसाद ढकाल के अनुसार दोनों देशों के बीच जिस एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ है, वह टोखा-छहरे सुरंग के निर्माण का है।